हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

टी20 वर्ल्ड कप : कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूर करने के करीब

Page 10

देश

मुख्यमंत्री धामी ने किया टिहरी व रुद्रप्रयाग के आपदाग्रस्त क्षेत्रों को स्थलीय निरीक्षण

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 02 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 233 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹70,360	₹87,100

आज का इतिहास

- 2001 : भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को भारत से चीनी आयात के लिए मंजूरी दी गयी।
- 1858 : भारत सरकार ने ईस्ट इंडिया कंपनी को ब्रिटिश क्राउन पर स्थानांतरित किया।

न्यूज बाइट्स

अब भागलपुर से भी उड़ेगा विमान, 20 सीटर एयर टैक्सी की मंजूरी

भागुलपुर (नि.सं.)। सिल्क सिटी के रूप में विश्व भर में मशहूर बिहार के भागलपुर से जल्द ही 20 सीट की एयर टैक्सी उड़ान भरेगी। राज्य सरकार ने छोटे विमान परिचालन की मंजूरी दी है। छोटे विमान सिर्फ राज्य में ही उड़ान भर सकेगी। इससे भागलपुर से पटना जाना आसान होगा। बताया जाता है कि ये विमान राज्य के अंदर ही अपनी सेवा देंगे। यानी बिहार के बाकी हवाई अड्डों को जोड़ेंगे। विमान की मंजूरी मिलने के बाद इसकी बोलियां भी लगाई जा चुकी हैं। बुधवार को प्रशासनिक महकमे में दिन भर मंजूरी मिलने की चर्चा होती रही। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम से 59 लोगों की मौत

नई दिल्ली (ए.)। देश में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के 148 मामले सामने आये हैं, जिनमें 59 रोगियों की मृत्यु हो गई है और 51 में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि 19 जुलाई से एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम के दैनिक रिपोर्ट किए गये नये मामलों में गिरावट हो रही है। जून के आरंभ से ही 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में गुजरात से एईएस के मामले सामने आए हैं। बुधवार तक 148 एईएस मामले सामने आये हैं। इनमें गुजरात के 24 जिलों से 140, मध्य प्रदेश से चार , राजस्थान से तीन और महाराष्ट्र से एक मामला दर्ज किया गया है। इससे प्रभावित 59 लोगों की मृत्यु हो गई है और 51 मामलों में चांदीपुरा वायरस (सीएचपीवी) की पुष्टि हुई है। मंत्रालय के अनुसार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने स्थिति की समीक्षा की है।

आरक्षण के लिए एससी, एसटी का उप वर्गीकरण कर सकती हैं सरकारें : सुप्रीम कोर्ट

रिजर्वेशन में कोटे में कोटा मंजूर

सुप्रीम कोर्ट ने अपना 19 साल पुराना फैसला पलटा, कहा- राज्य आरक्षण में सब कैटेगरी बना सकते हैं

सुप्रीम कोर्ट ने 6:1 के बहुमत से फैसला दिया और साफ किया कि राज्यों को कोटा के भीतर कोटा देने के लिए एससी, एसटी में सब कैटेगरी बनाने का अधिकार है। अदालत के फैसले के बाद यह तय हो गया कि राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के लिए सब कैटेगरी बना सकती हैं।

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अति पिछड़ा जातियों को होगा फायदा
- कोर्ट ने कहा- आरक्षण कोटा के अंदर सब कैटेगरी देना गलत नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी SC के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को इस बारे में बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा है। तब कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह हैं, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अपने नए फैसले में राज्यों के लिए जरूरी हिदायत भी दी है। कहा है कि राज्य सरकारें मनमर्जी से फैसला नहीं कर सकतीं। इसके लिए दो शर्तें होंगी। **पहली** : अनुसूचित जाति के भीतर किसी एक जाति को 100% कोटा नहीं दे सकतीं। **दूसरी**: अनुसूचित जाति में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए। फैसला सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ का है। इसमें कहा गया कि अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है। अदालत ने फैसला उन याचिकाओं पर सुनाया है, जिनमें कहा गया था कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण का फायदा उनमें शामिल कुछ ही जातियों को मिला है। इससे कई जातियां पीछे रह गई हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोटे में कोटा होना चाहिए। इस दलील के आड़े 2004 का फैसला आ रहा था, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों को सब-कैटेगरी में नहीं बांट सकते। राज्य सरकारें अब राज्यों में अनुसूचित जातियों में शामिल अन्य जातियों को भी कोटे में कोटा दे सकेंगी। यानी अनुसूचित जातियों की जो जातियां वंचित रह गई हैं, उनके लिए कोटा बनाकर उन्हें आरक्षण दिया जा सकेगा। मसलन- 2006 में पंजाब ने अनुसूचित जातियों के लिए निर्धारित कोटे के भीतर वाल्मीकि और मजहबी सिखों को सार्वजनिक नौकरियों में 50% कोटा और पहली वरीयता दी थी। बता दें कि इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में वर्ष 2004 में दिए गए 5 जजों की पीठ के फैसले को खारिज कर दिया। उस फैसले में कहा गया था कि एससी / एसटी कैटगरी के तहत उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे एक ही समरूप वर्ग में आते हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति के उप-वर्गीकरण को हरी झंडी देते समय संविधान पीठ के 7 जजों में से चार ने इस वर्ग के तहत भी क्रीमीलेयर की वकालत की और कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच 'क्रीमी लेयर' को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। यानी इस कैटगरी में जो अमीर लोग हैं, उन्हें आरक्षण के लाभों से वंचित किया जाना चाहिए।

पीठ के दूसरे जज जस्टिस विक्रम नाथ ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि जैसे ओबीसी कैटगरी पर क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू होता है, उसी तरह एससी / एसटी कैटगरी में भी लागू होना चाहिए।

क्रीमी लेयर की हो पहचान

न्यायमूर्ति गवई ने एक अलग फैसले में कहा कि राज्यों को एससी और एसटी में क्रीमी लेयर की पहचान करनी चाहिए और उन्हें आरक्षण से बाहर करना चाहिए। असहमति जताते हुए फैसला लिखते हुए न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा कि राज्य संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत अधिसूचित अनुसूचित जाति की सूची में छेड़छाड़ नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने ई वी चिन्नैया फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर 8 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसने 2004 में फैसला दिया था कि सभी अनुसूचित जाति समुदाय, जो सदियों से बहिष्कार, भेदभाव और अपमान झेल रहे हैं, एक समरूप वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें उप-वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है।

एससी और एसटी के लोग होते हैं भेदभाव के शिकार

ईवी चिन्नैया मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ के 2004 के फैसले को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि एससी और एसटी के लोग अक्सर उनके द्वारा सामना किए जाने वाले प्रणालीगत भेदभाव के कारण आगे बढ़ने में असमर्थ होते हैं।

असली समानता का यही एक तरीका

इस बेंच में शामिल जस्टिस गवई ने अपने फैसले में कहा कि राज्य को एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें सकारात्मक कार्यवाही से इसके दायरे से बाहर करने की नीति विकसित करनी चाहिए. असली समानता हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है।

बिहार में बालू के कारोबार को माफिया के चुंगल से मुक्त करने के लिए कार्रवाई

अब घर बैठे मिलेगा बालू, ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से की जाएगी बालू की होम डिलीवरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बालू के कारोबार को माफिया के चुंगल से मुक्त करने के लिए नीतीश कुमार की सरकार ने कई कदम उठाए। अवैध रूप से कारोबार करने वाले माफिया का सहयोग करने वाले पुलिस और प्रशासन के कई छोटे और बड़े अधिकारी जेल गए। बड़े पैमाने पर छापेमारी की गयी। अब आम नागरिकों को वाजिब कीमत पर और आसानी से बालू उपलब्ध कराने के लिए नई पहल की गई है। डिप्टी सीए सह खान एवं भू तत्व मंत्री सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बताया है कि बालू मित्र पोर्टल बनाया गया है जिस पर ऑनलाइन बुकिंग करके बालू की होम डिलीवरी की सुविधा लोग ले सकते हैं। हालांकि सेवा शुरू होने में अभी 2 महीने का वक्त लगेगा।

घर बना रहे बालू की किल्लत झेल रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब बालू खरीदने के लिए उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा। गिट्टी के साथ बालू सरकार अब उनके घर तक पहुंचाएगी और कीमत भी वाजिब लगेगी क्योंकि बिचौलियागिरी का कोई स्कोप नहीं होगा। बिहार सरकार के खान एवं भू तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सरकार बालू मित्र नामक एक पोर्टल बना रही है जिसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति घर बैठे बालू खरीद पाएंगे। उन्हें पोर्टल पर ऑनलाइन बुक करना होगा। बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इच्छुक कंपनियों से निविदा आमंत्रित किए गए हैं। एजेंसी का चयन किया जाएगा उसके बाद सेवा शुरू होगी। मंत्री ने कहा कि इसमें लगभग 2 महीने का समय लगेगा।

मंत्री विजय सिंह ने कहा कि बालू मित्र पोर्टल पर बालू घाट के सभी बंदोबस्तीधारी और लाइसेंसी विक्रेताओं की जानकारी अपलोड की जाएगी जो निबंधित होंगे उन्हीं के द्वारा बालू या गिट्टी की बिक्री की जाएगी। खरीददार अपनी पसंद के विक्रेता से बालू की खरीद करेंगे। बालू मित्र पोर्टल पर ग्राहकों को बालू की मात्रा, नाम और पता दर्ज करना होगा। एंट्री करने के बाद ओटीपी के माध्यम से खरीददार का सत्यापन कराया जाएगा और ओटीपी के उपयोग से बालू बुक हो जाएगी मंत्री ने बताया कि सरकार प्रदेश की जनता को अच्छे किस्म की बालू उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है इसे सुनिश्चित करने के लिए बालों मित्र पोर्टल बनाया जा रहा है जिनका ऑपरेशन राज्य सरकार और बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा किया जाएगा।

मंत्री विजय सिंह ने कहा कि बालू के उठाव और आपूर्ति के लिए ट्रांसपोर्ट एजेंसी का भी बालू मित्र पोर्टल पर निबंध रहेगा। जिस गाड़ी से लोगों के घर तक बालू भेजा जाएगा उसकी जीपीएस से मॉनिटरिंग कराई जाएगी। इसके साथ व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से उसे गाड़ी पर नजर रखी जाएगी। इसमें धोखाधड़ी की संभावना बहुत कम है। फिर भी यह प्रावधान किया गया है कि अगर कोई आर्डर आपने बुक कर दिया है तो उसे कैंसिल भी किया जा सकता है। भुगतान की गई राशि खाता के माध्यम से आप तक वापस पहुंच जाएगी।

लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना बनी सेना में पहली चिकित्सा सेवा महानिदेशक

नयी दिल्ली (ए.)। लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने गुरूवार को सेना के चिकित्सा सेवा महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया और इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इससे पहले वह एयर मार्शल के पद पर पदोन्नत होकर महानिदेशक, अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) का पद संभालने वाली पहली महिला थी।

वज्रपात से पांच मजदूरों की मौत, तीन घायल

निज संवाददाता | बेलागंज (गया)

गया जिला के बेलागंज प्रखंड मुख्यालय के खिजरसराय मार्ग पर डीहा मोड़ के पास गुरुवार दोपहर वज्रपात होने से तबाही मच गई। जिससे 5 लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई। तीन लोग घायल हैं। इन घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।सभी मृतक पनारी गांव के रहने वाले हैं। पनारी गांव घटनास्थल से आधा किलोमीटर दूर है। जहां के लोग डीहा मोड़ के पास धान के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान बारिश आ गई। जिससे खेत में काम कर सभी 8 लोग पास की झोपड़ी में जाकर छीप गए। झोपड़ी में लकड़ी का एक खाट रखा था। जिस पर तीन लोग बैठे थे। बाकी पांच लोग जमीन पर बैठ गए। इसी दौरान गरज के साथ वज्रपात हुआ । जमीन पर बैठे पांच लोग की मौत हो गई। घाट पर बैठे तीन लोग घायल है। मृतकों में जितेंद्र मांझी 50 वर्ष व मीना देवी 48 वर्ष है। दोनों पति-पत्नी है। अन्य मृतकों में शंकर राम 55 वर्ष, बली भगत 55 वर्ष और कपिल यादव की पत्नी 50 वर्ष शामिल है। खाट पर बैठे मोतीलाल प्रजापत, राजू सिंह और अनिल महतो घायल है। जिनकी चिकित्सा बेलागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की जा रही है।

शिक्षक डेमो टेस्ट देकर सीबीटी का करें अभ्यास

पटना (नि.सं.)। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के तहत स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए 23 अगस्त को दूसरी सक्षमता परीक्षा होगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से ली जाएगी। कंप्यूटर आधारित टेस्ट से परिचित होने के लिए समिति की ओर से वेबसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर डेमो टेस्ट का लिंक जारी किया गया है। अभ्यर्थी इससे परिचित होने के लिए लिंक पर जाकर लॉगिन कर सीबीटी का अभ्यास कर सकते हैं।

20,000 सिपाहियों और 2000 सब-इंस्पेक्टरों की होगी भर्ती

- भर्तियों के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और यह नियुक्तियां इसी वर्ष की जाएंगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहे या परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अब जल्द ही एक बड़ा मौका मिलने वाला है। कार्मिक विभाग के डीआईजी ने बताया है कि बिहार में जल्द ही सिपाहियों की भर्ती होगी। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टरों की भी भर्ती होने वाली है। कार्मिक विभाग के डीआईजी रंजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि 20,000 से अधिक सिपाहियों की नियुक्ति का प्रस्ताव है। इसके अलावा लगभग 2000 संब-इंस्पेक्टरों की नियुक्ति भी होगी। डीआईजी ने बताया कि इन भर्तियों के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीआईजी ने यह भी साफ किया है कि यह नियुक्तियां इसी वर्ष की जाएंगी। आपको बता दें कि अभी एक दिन पहले ही सीएसबीसी ने बिहार पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी किए थे। अभ्यर्थी csbc.bic.nic.in पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस एडमिट कार्ड पर उम्मीदवार के नाम के अलावा उनके पिता का नाम, परीक्षा केंद्र का नाम और क्रमांक संख्या, इत्यादि अंकित किया गया है। बिना एडमिट कार्ड के अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस भर्ती परीक्षा के जरिए राज्य में 21,391 नए कॉन्स्टेबल नियुक्त किए जाएंगे। परीक्षा 7 अगस्त को होगी।

आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी की कार्रवाई जारी

पद से हटाए गए आईएएस संजीव हंस

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सीनियर आईएएस संजीव हंस को पद से हटा दिया है। वे बिना पद के रहेंगे। संजीव हंस के खिलाफ ईडी जांच कर रही है। उन पर गैंगरेप और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। उनकी जगह ऊर्जा विभाग का चार्ज आईएस संदीप पौंड्रिक को दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश में कहा गया है कि ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस को प्रशासनिक दृष्टिकोण से पद और अतिरिक्त प्रभार के दायित्व से मुक्त किया जाता है। संजीव हंस सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देंगे। हालांकि, इस आदेश में यह नहीं कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग में किस पद पर योगदान देंगे। पद के बारे में जिक्र नहीं किया गया है। संजीव हंस को ऊर्जा विभाग से हटाने के बाद उनके पास के तमाम विभागों का चार्ज आईएएस संदीप पौंड्रिक को दिया गया है। ऊर्जा विभाग के साथ-साथ बिजली कंपनियों के सीएमडी का भी प्रभार दिया गया है। संदीप पौंड्रिक 1993 बैच के अफसर हैं।

झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ समारोह संपन्न

निज संवाददाता | रांची

झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ समारोह का आयोजन हुआ। झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में गुरूवार को नए सत्र 2024-25 में ओरियेंटेशन समारोह 'प्रारंभ' 2024 का आयोजन किया गया जिसमें नए छात्रों-छात्राओं का स्वागत सहायक कुलाचिव डॉ. नागेश कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्धेश्य नए छात्रों का विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पहलुओं से परिचित कराना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं वित पदाधिकारी डॉ.आशिष गुप्ता एवं डॉ. आनंद मिश्रा ने छात्रों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. हेमेन्द्र कुमार भगत ने कुलपति के अभिभाषण को संक्षिप्त रूप में रखा। उन्होनें आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से रैगिंग मुक्त है, साथ ही एंटी रैगिंग कमिटी की स्थपना की गई है। उन्होंने अनुशासन का पालन एवं छात्रों की उपस्थिति के उपर विशेष टिप्पणी की। विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर का भी जिक्र करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी चीजे सुचारू रूप से सुव्यवस्थित हो जाएगी और विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। उन्होंने सभी अभिवावको का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए यह कहा कि अभिभावकों ने बच्चों के लिए यह विश्वविद्यालय को चुना है यह हमारे लिए गर्व की बात है।

व्यवसायिक गैस सिलेंडर आठ रुपये हुआ महंगा

निज संवाददाता | पटना

व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में आठ रुपये का इजाफा हुआ है। गैस सिलेंडर की नई कीमत 1923.50 रुपये हो गई है। अप्रैल 2024 के बाद पहली बार व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ी है। इसके पहले अप्रैल से जुलाई के बीच चार बार व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की गई थी। बीते चार महीने में व्यवसायिक गैस सिलेडर की कीमत किश्तों में साढ़े 55 रुपये कम हुई थी।

मार्च 2024 में व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत 2071 रुपये थी। अब इसकी कीमत 1915.50 रुपये हो गई है। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। अब भी 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 901 रुपये है। व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा का असर होटल, रेस्तरां संचालकों पर पड़ेगा। इससे बाहर का खाना-पीना महंगा हो सकता है।

रेल बजट पर लोकसभा में चर्चा

गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने रेलवे की योजनाओं और उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने हाल ही में लोकसभा में रेल बजट पर चर्चा के दौरान अपनी बात रखी। उन्होंने अपने विस्तृत भाषण में रेलवे की वर्तमान स्थिति, सरकार की नीतियों और योजनाओं पर गहन चर्चा की। डॉ. दुबे ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। मैं सोलहवीं बार रेल बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं वर्ष 2009 में पहली बार आया था, तब भी मैंने इस पर चर्चा की थी। मैं रेल मंत्री और अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूँ क्योंकि रेलवे आम जनता से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण विषय है। डॉ. दुबे ने रेलवे को गरीबों का सच्चा साथी बताते हुए कहा कि रेलवे गरीबों के लिए सबसे सस्ता परिवहन साधन है। आज भी लाखों गरीब लोग रेलवे का उपयोग अपने दैनिक जीवन के लिए करते हैं। हम यहां जिनसे वोट लेकर आते हैं, उनके लिए चर्चा कर रहे हैं। उनके लिए रेलवे सबसे सस्ता साधन है और उन्हें रेलवे की सुविधाएँ चाहिए। उन्होंने रेलवे को जनता के जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए इसके महत्व पर जोर दिया।

रेलवे बजट में सुधार

उन्होंने 2009 से 2014 तक की अवधि का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय रेलवे बजट में अधिकतर चर्चा यात्री किरायों की बढ़ोतरी पर होती थी। 'वर्ष 2009 से 2014 तक, हर बार रेलवे बजट पर चर्चा का मुख्य विषय यात्री किरायों में वृद्धि ही होता था, उन्होंने कहा। 'लेकिन, 2015 के बाद से, इस प्रकार की कोई चर्चा नहीं हुई है। इसका मतलब यह है कि पिछले नौ सालों में यात्री किरायों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

अपने भाषण के अंत में, डॉ. दुबे ने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों के लिए सबसे बड़ा काम किया है। उन्हें लंबे समय तक देश का नेतृत्व करना चाहिए और रेलवे के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए सुधारों को देश हमेशा याद रखेगा।

डॉ. दुबे के भाषण ने रेलवे बजट और सरकार की नीतियों पर एक विस्तृत और गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिससे देश के गरीबों और आम जनता को लाभ हुआ है। उनकी बातों ने यह भी संकेत दिया कि सरकार आने वाले समय में रेलवे के आधुनिकीकरण और सुधार के लिए कई और कदम उठाने वाली है।

अटल बिहारी वाजपेयी और ग्राम सड़क योजना

डॉ. दुबे ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का बड़ा काम किया था। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बहुत लाभ हुआ है।

अमृत भारत स्टेशन योजना

डॉ. दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा शुरू की गई 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में रेलवे का चेहरा बदल जाएगा। यह योजना रेलवे के आधुनिकीकरण और सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संक्षिप्त समाचार

लूट कांड के एक अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बोधगया। बोधगया थाना क्षेत्र में एक महिला का बैग छिनकर भागने वाले एक अपराधी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया है, साथ ही पुलिस ने पूर्व में लूट में उपयोग किए गई एक अपाची मोटरसाईकल को बरामद किया है। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 14 जुलाई 24 को वादिनी द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि जब बोधगया से ऑटो पकड़कर घर जा रहे थे, तो रास्ते में धरमशण मोड़ के पास एक बाइक सवार तीन लड़कों द्वारा ऑटो रुकवा कर बैग छिनकर भाग गया। इस कांड में शामिल रति बिगहा के रहने वाले पियूश कुमार उर्फ साका को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

परिवहन विभाग के ऑपरेटरों की लापरवाही से जिले में नहीं रहा लर्निंग लाइसेंस का कोई औचित्य

गया। गया के जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित कर्मियों की लापरवाही के कारण जिले में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह से मजाक बनकर रह गई है। स्थिति यह है कि परिवहन कार्यालय में लाइसेंस बनाने के लिए आने वाले आवेदकों को भी बैरंग वापस लौटा दिया जा रहा है। इसके कारण लोगों में काफी आक्रोश भी व्याप्त है। परिवहन कार्यालय के कर्मियों की लापरवाही और लाल फीताशाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए स्लॉट बुक कर टेस्ट देने पहुंचे अभ्यर्थियों को तय तिथि से चार-पांच दिन के बाद लर्निंग लाइसेंस मिल रहा है। डाटा पर गौर करें तो साफ दिखता है कि लर्निंग लाइसेंस के लिए स्लॉट बुकिंग किए जाने, टेस्ट देने और लाइसेंस जारी किए जाने की संख्या में काफी अंतर है। जिन दिनों में गया में लर्निंग लाइसेंस के लिए एक भी स्लॉट बुक नहीं किया गया। उन दिनों में काफी संख्या में लाइसेंस जारी किए गए हैं। तिथि जारी लर्निंग लाइसेंस टेस्ट की संख्या बुक स्लॉट जिम्मेदारी आपकी भी है सरकारी कार्यालयों में अवैध वसूली करने वाले कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ शिकायत संबंधित अधिकारी/विभाग को करनी होगी। न कि काम जल्द कराने के चक्कर में हम भी रिश्वत दें । तभी भ्रष्टाचार व अवैध उगाही पर रोक संभव है। क्या है लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर ऑनलाइन अप्लाई करना पड़ता है। यहां जरूरी कागजात और शुल्क जमा करने के बाद लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए टेस्ट स्लॉट की बुकिंग करनी होती है। स्लॉट बुक हो जाने के बाद तय समय पर डीटीओ ऑफिस जाकर ऑनलाइन टेस्ट देना होता है। टेस्ट में पास होते ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस इश्यू कर दिया जाता है।

ससुराल आए दामाद को पीटा रूम में बंद कर बनाया बंधक

मानपुर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सरैया में दामाद के साथ मारपीट का मामला सामने आया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस जख्मी स्थिति में युवक को बरामद कर इलाज के लिए सीएचसी ले गए। युवक की पहचान कैमूर जिला के रामगढ़ निवासी संजय कुमार के रूप में हुई। जख्मी युवक ने कहा कि पत्नी दो बच्चों के साथ विगत दो वर्षों से मायके रह रही है। बच्चों के प्यार ने खींच लाया। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह ससुराल पहुंचे, जहां मारपीट की गई। बताया कि ससुराल वाले पीटते रहे और लोग तमाशा देखते रहे। बताया कि पिटाई के बाद घर में बंद कर दिया था। किसी तरह भाग कर जान बचाई। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा कि जख्मी युवक द्वारा लिखित तहरीर दिया है। जांच चल रही है।

महाबिगहा में विवाहिता को सांप से डंसा, मौत

टनकुप्पा। थाना क्षेत्र के गजाधरपुर पंचायत के महाबिगहा गांव में सांप काटने से एक विवाहिता की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान महाबिगहा गांव निवासी बिंदेश्वर प्रसाद यादव की 40 वर्षीय पत्नी रुना देवी के रुप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक महिला मंगलवार की देर रात शौच क्रिया को लेकर घर से बाहर निकली थी, तभी महिला को सांप ने डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने पीड़ित महिला को टनकुप्पा पीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टरों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद मरीज को मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया, बाद में मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। दो छोटे बच्चे रंजन कुमार व सौरभ कुमार सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। महाबिगहा के वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र कुमार व मृतक के परिजन अनिल कुमार ने जानकारी दी। बताया कि घटना की सूचना बीडीओ, सीओ सहित थानाध्यक्ष को दी गई है। पदाधिकारियों से सरकारी लाभ की मांग की गई है।

स्वास्थ्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

नीमचक बथानी। खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित दो स्वास्थ्यकर्मियों के सेवानिवृत्ति होने पर बुधवार को विदाई समारोह हुआ। सेवानिवृत्त हुए फार्मासिस्ट अशोक कुमार शर्मा व परिचारिका सविता कुमारी को विदाई दी गई। पूर्व चिकित्सा प्रभारी भोला भाई ने कहा कि इन दोनों कर्मियों का व्यवहार और कार्य की प्रति इनका समर्पण भाव ही है। पूर्व के वर्षों में खिजरसराय में अपनी सेवा दे चुके डॉ. सुनील कुमार,डॉ. रामकेश्वर प्रसाद, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. श्रीकांत कुमार जैसे चिकित्सक भी अपना कीमती समय निकालकर यहां पहुंचे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी मीणा राय ने कहा कि श्री शर्मा ने खिजरसराय में वर्षों तक सेवा की और हमें भी इनसे स्थानीय स्तर पर काफी कुछ समझने का मौका मिला है।

वज्रपात से किशोर समेत दो की मौत, एक झुलसा, बारिश के दौरान छत पर स्नान कर रहा था बच्चा

नालंदा। नालंदा में बुधवार शाम बारिश हुई थी। इस दौरान वज्रपात के कारण दो लोगों की मौत हो गई। चंडी और नगरनौसा थाना क्षेत्रों में हादसा हुआ है। मरने वालों में एक किशोर भी शामिल है। इसके अलावा एक बुरी तरह से झुलस गया है। चंडी थाना क्षेत्र के प्राणचक गांव में 48 वर्षीय बृजन जमादार खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वे वज्रपात की चपेट में आ गए। दूसरी ओर नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोनियमपुर गांव में 12 वर्षीय इंद्रजीत कुमार बारिश में नहा रहा था। तभी ठनका गिर गया। पावापुरी थाना क्षेत्र के घोसरावां गांव में 30 वर्षीय गुड्डू सिंह भी वज्रपात की चपेट में आए, लेकिन सौभाग्य से उनकी जान बच गई। उन्हें तत्काल पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों की ओर से सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शवों को कब्जे में लेकर देर शाम पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार और नगरनौसा थानाध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नालंदा में तेजी से खिसक रहा भू-जलस्तर, जिले का औसत जलस्तर 44 फीट के पार, डेंजर जोन में 20 में से तीन प्रखंड

नालंदा। जून के बाद जुलाई में भी बारिश कम होने से जिले का भू-जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। मई में करीब 42 फीट तो 15 जुलाई तक नालन्दा जिले का औसत जलस्तर 44 फीट से पार हो गया है। नौबत ऐसी कि जिले के 20 में से तीन प्रखंडों के सभी गांव डेंजर जोन में हैं। परवलपुर, एकंगरसराय और बेन प्रखंड में औसत जलस्तर 50 फीट से नीचे चला गया है। घटते जलस्तर के साथ खेतों में सिंचाई के लिए लगी पुरानी बोरिंग(जिसकी गहरायी कम है) फेल हो चुकी हैं। हद तो यह कि सबमर्सेबल मोटर से भी कम पानी दे रहा है। हैंडपम्पों की स्थिति ठीक नहीं है। खराब चापाकलों को बनाने में पीएचईडी के मरम्मत दल हांफ रहे हैं। मरम्मत दलों के सामने बड़ी चुनौती यह कि एक तरफ हैंडपम्प बना रहे हैं तो दूसरी तरफ धड़ाधड़ खराब होने की शिकायतें अनगिनत हैं। चिंता यह कि इस्लामपुर, परवलपुर, इस्लामपुर और एकंगरसराय के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां के जलस्तर में बेतहाशा गिरावट हो रही है। पीएचईडी के अधिकारियों की मानें तो 15 दिनों में करीब 20 फीट तक कई गांवों में पानी पाताल की ओर चला गया है। उनका कहना है कि दो सप्ताह में अगर अच्छी बारिश नहीं होती है तो ऐसे इलाकों में जलसंकट की स्थिति भयावह हो जाएगी। जिले पर जल्द मानसून मेहरबान नहीं हुआ तो जलस्तर की स्थिति और गहरायेगी। अभी धान की रोपनी चल रही है। दिन-रात अनगिनत सबमर्सेबल मोटर किसान चला रहे हैं। ऐसे में धरती के नीचे के जल का खूब दोहन हो रहा है। किसानों की लाचारी यह कि बिन बारिश खेती के लिए वे पूरी तरह से निजी बोरिंग पर आश्रित हो गये हैं।

गांव में दवा देने गए युवक की हत्या लाश से 12 फीट दूर गिरी थी बाइक

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बुधवार रात 10 बजे से घर से निकले युवक की लाश गांव से 300 मीटर दूर रात तीन बजे मिला। लाश से 12 फीट की दूरी पर युवक की बाइक पड़ी थी। परिजन अपहरण के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक चुलिहारी गांव निवासी राजेश कुमार गिरी का 24 वर्षीय बेटा सुमन गिरी है। सुमन कुमार गिरी के पिता राजेश कुमार गिरी गांव में 10 साल से क्लीनिक चला रहे। सुमन भी अपने पिता का साथ देता है। मृतक के भाई के अनुसार रात में चार किमी महानंदपुर गांव अर्जुन यादव के घर जाने के लिए घर से निकला था। अर्जुन यादव के घर में किसी को पेट में दर्द था, सुमन दवा देने जा रहा था। जिसके बाद से वो लापता हो गया। थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने गए तो पुलिस वालों ने गाली देकर भगा दिया। जिसके बाद खोजबीन में सुमन की लाश मिली। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र के चुलिहारी गांव के पास सारे-कतरीसराय मुख्य मार्ग की है।

दो बार थाने गए फरियादी: मृतक के भाई अमन गिरि ने बताया कि मैं बिहार शरीफ में रहकर पढ़ाई करता हूं। पिता ने मुझे रात 11 बजे फोन किया। उन्होंने कहा कि सुमन घर नहीं लौटा है। उसका मोबाइल भी बंद है। मैं रात 12 बजे अस्थावां थाना पहुंचा और गुमशुदगी की रिपोर्ट दी, पर पुलिस ने लेने से इनकार कर दिया। पुलिस खोजबीन के लिए थाने से निकली तक नहीं। हम अपने स्तर से खोजबीन कर रहे थे। जब सुमन नहीं मिला तो हमलोग ग्रामीणों के साथ फिर से थाना पहुंचे। इस बार पुलिस वालों ने गाली देकर भगा दिया। अमन ने आशंका जताई है कि मेरे भाई का पहले अपहरण हुआ। जिसके बाद अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी।

चार थानों की पुलिस पहुंची: शव के मिलने के बाद ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए। शव को सड़क पर रखकर पदाधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। सड़क को जाम कर दिया था। सूचना पर अस्थावां थाना, सारे थाना, मानपुर थाना और बिन्द थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशितों को समझाने के प्रयास में जुट गई। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है।

गाली देने वाले पदाधिकारी पर होगी कार्रवाई: अस्थावां थाना अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि युवक की हत्या हुई है। पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। आक्रोशित परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फरियादी के साथ गाली-गलौज के मामले में जो भी पदाधिकारी दोषी होंगे जांच के बाद कार्रवाई होगी। फिलहाल डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है।

◆ परिजन थाने पहुंचे तो पुलिस वालों ने गाली देकर भगाया

सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के क्रम में बुधवार की रात पटना के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के बड़ी घरयारी गांव निवासी गजाधर महतो के (40) वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न महतो के रूप में की गई है। घटना मंगलवार की रात हुई थी। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि शत्रुघ्न महतो अखंड कीर्तन में शामिल होने के लिए बिन्द थाना क्षेत्र के जहाना गांव अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी बीच ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार हाईवा ने बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग के रामपुर मोड़ के समीप बाइक में टक्कर मार दी। जिसके कारण शत्रुघ्न महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया: स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाज के लिए बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पहले बिहार शरीफ सदर अस्पताल, इसके बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पटना में इलाज के क्रम में मौत हो गई। परिजन गुरुवार की सुबह शव को लेकर बिन्द थाना पहुंचे, जहां से पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। बिन्द थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि हाईवा को जब्त कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

बीते साल मांगी थी ईंट-भट्ठा मालिकों से लेवी, नक्सली गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया में ईंट भट्ठा मालिक से लेवी की मांग करने वाले नक्सली को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बीते साल दिसंबर में चाकंद थाना में केस दर्ज किया गया था। वह तब से लगातार फरार चल रहा था। पकड़े गए नक्सली सुरेंद्र यादव उर्फ कइल यादव के खिलाफ चाकन्द थाना में पूर्व से 5 केस दर्ज हैं। सभी दर्ज केस नक्सली वारदात से संबंधित है। डीएसपी विधि व्यवस्था खुर्शीद आलम ने बताया कि विगत वर्ष 26 दिसम्बर को चाकंद थाना क्षेत्र में संचालित एक ईंट भट्ठा पर कुछ कथित नक्सलियों द्वारा भट्ठा पर रहे मजदूरों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। यही नहीं नक्सलियों ने मजदूरों के पास से आधा दर्जन से अधिक मोबाइल फोन और पैसा भी छीन लिया था। साथ ही में भट्ठा मालिक से लेवी की मांग की गई थी।

सम्बन्धित मामले में चाकन्द थाना में कांड संख्या 416/23 दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। डीएसपी विधि व्यवस्था ने बताया कि उक्त कांड में कुल दस लोगों को नामजद किया गया था। उस समय पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से एक प्राथमिकी अभियुक्त को जिले के कोंच थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं, पुलिस ने इस मामले में अपने अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को थाना क्षेत्र के बहादुर बिगहा से सुरेंद्र यादव उर्फ कईल यादव को गिरफ्तार किया गया।

गया में प्रिंस हत्याकांड के खिलाफ निकला कैंडल मार्च, आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार करने की मांग

निज संवाददाता। गया

नवोदय विद्यालय जेठियन के छात्र प्रिंस की हत्या मामले में घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस बात से गुस्साए वजीरगंज क्षेत्र के लोगों ने बुधवार की शाम वजीरगंज की सड़कों पर उतरे और कैंडिल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में लोग इस मार्च में शामिल हुए। कैंडिल मार्च में शामिल क्षेत्रीय लोग स्कूल के प्राचार्य की मिलीभगत से ही प्रिंस की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध तेजी से कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे।

हेयर कट कराने निकला था छात्र: प्रिंस वजीरगंज के बभंडी निवासी दिनेश मिस्त्री का पुत्र था। वह जवाहर नवोदय विद्यालय में 11वीं कक्षा में पढ़ता था। स्कूल प्रिंसिपल के मुताबिक प्रिंस गुरुवार की शाम हेयर कट कराने के लिए स्कूल से बाहर गया था। इसके बाद से वह लापता हो गया था। घरवालों ने उसकी तलाश में इधर उधर छानबीन की पर पता नहीं चला। शुक्रवार को स्कूल प्रिंसिपल से मिल कर लापता बच्चे के बाबत जानकारी मांगी तो स्कूल प्रिंसिपल भड़क गए थे। उस दौरान प्रिंसिपल ने यह तक कह दिया था कि लापता बच्चा जिस ड्रेस में लापता हुआ उस ड्रेस के अलावा दूसरे ड्रेस में जिंदा या मुर्दा मिलता है तो बताइएगा। उसके इस बयान को उस दिन तक लोगों ने हल्के में लिया था लेकिन शनिवार की सुबह जब प्रिंस का शव तेतर डैम से बरामद हुआ तो लोगों के होश उड़ गए। प्रिंसिपल ने जैसा कहा था वैसा ही हुआ। इस मामले में प्रिंस के पिता दिनेश मिस्त्री ने अतरी थाने में प्रिंसिपल के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करा रखा है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नही हुई है। न ही प्रिंसिपल की गिरफ्तारी हुई है और न ही प्रिंस की मौत के कारण का ही खुलासा हुआ है।

◆ पुलिस के सुस्त रवैये के खिलाफ नाराजगी

एक ही स्कूल के आधा दर्जन बच्चे पड़े बीमार, गया में स्टूडेंट्स के बैग से निकला आपत्तिजनक सामान

निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र एक स्कूल के छह बच्चे अचानक बीमार हो गए। सभी को जय प्रकाश नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी की छुट्टी कर दी गई। बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा का कहना है कि बच्चे क्यों और कैसे बीमार हुए यह क्लियर नहीं हुआ है। बच्चे लगातार बहाना बना रहे हैं। बच्चे कह रहे कि स्कूल जाने के समय बैग गिर गया था। उसी समय किसी ने बैग में आपत्तिजनक सामान डाल दिया जो बैलून के जैसा था। लंच के बाद जब बच्चों ने एक-एक कर उसे फुलाया तो उन्हें चक्कर-उल्टी आने लगी। वहीं जब बच्चों से पूछा गया तो बताया कि खिड़की से फेंक दिए हैं। शाम में उनके पेरेंट्स को बुलाया गया है, लेकिन वो अब तक नहीं आए हैं। बच्चों को स्कूल पहुंचाने वाले ऑटो चालक से पूछा गया तो उसने बताया कि किसी का कोई बैग रास्ते में नहीं गिरा था।

बीमार पड़ने वाले सभी बच्चे स्वस्थ्य: गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के ढोलकिया गली में संत कबीर एकेडमी है। इसी स्कूल के 6 वीं क्लास में पढ़ने वाले बीमार हुए थे। स्कूल और विद्यालय के बाहर अफरातफरी मच गई थी। .स्कूल के प्राचार्य तब तक क्लास रूम में पहुंचते अचानक एक-एककर छात्र बेहोश होने लगे। इसे देख डायल 112 को सूचना दी गई। इसके बाद सात छात्रों को इलाज के लिए जय प्रकाश नारायण अस्पताल लाया गया। वहीं, उल्टी होने के बाद 6 छात्र अब ठीक है। स्कूल के प्रिंसिपल दामोदर प्रसाद ने बताया कि छात्र के कॉपी से आपत्तिजनक सामान निकला है। बेहोश होने और उल्टी होते देख क्लास रूम की खिड़की से कंडोम को छात्रों ने फेंक दिया था। उपचार के बाद सभी छात्र ठीक हैं। बीमार पड़ने वाले सभी बच्चों के पेरेंट्स को स्कूल बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

कहा- रास्ते में बैग गिरा तो किसी ने डाल दिया

लूटपाट करने वाले तीन कुख्यात गिरफ्तार



◆ एक माह पहले बाइक सवार को गोली मार 1 लाख रुपए लूटे थे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की तेलमर थाना की पुलिस ने एक माह पुराने लूटकांड मामले में तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। घटना 26 जून को तेलमर थाना क्षेत्र के सोराडीह मोड़ के पास हुई थी, जहां अज्ञात बदमाशों ने दिन दहाड़े एक व्यक्ति को गोली मारकर एक लाख रुपए लूट लिए थे। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि थानाध्यक्ष शत्रुघ्न साह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 30 जुलाई को तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

अंतरजिला गिरोह के हैं सदस्य: गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के मालपुर चकहुसैन गांव निवासी आजाद कुमार उर्फ अजदिया (32), नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोनीपुर गांव निवासी विक्कु कुमार (30) और हिलसा थाना क्षेत्र के कोशिक गांव निवासी कौशलेन्द्र कुमार उर्फ कौशल कुमार (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इनमें से दो - आजाद और विक्कु पहले से ही कई गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। ये दोनों पटनाके विभिन्न इलाकों के साथ-साथ झारखंड के कोडरमा में भी डकैती और लूट की वारदातों में शामिल रहे हैं।

कोडरमा में 1 करोड़ की लूट को दे चुके है अंजाम: इन्हीं अपराधियों ने कोडरमा में एक व्यापारी से एक करोड़ बत्तीस लाख रुपए नकद और पांच किलोग्राम सोना लूटा था। इसके अलावा, ये पटना जिले के खुशरूपुर थाना क्षेत्र में हुई एक लूट में भी वांछित हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन और एक बाइक भी बरामद की है। डीएसपी ने कहा कि गिरोह के दो अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और छापेमारी की जा रही है।

बाइक से जा रहे थे पीड़ित: दरअसल नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोनीपुर गांव निवासी भूषण यादव अपने 2 रिश्तेदारों के साथ बाइक पर बैठकर कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के बराह गांव जा रहे थे। तभी तेलमर थाना क्षेत्र के सोराडीह गांव के पास अज्ञात बाइक सवार 3 अपराधियों ने भूषण यादव के साथ बाइक पर बैठे इंग्लिश कुमार को गोली मार जख्मी कर दिया था और 1 लाख रुपए लूट लिए थे। छापेमारी टीम में तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह डीआईयू प्रभारी आलोक कुमार, जमादार धीरज कुमार औऱ तेलमर थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

गया में डिप्टी मेयर पर फूटा BJP नेताओं का गुस्सा

चिंता देवी ने मंत्री डॉ. प्रेम कुमार को लहराने की कही थी बात

निज संवाददाता। गया

गया में बीते दिनों डिप्टी मेयर चिंता देवी के विवादित बयान से गया जिला भाजपा के नेता भड़क गए हैं। भाजपा के लोग नगर निगम के जन प्रतिनिधियों के कुनबे के ऊपर हमलावर हो गए हैं। खासकर मेयर, डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी को निशाने पर लिया है। साथ ही पुलिस प्रशासन से मामले में संज्ञान लेने की मांग की है। गौरतलब है कि मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डिप्टी मेयर चिंता देवी ने कहा था कि जहां भी नगर विधायक बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार मिल जाएगा। उसे वहीं पर लहरा दिया जाएगा। इस मामले में अब भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अधिवक्ता मुकेश शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर अपने विधायक और बिहार सरकार के मंत्री के जान माल की चिंता जाहिर की है।

नगर विधायक की सुरक्षा को लेकर काफी भयभीत हैं: मुकेश शर्मा ने कहा कि विधायक को जिंदा जलाए जाने की बात कहने वाली डिप्टी मेयर चिंता देवी के साथ वैसे लोग हैं जो अपराधी प्रवृति के रह चुके हैं। उनके खिलाफ बड़े बड़े मामले दर्ज हुए हैं। ट्रायल चला है। ऐसे लोग जिनके साथ हो तो डरना भी स्वाभिक है। यही नहीं जिस क्षेत्र विशेष से नगर निगम के पार्षद जीत कर आएं है। उस क्षेत्र में रोहंगिया की आबादी बस गई है। ऐसे में हम अपने विधायक की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। यही नहीं जिस क्षेत्र विशेष के पार्षद के इस्तीफ़े के बाद पूर्व डिप्टी मेयर पार्षद चुन कर आए हैं। इस्तीफा देने वाले उस पार्षद की आपराधिक छवि क्या रही है। यह भी छिपा नहीं है। ऐसे में भाजपा के सभी लोग अपने नगर विधायक की सुरक्षा को लेकर काफी भयभीत हैं। जिंदा जलाने की धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चहिए। उन्होंने कहा कि हम एसएसपी से मांग करते हैं कि वह इस मामले को हलके में न लें। कभी भी नगर विधायक के साथ अनहोनी हो सकती है। लिहाजा उचित कार्रवाई करें। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष देवानन्द पासवान और मुकेश चंद्रवंशी मौके पर मौजूद थे।



एक नजर

एनएमसीएच में शुरु हुई न्यूरोइन्डोवैस्कूलर सर्जरी

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार, सासाराम में न्यूरोइंडोवैस्कुलर सर्जरी की शुरुआत हो गई है। वर्तमान में इस तरह की सर्जरी बिहार में एम्स पटना एवं कुछ गिने चुने निजी संस्थानों में ही होती है ।इस बीमारी में मरीज के सिर के खून के नस में गुब्बारा बनने के बाद फट जाता है जिससे एन्यूरिज्म कहते हैं। इसके होने पर मरीज को सिर में बहुत दर्द के साथ बेहोशी, मिर्गी आदि का दौरा और हाथ पैर में अत्यधिक कमजोरी हो जाती है। इस प्रकार की बीमारी से मरीज की जान भी जा सकती है। इस संबंध जानकारी देते हुए अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रभारी डॉक्टर वीर अभिमन्यु पंडित ने बताया कि एक 45 वर्षीय मरीज के दिमाग के एन्युरिज्म फटने के बाद यहां उपचार किया गया। मरीज की स्थिति देखते हुए बिल्कुल शीघ्रता के साथ उसके ब्रेन का एंडोस्कोपिक विधि से एंजियोग्राफी किया गया और ऑपरेशन करके क्लिपिंग किया गया। मरीज अब ठीक है एवं अस्पताल से जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर हृदय, डॉक्टर राकेश, डॉक्टर मोहन एवं डॉक्टर अजीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिनके सहयोग से इसे सफलतापूर्वक किया जा सका ।इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन सफल होने पर मरीज एवं उसके परिजन काफी प्रसन्न हैं। इस प्रकार का ऑपरेशन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शुरु होने पर आसपास के लोगों में काफी खुशी व्याप्त है।

वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला की मौत

नौहट्टा (रोहतास) (रोहतास)। यदुनाथपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह कला गांव में बज्रपात से एक महिला की मौत हो गई है। घटना के बारे में बताया गया कि जितेंद्र मेहता की पत्नी प्रमिला देवी (37) बुधवार की शाम अपने खेत से पटवन के लिए बिछाए गए प्लास्टिक के पाईप को समेट रही थी। इसी दौरान अचानक खेत में उसी के समीप ठनका गिरा। जिसके चपेट मे महिला आ गई। खेत मे काम कर रहे लोगों द्वारा तत्काल सूचना महिला के परिजनों को दिया । जहा तत्काल परिजानों ने ईलाज के लिए चिकित्सक को दिखाए। चिकित्सक के सुझाव पर बेहतर ईलाज के लिए सासाराम ले गए, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। यदुनाथपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजन को सौंप दिया गया।

विद्यालय में चोरों ने ताला तोड़ की चोरी

सूरजपुरा (रोहतास) (नि. सं.)। प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय सुर्यपुरा में गत रात्रि हुई चोरी। चोरों उड़ा ले गए कई सामान। प्राप्त जानकारी के के अनुसार विगत रात्रि को उर्दू मध्य विद्यालय सूर्यपुरा में चोरों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़ कई सामान उड़ा ले गए। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह के द्वारा बतलाया गया है कि चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया है और इसकी भनक आसपास के लोगों को तब लगी जब विद्यालय में तोड़फोड़ की आवाज आने लगी। इस आवाज को सुनकर ग्रामीणों ने फोन से हमें सूचित किया, तब जाकर हमने विद्यालय में देखा तो किचेन रूम का दरवाजा टूटा हुआ था और वहां रखे हुए कुदाल एवं अन्य अन्य बर्तन गायब मिले। जबकि कंप्यूटर लैब, प्रधानाध्यापक कक्ष एवं अन्य कमरे का ताला भी टूटा हुआ मिला, परंतु अंदर से ताला लॉक होने के कारण वह दरवाजा नहीं खुल सका था, जिस कारण उसे कक्ष में रखे अन्य सामानों की चोरी होते- होते बचाव हो पाई, अन्यथा एक बड़ी घटना को चोरों ने अंजाम दे दिया होता। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह के हवाले से बताया गया कि इसकी सूचना थाने को लिखित रूप में दे दी गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह वर्तमान थाना अध्यक्ष कंचन राज के अनुसार मामले से संबंधित आवेदन को स्वीकार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रेतर करवाई कर रही है।

बजट के रेल भाग पर हुई चर्चा पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का संबोधन

2500 नए कोच और 50 अमृत भारत ट्रेनों की घोषणा

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। बजट के रेल खंड पर चर्चा के दौरान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने रेलवे को पिछले वर्षों में रिकॉर्ड आवंटन देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया और 12 लाख रेलवे कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की, जो प्रतिदिन करीब 20,000 ट्रेनों का संचालन करते हैं। मंत्री जी ने कहा कि रेलवे आम लोगों के लिए मुख्य यातायात साधन है और पिछले 10 वर्षों में यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं कि मध्यम वर्ग और आकांक्षी मध्यम वर्ग इसकी सेवाओं का खर्च उठा सकें। उन्होंने बताया कि स्लीपर और सामान्य कोचों का एसी कोचों से अनुपात लगभग 2:1 है और आगामी महीनों में लगभग 2,500 अतिरिक्त सामान्य कोच तैयार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 10,000 सामान्य कोचों की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा की मांग के अनुरूप, ये कोच यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा रहे हैं।

अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनें

रेल मंत्री ने अमृत भारत ट्रेनों की पहल की सराहना की और बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अतिरिक्त 50 अमृत भारत ट्रेनों के उत्पादन का निर्णय लिया है, जिनमें 13 नए सुधार होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले साल शुरू की गई यह पहल सस्ती कीमतों के साथ सर्वश्रेष्ठ रेल यात्रा की कल्पना को साकार कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कई विपक्षी सांसदों ने भी अपने क्षेत्रों के लिए वंदे भारत ट्रेनों की मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा था कि देश के इंजीनियर और तकनीशियन बिना किसी विदेशी सहायता के वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण करने के लिए पर्याप्त प्रतिभाशाली हैं।

वंदे मेट्रो और वंदे स्लीपर ट्रेनें

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि 150-200 किलोमीटर की दूरी के लिए डिजाइन की गई वंदे मेट्रो ट्रेन का वर्तमान में परीक्षण किया जा रहा है और इससे यात्री सेवाओं में वृद्धि होगी। साथ ही, लंबी दूरी की यात्रा के लिए, वंदे स्लीपर ट्रेन विकसित की जा रही है, जिसमें पहली ट्रेन का उत्पादन किया जा चुका है तथा इसका परीक्षण चल रहा है।

संरक्षित रेल परिचालन

संरक्षित रेल परिचालन के मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि 2019 में 9,000 मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग थीं, जिन पर अब अंडरपास और गेट का निर्माण हो चुका है। अब स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के माध्यम से ट्रेनों का संचालन किया जाता है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल 837 स्टेशनों पर यह तकनीक थी, जबकि 2014 से 2024 के मध्य इसमें उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अब 2,964 स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की तकनीक से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा कि 2023-24 में संरक्षा से संबंधित मुद्दों पर व्यय 98,414 करोड़ था और इस बजट में इसके लिए 1,08,795 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

कवच प्रणाली और नई तकनीक

कवच प्रणाली की उपलब्धता और इसके निर्माण की दिशा में उठाए गए कदमों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 2014 में ट्रेनों की सुरक्षा हेतु ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली विकसित करने का फैसला लिया गया जिसे कवच नाम दिया गया। कवच का पहला परीक्षण 2016 में किया गया तथा 2019 में इसे एसआईएल-4 प्रमाणन प्राप्त हुआ। 2022 में इस प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए 3,000 किलोमीटर लंबी परियोजना शुरू की गई और 2024 में कवच 40 को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि कवच की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान में तीन निर्माता कंपनियों के साथ दो और कंपनी को कवच के निर्माण की अनुमति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 8,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया गया है, तथा छह विश्वविद्यालयों ने अब अपने पाठ्यक्रम में कवच को भी शामिल किया है।

रेल पटरियों की खामियों का निवारण

रेल दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण रेल पटरियों की खामियां रही हैं। रेल पटरियों की खामियों को समय रहते पहचान करने हेतु पिछले 10 वर्षों में 26,52,000 अल्ट्रासोनिक फ्लो डिटेक्शन टेस्ट किए गए हैं तथा नई प्रौद्योगिकियों को भी शामिल किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2014-24 तक कुल 502,000 भर्तियाँ पूरी की गईं। साथ ही रेलवे भर्ती के लिए एक वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया गया है। 558 रनिंग रूम को वातानुकूलित बनाया गया, 7,000 से अधिक लोको कैब का उन्नयन जिसमें एर्गोनोमिक सीटें और एयर कंडीशनिंग शामिल हैं।

- 1. रेलवे कर्मचारियों की संख्या: 12 लाख रेलवे कर्मचारी प्रतिदिन लगभग 20,000 ट्रेनें चलाने के लिए दिन-रात काम करते हैं।
- 2. कोच अनुपात: स्लीपर और सामान्य कोचों का एसी कोचों से अनुपात लगभग 2:1 है। आगामी कुछ महीनों में लगभग 2,500 अतिरिक्त सामान्य कोच तैयार किए जाएंगे। निकट भविष्य में लगभग 10,000 अतिरिक्त सामान्य कोच तैयार किए जाएंगे।
- 3. स्टेशन और क्रॉसिंग: 2019 में 9,000 मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग थीं, जिन पर अब अंडरपास और गेट का निर्माण हो चुका है। 2014 से 2024 के बीच इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की तकनीक से सुसज्जित स्टेशनों की संख्या 837 से बढ़कर 2,964 हो गई है।
- 4. बजट आवंटन: 2023-24 में संरक्षा से संबंधित मुद्दों पर व्यय 98,414 करोड़ था। 2024 के बजट में संरक्षा के लिए 1,08,795 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- 5. कवच प्रणाली: 2022 में इस प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए 3,000 किलोमीटर लंबी परियोजना शुरू की गई। 2024 में कवच 40 को मंजूरी दी गई है। 8,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया गया है।
- 6. रेल पटरियों की खामियां: पिछले 10 वर्षों में 26,52,000 अल्ट्रासोनिक फ्लो डिटेक्शन टेस्ट किए गए हैं।
- 7. भर्तियाँ: 2014-24 तक कुल 502,000 भर्तियाँ पूरी की गईं। 558 रनिंग रूम को वातानुकूलित बनाया गया। 7,000 से अधिक लोको कैब का उन्नयन किया गया।
- 8. विद्युतीकरण: पिछले 10 वर्षों में 44,000 किमी विद्युतीकरण किया गया है। 50 वर्षों में केवल 20,000 किमी विद्युतीकरण किया गया था। विद्युतीकरण से हुए लाभों में 600 मिलियन टन अतिरिक्त कार्गो, 640 करोड़ लीटर डीजल की बचत, तथा 400 करोड़ किलो कार्बन गैस उत्सर्जन में कमी शामिल है।

पहले ही प्रयास में सफल अश्विन आर्य का अभिनंदन समारोह आयोजित

निज संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। नीट की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास करनेवाले द डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र अश्विन आर्य का विद्यालय परिसर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। विदित हो कि अश्विन ने कक्षा यू के जी से लेकर कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा द डीपीएस से पूरी की। इस दौरान विद्यालय के छात्रावास में रहकर भी उसने पढ़ाई की। सत्र 2021-22 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में उसे 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। पुनः बारहवीं बोर्ड में उसे 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। अपनी सफलता की रफ्तार को बरकरार रखते हुए अश्विन ने नीट-2024 की परीक्षा पहले ही प्रयास में पास कर ली। कुल 720 अंकों की परीक्षा में उसे 657 अंक प्राप्त हुए। ऑल इंडिया रैंक 20877 तथा सामान्य कैटेगरी के अंतर्गत 2521 रैंक प्राप्त हुआ। अश्विन की यह उपलब्धि पूरे बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। द डीपीएस प्रबंधन ने भी छात्र की इस उपलब्धि पर बुलाकर उसे सम्मानित किया। अश्विन को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र, शॉल तथा एक लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अश्विन की माँ भी उपस्थित रहीं। अश्विन से उसकी सफलता से संबंधित पूछे गए सवालों का उसने बेबाकी से जवाब दिया।उसने बताया कि विद्यार्थियों को भटकाव से बचते हुए अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। सुबह उठकर अपने दिनभर के कार्यों की योजना बनाएं। 24 लाख परीक्षार्थियों में अपनी जगह बनाना पहले मेरे लिए भी भय प्रदान करने जैसा था लेकिन आपका आत्मविश्वास ही आपको विजेता बनाता है। द डीपीएस की विशेषताओं की भी उसने चर्चा की और बताया कि किसी भी उपलब्धि पर पुरस्कृत करने की परंपरा मुझे बहुत अच्छी लगती है। डॉक्टर बनने पर जरूरतमंदों की कम कीमत पर इलाज की इच्छा अश्विन ने जताई विद्यालय के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने आज के दिन को उत्सव का दिन बताया। उन्होंने आज के दिन को सपने संजोने का दिन बताया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अखिलेश कुमार ने कहा कि यह लैपटॉप पुरस्कार मात्र नहीं है बल्कि यह आपसभी के लिए प्रेरणा है। अश्विन नाम का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि दिव्य चिकित्सकों के समूह को अश्विन कहते हैं। अश्विन के नाम के अनुरूप उसकी यह सफलता उसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत करती है। अश्विन के भारत का नंबर एक डॉक्टर बनने की कामना की साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में अद्भुत सफलता पाने की प्रेरणा दी ताकि विद्यालय और भी गर्मजोशी से सभी का अभिनंदन कर सके।

जपला-नबीनगर रेलखंड का निरीक्षण, ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा 31.07.2024 को सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत 16 किमी. लंबे जपला-नबीनगर नवनिर्मित विद्युतीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले जपला से नबीनगर तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्पेशल ट्रेन द्वारा जपला से नबीनगर तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। निरीक्षण के दौरान पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा संरक्षा तथा सुरक्षा मानकों को पूरा करते हुए नवनिर्मित जपला-नबीनगर तीसरी रेल लाईन पर ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। विदित हो कि 291 किमी लंबे सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना वर्ष 2015-16 में 4500 करोड़ की लागत से स्वीकृत की गयी थी। यह बिहार के औरंगाबाद और झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है। यह परियोजना नवीनगर और टंडवा स्थित सुपर थर्मल पावर प्लांटों को कोयले की निर्बाद्ध आपूर्ति के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही यह सोननगर में डीएफसी लाईन के साथ विलय के लिए फीडर मार्ग के रूप में भी काम करेगी। सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना को अलग-अलग चरणों में पूरा किया जा रहा है। विदित हो कि इस परियोजना के तहत अबतक 145 किमी रेलखंड का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

लूट कांड में शामिल दस अपराधकर्मी गिरफ्तार

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि के दौरान टेंपो में यात्रियों को बैठाकर लूटपाट करने वाले एक नये गिरोह के दस अपराधकर्मियों को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते दो तीन माह से सक्रिय इस नए गिरोह के सदस्य रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के समीप वाहनों के इंतजार में खड़े यात्रियों को खास तौर से अपना निशाना बनाते थे। बता दें कि योजना के तहत गिरोह के कुछ सदस्य टेंपो में पहले से हीं सवारी के रूप में बैठकर अपने शिकार की खोज करते थे और जब कोई यात्री वाहन के इंतजार में खड़ा दिखाई दे तो उसे अपने साथ बिठा लेते थे तथा किसी सुनसान जगह पर ले जाकर हथियार का भय दिखाते हुए लूट की घटना को अंजाम देते थे। इस संदर्भ में गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी टू कुमार वैभव ने बताया कि बीते पांच जुलाई को सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक से एक टेंपो में सवार यात्री मोहम्मद इमरान अहमद के साथ धुआं पुल के समीप हुई लूटपाट की घटना का मुफस्सिल थाने की पुलिस ने उद्बेदन करते हुए 10 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

महाप्रबंधक ने किया पाटलिपुत्र-कर्पूरीग्राम रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

- महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति पर समीक्षा बैठक की एवं संबंधित अधिकारियों को रेल विकास से जुड़े कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पाटलिपुत्र-कर्पूरीग्राम (वाया नारायणपुर अनंत) रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इस रेलखंड के मध्य रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े विविध पहलुओं का गाहन मुआयना किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने जारी रेल विकास कार्यों का जायज़ा लिया। महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति पर समीक्षा बैठक की एवं संबंधित अधिकारियों को रेल विकास से जुड़े कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ में सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

डालमिया भारत फाउंडेशन ने कल्याणपुर, बिहार में स्किल डेवलपमेंट सेंटर 'दीक्षा' का किया उद्घाटन

- कल्याणपुर में दीक्षा सेंटर असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट- हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों में सालाना 240 लोगों को प्रशिक्षित करेगा। डीबीएफ की नई बैच 1 अगस्त, 2024 से शुरू हो रही है।

निज संवाददाता

कल्याणपुर (रोहतास)। डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने कौशल विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, कल्याणपुर, बिहार में दीक्षा (डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज और स्किल हार्नेसिंग) सेंटर का उद्घाटन किया। दीक्षा ग्रामीण युवाओं को सतत आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से उचित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। इसका लक्ष्य क्षेत्र के आसपास के 24 गांवों को लाभ पहुँचाना है। कल्याणपुर में दीक्षा सेंटर असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट- हेल्थकेयर पाठ्यक्रमों में सालाना 240 लोगों को प्रशिक्षित करेगा। डीबीएफ की नई बैच 1 अगस्त, 2024 से शुरू हो रही है। आधिकारिक लॉन्च से पहले परिचालन शुरू करने वाले इस सेंटर ने उन 30 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट्स और 30 असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन्स सहित 60 कैंडिडेट्स के लिए एक विदाई समारोह आयोजित किया, जो अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आशुतोष तिवारी, यूनिट हेड, डालमिया सीमेंट- रोहतास, ने कहा, 'डालमिया भारत में, हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए समर्पित हैं, जो हाशिए पर रहने वाले समुदायों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने में कारगर हों। दुनिया का सबसे युवा और सबसे बड़े कार्यबल वाला देश होने के बावजूद, भारत कौशल की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में, हमारा उद्देश्य देश के कार्यबल में इस अंतर को खत्म करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और हमारे युवाओं के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। दीक्षा के माध्यम से, हम एक कुशल और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की उम्मीद करते हैं। दीक्षा सेंटर में गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डीबीएफ द्वारा पूर्व-योग्य प्रशिक्षकों की भर्ती की जाएगी। सभी मॉड्यूल्स नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) का पालन करते हैं। यह सेंटर देशभर के सभी उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के अलावा, मूल्यांकन, प्रमाणन और प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में नवीन कुमार आईएएस जिला मजिस्ट्रेट-सह-कलेक्टर, जिला रोहतास, बिहार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, अन्य प्रमुख लोगों में बब्लू कुमार, बीडीओ रोहतास; सुशी सिंह सीओ, रोहतास; और समहुता, बंजारी व बकनौरा के ग्राम पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। वर्तमान में देश भर में दीक्षा के 20 केंद्र संचालित हो रहे हैं। यह स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सिलाई मशीन संचालन, डेटा एंट्री ऑपरेटर और सौर पीवी स्थापना सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। आज तक, दीक्षा केंद्रों में 16,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस संख्या में से 75% लोगों को रोजगार मिल चुका है या फिर वे खुद का उद्यम शुरू कर चुके हैं। सबसे विशेष, प्रशिक्षण लेने वाले लोगों में 50% से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। यह महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर कंपनी के एक मजबूत फोकस को दर्शाता है।

दर्जनों विद्यालयो मे सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। गुरुवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों मे शिक्षा साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चे बच्चियों ने नृत्य तथा गायन आदि प्रस्तुत किया। इस दौरान मध्य विद्यालय सेख बहुआरा के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चौथी वर्षगांठ के अवसर पर मनाया गया। संस्कृति कार्यक्रम मध्य विद्यालय परसथुआ, शेख बहुआरा, कपसिया, सरेया, सोहसा, सेलास मे किया गया।कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्थानीय संदर्भ पर आधारित खेल,चित्रकला, नृत्य, गीत,संगीत, लोकगीत आदि प्रस्तुत किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में सामाजिक परिवर्तन लाने में बड़ी भूमिका निभाता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 05/भ0प्र0 औरंगाबाद/2024–25

बिहार सरकार

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 30.07.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 28.08.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.08.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.08.2024 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी :–

क0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सी0सी0टी0भी0 भवन के छत का मरम्मति कार्य	1.50	3000.00	500.00	15 दिन
2	डी0सी0एल0आर0 कार्यालय औरंगाबाद का रंग–रोगन एवं मरम्मति कार्य	2.00	4000.00	500.00	15 दिन
3	समाहरणालय परिसर में 1 अदद बोरिंग का कार्य	2.14	4400.00	500.00	7 दिन
4	ब्लॉक परिसर स्थित वाणिज्य कर भवन का रंग–रोगन एवं आवश्यक मरम्मति कार्य	2.50	5000.00	750.00	15 दिन
5	अनुमंडल दाउदनगर कार्यालय स्थित शौचालय का जिर्णोद्धार कार्य	1.50	3000.00	500.00	15 दिन
6	ब्लॉक कॉलोनी स्थित बी0 टाईप पुराना में बाहरी भाग का रंग–रोगन एवं अन्य कार्य	2.50	5000.00	750.00	15 दिन
7	प्रखंड परिसर औरंगाबाद स्थित बी0 टाईप क्वार्टर नं0–4,5,6,7 का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य	2.75	5500.00	750.00	1 माह
8	ब्लॉक परिसर स्थित डी0 टाईप क्वार्टर के डी02 आवास का मरम्मति कार्य	1.50	3000.00	500.00	15 दिन
9	प्रखंड परिसर औरंगाबाद स्थित बी0 टाईप क्वार्टर नं0–8,9,10,11 का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य	2.75	5500.00	750.00	1 माह
10	जजेज कॉलोनी औरंगाबाद स्थित जे0–07 आवास का मरम्मति एवं रंग– रोगन कार्य	1.50	3000.00	500.00	15 दिन
	कुल	20.640			

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 005128 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

देव एंड फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति : एक शाम रफी के नाम

निज संवाददाता

पटना। रफी साहब को 44 वीं स्वर श्रद्धांजलि देव एंड फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप एवं देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल की ओर से दिया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सुशील कुमार सिंह एवं देव एंड फ्रेंड्स के निर्देशक देव कुमार लाल सहित सभी कलाकारों ने रफी साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उसके बाद कलाकारों में सर्वप्रथम उज्जवल अविनाश ने रफी साहब के भजन सुख के सब साथी दुख में ना कोई गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की, आनंद सिंहा जी ने दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा सुनाया उनके गीत सुनकर लोग भाव विभोर हो गए, पटना से आई कलाकार नीलोफर शबनम ने तुम मुझे यूं भुला न पाओगे गीत गाया इस गीत पर लोगों ने खूब तालियां बजाई, उसके बाद देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के कलाकारों ने मंजू राय ने ये दुनिया ये महफिल, ममता जी ने आज मौसम बड़ा बेईमान अमन ये रेशमी जुल्फें विक्रांत आने से उसके आए बहार, सनी शर्मा ने चाहूंगा मैं तुझे शाम सवेरे गीत सुनाये दर्शकों के विशेष फरमाइश पर देव कुमार लाल ने तबला बजाकर नीलोफर के साथ डुएट सॉन्ग वो जब याद आए बहुत याद आए गाए,, संगत कलाकारों में म्यूजिक डायरेक्टर रवि रंजन सिंहा, ऑक्टोपैड पर संतोष कुमार सिंहा, तबला ढोलक पर खुद देव कुमार लाल, गिटार पर बादल सिंहा एवं सैक्सोफोन पर फजल अहमद थे, इस अवसर पर देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के बच्चों ने तबले पर संगत किया जिसमें अविरल, प्रियांशु रंजन, चेतन शेखर मौजूद थे, डांस क्षेत्र से अद्विक अद्विका, एवं देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के सभी बच्चों ने भी संगत किया। अंत में मुख्य अतिथियों का अभिवादन लेकर देश के प्रति समर्पित नेशनल एंथम से प्रोग्राम का समापन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सुशील कुमार सिंह, प्रदीप मिश्रा, डॉ संतोष कुमार एवं डॉ वीणा सिंह,बिंदु कुमारी वंदिता शर्मा देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के सभी सदस्य गण एवं मौर्य बिहार के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की हुई बैठक, जिलाधिकारी ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोवस्त की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सभी संविदा नियोजित अमीन, कानूनगो, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के योगदान, कार्य आवंटन एवं कार्य प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी द्वारा मौजों के उद्घोषणा एवं रैयतों से प्रपत्र-02 में स्वघोषणा ससमय दिलाने तथा सरकारी भूमि का विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिया गया। बन्दोबस्त पदाधिकारी, मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 186 अमीन, 08 कानूनगो, 11 सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं 24 लिपिक द्वारा योगदान दिया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष सर्वेक्षण अमीनों को जिला स्तर पर 06 दिवसीय सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं 11 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहाँ कुल 1099 मौजे हैं जिसके लिए 14 अंचल शिविरों का गठन किया गया है। जिला पदाधिकारी ने आरटूआर सॉफ्टवेयर के माध्यम से कर्मियों को शिविरवार टैग करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त से संबंधित प्रचार-प्रसार हेतु प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को होर्डिंग एवं फ्लैक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर हैंडबिल, स्थानीय सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। सभी राजस्व ग्रामों का जिला स्तरीय उद्घोषणा प्रपत्र-01 में प्रकाशन निर्धारित समय (01 अगस्त से 07 अगस्त 2024 तक) करने का निर्देश दिया गया। ग्राम स्तर पर विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किये जाने के पूर्व प्रत्येक ग्राम के लिए अभिलेख का संधारण 10 अगस्त 2024 तक करने एवं नव गठित शिविर अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनोज कुमार जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी नवादा, चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता नवादा, आदित्य कुमार पियूष अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, चन्द्रशेखर सिंह प्रभारी बन्दोबस्त पदाधिकारी, राजेन्द्र कुमार सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, राजीव कुमार डीआईआ, सभी अंचल अधिकारी, कानूनगो के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

धार्मिक स्थलों का होगा विकास, मिलेगी नागरिक सुविधाएं : डीएम

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिला धार्मिक रूप से बेहद ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण है। यहां स्थित गुप्ताधाम, ताराचंडी और तुतला भवानी जैसे धार्मिक स्थलों का जल्द ही संपूर्ण विकास तमाम नागरिक सुविधाओं के साथ किया जाएगा। इसके लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है। उक्त बातें चेनारी प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कही। कुमार ने कहा कि गुप्ता धाम जाने वाली सड़क पर गायघाट के पास 400 मी चौड़ीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। वहां पर सड़क के स्लोपिंग को कम करने तथा सड़क को बैरेकेटिंग से सुरक्षित करने की भी अनुमति मिल गई है। यह जगह दुर्घटना संभावित क्षेत्र है और यहां कई दुर्घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं। कुमार ने कहा कि गुप्ता धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए लगभग 22 एकड़ या इससे अधिक की जमीन चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने स्वयं करमचट डैम के पास चिन्हित जगहों तथा पनारी घाट एवं उगहनी घाट के पास जगह चिन्हित करने के लिए दौरे पर गए। इस दौरान उनके साथ अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, ओएसडी, डीपीआरओ, चेनारी के बीडीओ, सीओ, शिवसागर के सीओ, वन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी सहित अमीन दौरे में उपस्थित थें। श्री कुमार ने कहा कि जगह चिन्हित किए जाने के बाद जल्द उसकी बाउंड्री कराकर जन सुविधाओं से जुड़ी तमाम व्यवस्थाएं की जाएंगी।जिलाधिकारी श्री नवीन कुमार ने कहा कि गुप्ता धाम जाने वाले सभी तीनों रास्तों पर बिजली की पूरी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही वैष्णो देवी के तर्ज पर सीढ़ीनुमा या स्लोप बनाकर रास्ते का निर्माण किया जाएगा।

औषधीय एवं सुगंधित फसलों की वैज्ञानिक खेती

निज संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में औषधीय एवं सुगंधित फसलों की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी की अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वैज्ञानिक औद्योगिक अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर -आई आई एम, जम्मू के द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए डॉक्टर शोभा रानी ने बताया की कृषि विविधिकरण के तहत किसानों की आय बढ़ाने और औषधीय एवं सुगंधित तेल कीआज राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत मांग है।इस मांग को पूरा करने के लिए किसानो के द्वारा मौजूदा फसल प्रणाली में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती बहुत उपयुक्त है।इस प्रकार ग्रामीण स्तर पर इन फसलों की बेहतर किस्म का विकास या प्रदर्शन करके किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति मे सुधार की अपार संभावना है। जम्मू से आए हुए प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर सभाजीत ने किसानों को जानकारी दी की ऐसी कई उच्च मूल्य वाली औद्योगिक फसलों और उनकी किस्म का विकास किया गया है जो पारंपरिक फसलों की तुलना में उच्च मूल्य और अधिक आर्थिक लाभ प्रदान करती हैं। इन फसलों को वर्षा आधारित क्षेत्रों में उगाया जा सकता है और परंपरागत खाद्य फसलों की खेती बिना प्रभावित हुए बंजर भूमि, कम सिंचित क्षेत्र, शुष्क भूमि और वर्षा आधारित क्षेत्र पर की जा सकती है सुखा सहन करने वाली इन फसलों की खेती इस क्षेत्र की किसानों की आय और कृषि टीकाऊपन के लिए एक वरदान स्वरुप है।

योग्य अभ्यर्थियों को दी जायेगी स्टडी किट

निज संवाददाता

नवादा। सुनील कुमार सुमन जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के नियोजन सेवा का विस्तार योजनान्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों के अनुरुप स्वरोजगार हेतु टूल किट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट प्रदान की जायेगी। उक्त हेतु वांछित योग्यता एवं शर्तें जिसमें टूल किट योजना में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रोनिक्स, मोटर रिपेयर, फिटर, मोबाईल रिपेयरिंग, ब्यूटीशियन एवं प्लम्बर इत्यादि ट्रेड हेतु ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति, अनुसुचित जनजाति, आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ावर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, एवं महिला, उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष, एवं वार्षिक आय 1,80,000/- रू0 से कम होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता अथवा अभ्यर्थी केन्द्र सरकार अथवा राज्य से मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम तीन माह का सम्बद्ध ट्रेड में प्रशिक्षित होना चाहिए साथ ही उनका छः माहपूर्व जिला नियोजनालय नवादा के एनसीएस पोर्टल पर निबंधन होना अनिवार्य है। स्टडी किट योजना में यूपीएससी, बीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी (ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं महिला) के लिए परीक्षावार अनुमान्य योग्यता, वार्षिक आय 1,80,000/- रू0 से कम होनी चाहिए। सरकारी सेवा हेतु ,(रिक्ति के विरूद्ध) आवेदन का साक्ष्य ,उम्र ,सरकारी सेवा के मापदंड अनुरूप बिहार राज्य के निवासी हो। छः माहपूर्व जिला नियोजनालय नवादा में एनसीएस पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक-01.08.2024 से 31.08.24 के अपराह्न 05:00 बजे तक संबंधित प्रमाण-पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ जिला नियोजन पदाधिकारी नवादा को संबोधित करते हुए आवेदन दे सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थी को नियोजन पक्ष द्वारा संचालित स्टडी किट एवं टुल किट में से केवल एक योजना का लाभ दिया जायेगा साथ ही पूर्व में स्टडीकिट एवं टुल किट जो अभ्यर्थी प्राप्त कर चुके हैं, वे इस योजना के पात्र नही होंगें। आवेदन का चयन विभागीय निदेशानुसार उप निदेशक (नियोजन) मगध प्रमंडल, गया के अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

वांछित शराब तस्कर गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव से पुलिस बलों ने वांछित शराब धंधेबाज को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया। वहीं कोर्ट द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में एक वारंटी को हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2021 में 25 मई को पुलिस बलों द्वारा कुंभियातरी के जंगली क्षेत्रों में दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया था एवं शराब के अलावे शराब निर्माणयुक्ति आदि जब्त किया गया था। उक्त मामले को लेकर रजौली थाना काण्ड संख्या 247/21 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी में कुल 9 लोगों को नामजद मनाया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस शराब तस्करों के गिरफ्तारी में छापेमारी कर रही थी।

हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा पौधारोपण कार्य : डॉ. प्रेम कुमार

निज संवाददाता

नवादा। बिहार सरकार के कृषि सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने नवादा पहुंचकर मीडिया से मुखातीव होकर नवादा वन प्रमंडल अंतर्गत जिले में वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित योजनाएं के बारे में विस्तार से बताया। नवादा वन प्रमंडल अंतर्गत जिले में हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा इस वित्तीय साल में 73 हजार पौधे वनभूमि/सड़क किनारे लगाए जा रहें हैं। सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों और ऐसे सरकारी संस्थान जहांगीराबाद जगह हो उसमें 21 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में पहली बार सीड बॉल पद्धति से खुले पहाड़ों पर वृक्षारोपण हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इस मॉनसून काल में पहाड़ों पर 25 हजार सीड बॉल फेंका जाएगा। पौधारोपण में जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जीविका दीदियों के माध्यम से जिले में लगभग एक लाख 79 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही किसानों को गया नींद जमीन पर पौधारोपण हेतु कृषि वानिकी योजना के तहत एक लाख 30 हजार पौधे का लक्ष्य रखा गयानी है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ावा देने हेतु वन विभाग प्रत्येक व्यक्ति को पांच पौधें निःशुल्क प्रदान कर रहा है। आम जनों को पौधा प्राप्त करने में आसानी हो इसके लिए वन विभाग मॉनसून काल तक के लिए जिले के मुख्य बाजारों में पौधा बिकी केंद्र स्थापित कर रहा है तथा हरित रथ से प्रत्येक प्रखंडों में घूम-घूमकर आम जनों को पौधा उपलब्ध कराएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने के लिए मनरेगा के माध्यम से चार लाख चार सौ पौधे लगानेवाला का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार वर्तमान पौधारोपण वर्ष 2024-25 में वन विभाग द्वारा अन्य विभागों एवं सामान्य जनता के सहयोग से जिले में करीब नौ लाख पौधारोपण किया जाएगा। प्रस्तावित योजना में कुछ जगहों पर वनकर्मी के रहने का आवास/कार्यालय नहीं है, उसके लिए आवास का निर्माण हिसुआ और सिरदला में किया जाएगा। गार्लन्ड ट्रेंच के माध्यम से गांव के समीप जंगल क्षेत्र में चेक डैम का निर्माण किया जाएगा जिससे जल संचयन हो सकेगा तथा जीव-जन्तु एवं ग्रामीणों को पानी मिल सकेगा। खुरी नदी में पार्क निर्माण की योजना तैयार की जा रही है और इसका निर्माण इसी वर्ष प्रारंभ कर दिया जाएगा। हरिश्चंद्र तालाब में भी पार्क निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु याधियाचना भेजी गई है और इसे प्राप्त होते ही इस पर कारवाई की जाएगी। वन विभाग मॉनसून काल तक के लिए जिले केवल मुख्य बाजारों में पौधा बिकी केंद्र स्थापित कर रहा है तथा हरित रथ से प्रत्येक प्रखंडों में घूम-घूमकर आम जनों को पौधा उपलब्ध कराएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने के लिए मनरेगा के माध्यम से चार लाख चार सौ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार वर्तमान पौधारोपण वर्ष 2024-25 में वन विभागछ द्वारा अन्य विभागों एवं सामान्य जनता के सहयोग से जिले में करीब नौ लाख पौधारोपण किया जाएगा। प्रस्तावित योजना में कुछ जगहों पर वनकर्मी के रहने का आवास/कार्यालय नहीं है, उसके लिए आवास का निर्माण हिसुआ, सिरदला में किया जाएगा। गार्लन्ड ट्रेंच के माध्यम से गांव के समीपछ जंगल क्षेत्र में चेक डैम का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल संचयन हो सकेगा तथा जीव-जन्तु एवं ग्रामीणों को पानी मिल सकेगा। खुरी नदी में पार्क निर्माण की योजना तैयार की जा रही है और इसका निर्माण इसी वर्ष में प्रारंभ कर दिया जाएगा। हरिश्चंद्र तालाब में भी पार्क निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु याधियाचना भेजी गई है और इसे प्राप्त होते ही इसपर कारवाई की जाएगी। उसके अतिरिक्त चिल्ड्रेन पार्क, वेंडिंग जोन अंतर्गत 60 दुकानों का निर्माण, लकड़ी का पूल, धेरान का कार्य और ऊछाला सुरक्षा दीवार आदि कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

निज संवाददाता

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा एवं अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा की संयुक्त अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में गोविंदपुर प्रखंड अन्तर्गत ककोलत एवं वारिसलीगंज प्रखंड में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि दिनांक 03 अगस्त 2024 को माननीय मुख्यमंत्री का आगमन निर्धारित है। उन्होंने कहा कि थाली मोड़ से ककोलत की सड़क बनकर तैयार हो गई है। वहां पर गेस्ट हाउस की व्यवस्था है। ककोलत जलप्रपात को बिहार का कश्मीर भी कहा जाता है। वहां आकर्षक ढ़ंग से सौंदर्यीकरण भी किया गया है। महिलाओं एवं पुरूषों के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया है। ककोलत जलप्रपात अब आधुनिक लुक में दिखेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को पानी के टैंकर की व्यवस्था, कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। कार्यपालक पदाधिकारी भवन प्रमंडल को हेलीपैड पूर्ण रूप से तैयार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि 02 हेलीपैड का निर्माण किया जाना है। अनुमंडल पदाधिकारी, आरडब्लूडी एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि हेलीपैड का रास्ता और बैरीकेडिंग को पूर्ण रूप से तैयार करा लेंगे। जेनरेटर की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था आदि के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। सिविल सर्जन, नवादा को एम्बुलेंस, डॉक्टर्स, नर्स के साथ जीवन रक्षक दवाईओं की उपलब्धता के बारे में निर्देश दिया गया। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग/फ्लैक्स लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने वारिसलीगंज प्रखंड में अडानी समूह के अंबुजा सीमेंट फैक्टरी की स्थापना को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था से संबंधित कई आवश्यक निर्देश दिए।

पांच महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के पांच महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिला को खून जांच, मूत्र जांच, रक्त चाप व अन्य जांच किया। मौके पर एएनएम शोभा कुमारी, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार, परिचारी योगेंद्र कुमार समेत अन्य रहे।

नई राशन कार्ड व नाम जुड़वाने वाले लाभुक दें आवेदन : एसडीएम

निज संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज अनिल बसाक के द्वारा जन वितरण प्रणाली से संबंधित राशन कार्डों के लिए हो रहे हो- हल्ला पर अपना एक बयान से संबंधित वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि जुलाई 2024 तक के पूर्व के आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है। जिसमें कई लोगों ने राशन कार्ड में अपना नाम जुड़वाने तथा कई लोगों ने नया राशन कार्ड बनाने और कई लोगों ने उसमें अन्य सुधार के लिए आवेदन दिए थे, जिसके निष्पादन में समय लेते हुए 2024 तक के पूर्व के दिए गए आवेदनों को जांच के उपरांत जो जी लायक था, उसे नियम पूर्वक निष्पादित कर दिया गया है। जो योग्य थे। उनके नाम का शुद्धिकरण या नए राशन कार्ड से संबंधित कार्ड धारी को राशन कार्ड निर्गत कर दिया गया है। पुनः जो इसके योग्य नहीं है उनके आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के लिए लंबा समय लगता था अब वह लंबा समय नहीं लगेगा। सुधार के लिए दिए गए आवेदनों में 15 दोनों का समय लिया जाएगा तो वहीं नए राशन कार्ड बनाने के लिए 30 दिनों का समय लगने की बात भी बताई गई। इस प्रकार अपने बयान से संबंधित वीडियो जारी कर अनुमंडल पदाधिकारी ने राशन कार्डधारियों तथा नए लाभ लेने वाले आवेदकों को इस पर हाय तौबा करने के बजाय आवेदन देने की बात कही है। जांचोपरांत जो सही होगा वही कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन करने वाले आवेदक का मोबाइल नंबर अंकित कराने के बजाए साइबर कैफे वाले अपना मोबाइल नंबर अंकित कर देते है।जिससे आवेदक को किसी प्रकार की सूचनाएं नही मिल पाता है।

पंचायत समिति सदस्यों ने की बैठक कई समस्याओं से कराया अवगत

निज संवाददाता

कोचस (रोहतास)। कोचस प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई जिसमें कई समस्याओ से अवगत कराया गया। प्रखंड के कथराई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शोभा देवी ने बैठक मे अपनी कई समस्याओ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंचायत के शेख बहुआरा के उर्दू विद्यालय में चार कमरे है, जिसमे लगभग चार सौ बच्चे पढ़ते है। जिन्हे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा है। विद्यालय में मिट्टी नही डाले जाने के कारण विद्यालय का परिसर काफी नीचे हो गया जिससे जल जमाव हो जा रही है। वहीं सेख बहुआर के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली को देखते हुए उन्होंने कहा कि यहां जल्द से जल्द स्वस्थ व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए इसके साथ ही यहां पर स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है।

झाड़ी से भारी मात्रा में केन बियर किया बरामद

वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)। वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंजौर गांव स्थित ईंट भठ्ठा के पास झाडी से भारी मात्रा में केन बियर बरामद किया है, लेकिन पुलिस आने की भनक लगते ही शराब तस्कर फरार होने में सफल रहा। वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बुधवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली की मंजौर गांव के ईट भठ्ठा के पास विदेशी शराब बिक्री के लिए छुपाकर रखा गया है। सूचना की जानकारी वरीय पदाधिकारी को देते हुए एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई के लिए निकल पडे।

लचर विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध दूसरे दिन भी बन्द रहा पाली एवं बड़राजी बाजार

निज संवाददाता

कौआकोल। बिजली की लचर व दयनीय व्यवस्था से खफा विद्युत उपभोक्ताओं का गुस्सा लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को लगातार प्रखण्ड के पाली, गोला बाजार एवं बड़राजी गांव के ग्रामीणों एवं व्यवसायियों ने लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने लगातार दूसरे दिन भी स्वेच्छापूर्वक बाजार बंद कर आन्दोलन का समर्थन किया। वहीं दूसरे दिन भी कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर यातायात सेवा बाधित रहा। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि इस दौरान कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बड़राजी बाजार पहुंचकर विद्युत उपभोक्ताओं से बात कर बिजली व्यवस्था में सुधार लाने का आश्वासन देकर मोबाइल पर ही विद्युत विभाग के कर्मियों को फटकार लगाई। वहीं वरीय अधिकारियों ने भी मोबाइल पर ही दस दिनों के अंदर बिजली व्यवस्था में अपेक्षित सुधार लाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद उपभोक्ता संतुष्ट होकर आंदोलन वापस लिया। कौआकोल पश्चिमी के जिला पार्षद नीतीश राज ने बताया कि कौआकोल बीडीओ एवं बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद फिलहाल आंदोलन को वापस लिया गया है। निर्धारित समय सीमा के अंदर व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर और उग्र आंदोलन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बिजली विभाग के कार्यालय व अधिकारियों का भी घेराव किया जाएगा।

बिजली के लिए मचा हाहाकार, बन्द रहा कौआकोल बाजार

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। कौआकोल में लगातार बिजली व्यवस्था लचर होते जा रही है। हाल ये है कि लोगों को मुश्किल से ढंग से दो-तीन घण्टे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। जिससे व्यवसाय, कृषि कार्य से लेकर अन्य सभी तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं लचर विद्युत व्यवस्था से ग्रामीणों का भी गुस्सा उफान पर है। गुरुवार को लचर विद्युत व्यवस्था के विरुद्ध कौआकोल मुख्यालय का बाजार पूरी तरह बन्द रहा है। दुकानदारों ने स्वेच्छापूर्वक अपनी अपनी दुकानें बंद कर विद्युत व्यवस्था के प्रति अपनी नाराजगी जताई। वहीं कौआकोल बाजार अवस्थित आर्य समाज मन्दिर में दुकानदारों ने बैठक कर मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं कार्यपालक अभियंता को ईमेल से आवेदन भेजकर कौआकोल प्रखण्ड में बिजली आपूर्ति में सुधार लाने की मांग किया। बाजार समिति के अध्यक्ष समीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष लाल, महामंत्री दिलीप कुमार आदि ने बताया कि मोबाइल पर कार्यपालक अभियंता से बात करने पर उनके द्वारा शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में अपेक्षित सुधार करने की बात कही है। मौके पर मो शमीम अख्तर, शंकर लाल, सन्नी आदि मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली)
निविदा आमंत्रण सूचना

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/15/2024–25 मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।
निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/15/2024–25, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** पटना और झाझा के रनिंग रूम में पैकेज्ड एयर कंडीशनर का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत :** रु. 2,23,50,776/–, **3. अग्रधन राशि :** रु. 261800/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 23.08.2024 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।
नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/00811/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24–25/40

संक्षिप्त समाचार

बिजली खंभा से बाइक टकराई, युवक की मौत

आरा। बिजली के खंभा से एक बाइक के टकराने से उसे चला रहे युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार को चरपोखरी थाना क्षेत्र में चरपोखरी पसौर पथ पर हुई। मृतक 25 वर्षीय नागेंद्र कुमार, चरपोखरी थाना क्षेत्र के खरांटी गांव के निवासी हरेंद्र सिंह का पुत्र था। ग्रामीणों ने बताया कि पसौर गांव के समीप विपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के द्वारा चकमा देने से बचने के प्रयास में बाइक सवार नागेंद्र असंतुलित हो गया। इस क्रम में अनियंत्रित बाइक सड़क के किनारे गड़े पोल से टकरा गई। जिसके कारण नागेंद्र की मौत हो गई। नागेंद्र कुमार पेशे से किसान था। धान की रोपनी कराने के लिए नागेंद्र बाइक से मजदूर को लाने के लिए पसौर गांव जा रहा था। घटना के बाद स्कॉर्पियो का चालक अपनी गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा मृतक नागेंद्र कुमार के परिवार को दिया। इसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। गुस्साए लोगों ने आरा-सासाराम स्टेट हाईवे को जाम किया नागेंद्र की मौत के बाद लोग उग्र हो गए। आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर पसौर मोड़ के समीप शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। लोग नागेंद्र के परिवार के लिए मुआवजा और स्कार्पियो चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।चरपोखरी अंचल के अंचलाधिकारी चंदन चौधरी और थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन शुरुआत में प्रदर्शनकारी अधिकारियों की बात मानने को तैयार नहीं थे। इधर हाईवे पर दोनों तरफ गाड़ियों की लाइन लगने लगीं। करीब 30 मिनट बाद अंचल अधिकारी और थाना अध्यक्ष के समझाने और आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी सड़क पर से शव को उठाने और हाईवे से जाम हटाने को राजी हुए। इसके बाद ग्रामीण अपने घरों को लौट गए और यातायात सामान्य हुआ।

क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में आरा व बेली रोड चैंपियन

आरा। केंद्रीय विद्यालय में दो दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्रीड़ा शिक्षक मनीष कुमार के निर्देशन में 80 प्रतिभागियों, रेफरी व निर्णायक मंडल शामिल हुए। रस्सी कूद प्रतियोगिता में 11 विद्यालय शामिल हुए। जिसमें केंद्रीय विद्यालय आरा ओवरऑल चैंपियन रहा। योग प्रतियोगिता में 10 विद्यालय शामिल हुए। जिसमें केंद्रीय विद्यालय द्वितीय पली, बेली रोड, पटना ओवरऑल चैंपियन रहा। समापन समारोह में केंद्रीय विद्यालय आरा के प्राचार्य एमएस अहमद ने मुख्य अतिथि दन्त चिकित्सक प्रतीक और विशिष्ट अतिथि बिहटा के विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय कुमार झा का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डा. प्रतीक ने कहा कि खेल में जीत और हार टीम भावना पर निर्भर करती है। अपने अंदर खेल भावना को हमेशा बनाकर रखने से जीवन में हमेश प्रसन्न रहेंगे। खेल के मैदान में अगर जीत गए तो शायद भूल जायेंगे। लेकिन यदि हार गए, तब हमेशा याद रहेगा कि इसी गलती की वजह से हारे।

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की मनी जयंती

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत ईकाई एसबी कालेज के हिंदी विभाग में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती मनाई गई। अध्यक्षता डॉ बलिराज ठाकुर ने की। संचालन डा सुदीप्ता शर्मा व प्रेमसागर पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन डा चुनन कुमारी ने की। मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि प्रेम चंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे साहित्यकार का नाम है,जिनसे साक्षर व्यक्ति ही नहीं निरक्षर व्यक्ति भी भली भांति परिचित हैं। प्रेमचंद झोपड़ी के राजा थे, इसीलिए उनके साहित्य की पहुंच झोपड़ी से लेकर राजमहल तक थी। विशिष्ट अतिथि डा मृत्युंजय सिंह ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य हमारे समाज का दर्पण है। हम उनके साहित्य में तत्कालीन समाज का जीता जागता चित्र देख सकते हैं। डॉ दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि प्रेमचंद सामाजिक जीवन के कुशल शिल्पी हैं। डा वज्रांग प्रताप केशरी ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां आदर्शोन्मुख यथार्थवादी हैं और उनका साहित्य केवल समाज का दर्पण सी नहीं दीपक भी है। डा स्मिता जैन ने कहा कि प्रेम चंद बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार थे। डा बलिराज ठाकुर ने कहा कि प्रेम चंद का साहित्य इंसानियत का साहित्य है। उसको पढ़कर समझ इंसान बन सकते है-यही उसकी सबसे बड़ी प्रासंगिकता है। मौके पर डा रामजी राय, डा आनंद मोहन सिन्हा, डा कुमार शिव शंकर, डा किरण कुमारी, डा साधना रावत, डा कौशल्या शर्मा, डा पंकज कुमार सुधांशु, आनंद कुमार (शोधार्थी) शुभम् कुमार और दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

176436 छात्र-छात्राओं का पोर्टल पर आधार अपलोड करने का अल्टीमेटम

आरा। जिले के सरकारी स्कूलों में फर्जी नामांकन रोकने के लिए शिक्षा विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। इस कड़ी में विद्यालय के नामांकित प्रत्येक बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही उस आधार संख्या को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अब तक भोजपुर जिले में 2 लाख 68 हजार 456 बच्चों का आधार कार्ड ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। लेकिन अभी भी 1 लाख 76 हजार 436 बच्चों का आधार कार्ड ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर लंबित है। बिहार शिक्षा परियोजना, पटना ने सभी जिले को शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने की हिदायत दी है। सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने बताया कि उदवंतनगर, चरपोखरी, तरारी, संदेश, गड़हनी और अगिआंव का रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है। वित्तीय सत्र, 2023-24 में 4 लाख 44 हजार 892 बच्चों के आधार को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करना है। इसके लिए बार-बार हिदायत दी जा रही है। 31 जुलाई 2024 को मिली रिपोर्ट के अनुसार अभी केवल दो लाख 68 हजार 456 बच्चों का ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर आधार अपलोड हुआ है। 28 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड बनाने की सुविधा भोजपुर जिले के 14 प्रखंड के 28 विद्यालयों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है।

10 फीट नीचे गड्ढे में गिरी बाइक, एक युवक की मौत

बक्सर में दूसरे की स्थिति नाजुक, JCB से वाहन को निकाला बाहर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा मोहनिया स्टेट हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के गड्ढे में बेकाबू होकर बाइक जाकर गिर गई। जिसमें बाइक चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, पीछे बैठा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। गुजर रहे राहगीरों ने दोनों को गड्ढे से बाहर निकाल कर इसकी सूचना राजपुर थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में पहुंचाया, तो वहीं मृत व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जेसीबी के सहारे से बाइक को गड्ढे से बाहर निकाला गया।

जीविका की बैठक में भाग लेने के लिए जा रहे थे दोनों: शुक्रवालिया गांव के निवासी ग्रामीण चिकित्सक निर्मल राम (33) पिता स्व.रामकृत राम और मुन्ना राम पिता शिवनाथ राम दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। यह कैमूर जिला के नुआंव में आयोजित जीविका की बैठक में भाग लेने के लिए गए थे। ग्रामीण चिकित्सक निर्मल राम की पत्नी जीविका में काम करती है। वहीं, कैमूर से लौटने के क्रम में जैसे ही वे राजपुर थाना क्षेत्र के जलिलपुर पंचायत के पास पहुंचे। वहां पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में उनकी बाइक बेकाबू होकर गिर गई।

घायल की स्थिति गंभीर: गड्ढे में गिरते ही चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर रोड से गुजर रहे लोगों ने इन्हें देखकर किसी तरह से बाहर निकाला और ग्रामीणों की मदद से इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सक ने निर्मल राम को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में घायल मुन्ना राम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संतोष कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि काम एजेंसी के तरफ से सुरक्षात्मक घेराबंदी की गई है। रेडियम युक्त बांस बल्ले से घेरा गया है। ऐसा मालूम होता है कि बाइक तेज गति में होगी, नजदीक पहुंचने पर रोड पतला होने से गाड़ी सीधे गढ़े में जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेन पर चढ़ने के दौरान गिरी महिला, गंभीर

डॉक्टर ने पहुंचाया अस्पताल, पटना रेफर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के दौरान एक महिला यात्री का पैर का बैलेंस बिगड़ा और वह ट्रेन से गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसी दौरान बक्सर अस्पताल में ड्यूटी करने जाने के लिए डॉक्टर विनीश कुमार भी खड़े थे। जिन्होंने ड्यूटी जाने के बजाय आसपास के लोगो के सहयोग से महिला को स्टेशन के बगल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद खुद ही उसे अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर के इस प्रयास से महिला की जान बच गई। फिलहाल महिला को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं डॉ विनीश के इस प्रयास की चारों ओर सराहना हो रही है।

घटना के बाद तुरंत पहुंचाया अस्पताल: मिली जानकारी के अनुसार मलियाबाग निवासी रेशमा खातून उम्र 32 वर्ष श्रमजीवी एक्सप्रेस से डुमरांव से लखनऊ जाने वाले थी। स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुई भीड़ से उसका

पैर फिसल गया और वो गंभीर रूप से जख्मी हो गई। संयोग से बक्सर सदर अस्पताल के चिकित्सक भी अपनी खराब तबीयत से उबरने के बाद पहले दिन उसी ट्रेन से अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने बक्सर जा रहे थे। महिला को जख्मी अवस्था में देखकर डॉ विनीश ने ट्रेन छोड़ दी और फौरन महिला को इलाज कराने के लिए पहले नजदीक के निजी अस्पताल फिर सरकारी अस्पताल में पहुंचा उसकी जान बचाई है।हालांकि उसकी स्थिति अब भी बेहद नाजुक बताई जा रही है। जिसे पटना बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा पहुंचे आरा, विस्तृत जिला कार्यसमिति बैठक में लिया हिस्सा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के धनुपरा स्थित एक निजी रिसोर्ट में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विस्तृत जिला कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आरा पहुंचे। जहां उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में विजय कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को कई महत्वपूर्ण काम सौंपा। वहीं तरारी में होने वाले उप चुनाव को लेकर पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए संकल्पित किया। वहीं बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि देश विकास की गति की ओर तेजी से बढ़ चुका है। नकारात्मक वातावरण फैलाने वाले के विरुद्ध एक बड़ा अभियान शुरू हो चुका है। 2025 में राजद गठबंधन 25 सीट भी पार नहीं कर पाएंगे। वहीं शाहाबाद के सभी चारों सीट हारने वाले सवाल पर विजय सिन्हा ने कहा कि शाहाबाद के सभी सीटों का जवाब यहां की जनता विधानसभा चुनाव में देगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति पारस के द्वारा सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले सवाल पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती है कि सब लोग दावेदारी करते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी लोग दावेदारी करते है लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में मिलकर ही लड़ते है।

सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी, रास्ते में अज्ञात वाहन ने मार दी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के आरा-मोहनिया मुख्य मार्ग जगदीशपुर नयका टोला के समीप बुधवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे की खबर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना पर जगदीशपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों जख्मियों को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आई। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जख्मियों को बेहतर इलाज के आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एक की स्थिति ज्यादा गंभीर होने से पटना रेफर किया गया है। जख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के पीरो गांव वार्ड 7 निवासी आलमगीर शेख का 22 वर्षीय पुत्र इम्तियाज शेख और उमाकांत ठाकुर का 20 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। इधर जख्मी इम्तियाज के परिजनों ने बताया कि वह अपने दोस्त के उमाकांत ठाकुर के साथ बाइक से जगदीशपुर की ओर किसी काम से आ रहा था। इसी बीच नयका टोला मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

अधिक खून गिरने से स्थिति गंभीर: हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। जगदीशपुर पुलिस की मदद से दोनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर सूर्यकांत निराला ने बताया कि दोनों जख्मियों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। हालांकि अधिक खून गिर जाने के कारण एक की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

सिगरेट न देने पर मारपीट, तीन लोग हुए घायल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव में बुधवार की देर शाम किराना दुकानदार से सिगरेट न देने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें पिता–पुत्र समेत तीन लोगों की बेहरमी से पिटाई कर दी गई। लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव निवासी राज कुमार साह के 42 वर्षीय पुत्र उपेंद्र सिंह, इनके 18 वर्षीय पुत्र पंकज साह और चाचा स्व. मोती लाल साह के 55 वर्षीय पुत्र हीरा लाल साह है। जख्मी उपेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव में दो जगह किराना की दुकान है। मंगलवार की रात करीब 11 बजे गांव के लोग नशे में धुत्त होकर दुकान पर आए और चिल्लाकर सिगरेट मांगने लगे। इस दौरान दुकान बंद रहने के कारण दरवाजे पर लात से मारने लगे। कुछ देर बीत जाने के बाद गाली-गलौज करते हुए चले गए।

स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ के तहत हुआ प्लॉग रन

निज संवाददाता। आरा

नगर निगम द्वारा रमना मैदान में "स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ" के तहत प्लॉग रन हुआ। इस दौरान उपनगर आयुक्त विनोद कुमार, उदय शंकर यादव,, सिटी मैनेजर ओम प्रकाश, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी दिव्य विकास सिंह, विकास कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे। "स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ" के तहत रमना मैदान मे बिखरे प्लास्टिक पैकेट, प्लास्टिक बोतल, काग़ज़, इत्यादि अपशिष्ट पदार्थों की पिकीगं गई और मैदान मे व्यायाम करने वाले लोगों को सेहत के साथ स्वच्छता का भी का संदेश दिया गया। इसके पूर्व भी नगर आयुक्त ने नगर निगम से स्वच्छता रैली को रवाना किया था। रैली का नेतृत्व स्वच्छता पदाधिकारी दिव्य विकास सिंह और विकास कुमार ने किया। सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी दिव्य विकास सिंह ने कहा कि अभी बारिश के मौसम में गंदगी, जल जमाव के वजह से कई संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना होती हैं इसी के निवारण के लिए जन जागरुकता अभियान के तहत "स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ" विषय पर रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उप महापौर की तरफ से सरोज कुमार भी उपस्थित थे।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना

आसनसोल मंडल के तहत पार्सल की जगह (एसएलआर) पट्टे पर प्रदान करना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा संविदा की सुपुर्दगी के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है: **नीलामी की श्रेणी:** पार्सल की जगह (एसएलआर) पट्टे पर प्रदान करना। **ई-नीलामी सूचीपत्र सं.:** सी-3-पीएआरसीएएसएन1608; **नीलामियां शुरू होने की तारीख:** 16.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रमांक, ट्रेन नं. एवं एसएलआर** क्रमशः निम्नलिखित है: **(1)** 12376 (जसीडीह-ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(2)** 13509 (आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(3)** 22465 (मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(4)** 22306 (जसीडीह-एसएमवीटी बेंगलुरू साप्ताहिक सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(5)** 12384 (आसनसोल-सियालदह सुपरफॉस्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(6)** 17322 (जसीडीह-वास्को-डा-गामा साप्ताहिक एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(7)** 22459 (मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर हमसफर एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(8)** 11428 (जसीडीह-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(9)** 13509 (आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस) एफएसएलआर-2, **(10)** 13507 (आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस) एफएसएलआर-2, **(11)** 12235 (मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल हससफर एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(12)** 12342 (आसनसोल-हावड़ा अग्निबीणा एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(13)** 19436 (आसनसोल-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(14)** 13507 (आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1, **(15)** 13509 (आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस) आरएसएलआर-1, **(16)** 12942 (आसनसोल-भावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस) एफएसएलआर-1. सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपर उल्लेखित अनुसूची के अनुसार ऊपर वर्णित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण हेतु तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-137/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 101-110, 112-115-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 29.07.2024। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1। निविदा संख्या: 101-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर-किऊल खंड में धनौरी-किऊल स्टेशनों के बीच किमी. 400/0-1 पर समपार फाटक संख्या 34-स्पेशल के स्थान पर तथा मसुदन-अभयपुर स्टेशनों के बीच किमी. 377/9-378/0 पर समपार फाटक संख्या 23 के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 10,52,16,055.61। **क्रमांक 2 । निविदा संख्या: 102-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर-किऊल खंड में जमालपुर-दशरथपुर स्टेशनों के बीच किमी. 361/6-7 पर समपार फाटक संख्या 16-स्पेशल के स्थान पर तथा किमी. 362/7-8 पर समपार फाटक संख्या 17- स्पेशल के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 11,09,12,082.68। **क्रमांक 3 । निविदा संख्या: 103-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर-किऊल खंड में अभयपुर-कजरा स्टेशनों के बीच किमी. 382/6-7 पर समपार फाटक संख्या 26 के स्थान पर तथा किमी. 386/4-5 पर समपार फाटक संख्या 27-स्पेशल के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,95,95,746.35। **क्रमांक 4। निविदा संख्या: 104-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में बड़हरवा-साहिबगंज खंड में करणपुरातो-महाराजपुर स्टेशनों के बीच किमी. 216.95 पर समपार फाटक संख्या 52 के स्थान पर और सहायक अभियंता/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में साहिबगंज-भागलपुर खंड में घोघा-लाइलख मामलखा स्टेशनों के बीच किमी. 286/5-6 पर समपार फाटक संख्या 8-स्पेशल के स्थान परसबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** ₹ 12,96,09,069.09। **क्रमांक 5। निविदा संख्या : 105-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में साहिबगंज-करमटोला स्टेशनों के बीच किमी. 237/1-2 पर समपार फाटक संख्या 1 के स्थान पर और साहिबगंज-भागलपुर खंड में पीरपैंती-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी. 263/6-7 पर समपार फाटक संख्या 5/स्पेशल के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,31,52,648.23। **क्रमांक 6। निविदा संख्या: 106-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन साहिबगंज-भागलपुर खंड में बिक्रमशिला-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी 266/4-5 पर समपार फाटक संख्या 5 के स्थान पर और सहायक अभियंता/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन भागलपुर-मंदार हिल खंड में बराहाट जंक्शन-पंजवारा रोड स्टेशनों के बीच किमी. 41/14-15 पर समपार फाटक संख्या 29 के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** ₹ 8,83,75,784.45। **क्रमांक 7। निविदा संख्या : 107-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम :** मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन भागलपुर-जमालपुर खंड में रतनपुर स्टेशन यार्ड में किमी. 351/8-9 पर समपार फाटक संख्या 16, सुल्तानगंज-गंगानिया स्टेशनों के बीच किमी. 331.629 पर समपार फाटक संख्या 11 के स्थान पर एवं अकबरनगर-सुल्तानगंज स्टेशनों के बीच किमी. 325.636 पर समपार फाटक संख्या 7 के स्थान पर सबवे के निर्माण हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** ₹ 13,97,28,972.35। **क्रमांक 8। निविदा संख्या : 108-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता-III/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन भागलपुर-जमालपुर खंड में नाथनगर-अकबरनगर स्टेशनों के बीच किमी. 316/7-8 पर समपार फाटक संख्या 2 और किमी. 314/97 - 315/0 पर समपार फाटक संख्या 2ए के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,08,50,382.17। **क्रमांक 9। निविदा सं.: 109-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अधीन न्यू फरक्का-आजिमगंज और न्यू फरक्का-बड़हरवा खंड के बीच किमी. 238/6-7, 239/7-8 और 260/6-7 पर समपार फाटक संख्या 41, 42 और 61 के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 13,97,28,972.35। **क्रमांक 10। निविदा सं.: 110-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अधीन बड़हरवा-साहिबगंज खंड में तीनपहाड़-कल्याणचक स्टेशनों के बीच किमी.197/3-4 पर समपार फाटक संख्या 48 के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा । **निविदा मूल्य:** ₹ 4,65,76,324.12। **क्रमांक 11। निविदा संख्या: 112-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में निमतीता-धुलियान गंगा स्टेशनों के बीच किमी. 234/7-8 पर समपार फाटक संख्या 37-स्पेशल, किमी. 237/7-8 पर समपार फाटक संख्या 39-स्पेशल और किमी. 240/5-6 पर समपार फाटक संख्या 44-स्पेशल के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,50,04,669.65। **क्रमांक 12। निविदा संख्या: 113-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अधीन आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में धूलियान गंगा-न्यू फरक्का स्टेशनों के बीच गनकर-जंगीपुर रोड पर किमी. 206/6-7 पर समपार फाटक संख्या 20-स्पेशल, किमी. 243/0-1 पर समपार फाटक संख्या 47-स्पेशल और किमी. 247/4-5 पर समपार फाटक संख्या 53-स्पेशल के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,50,04,669.65। **क्रमांक 13। निविदा संख्या: 114-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अधीन बड़हरवा-साहिबगंज खंड में कल्याणचक-तालझरी स्टेशनों के बीच किमी. 199/9-10 पर समपार फाटक संख्या 50 के स्थान पर, न्यू फरक्का-बरहरवा खंड में तिलडांगा-बोनीडंगा स्टेशनों के बीच किमी. 262/3-2 पर समपार फाटक संख्या 62 और किमी. 263/1-2 पर समपार फाटक संख्या 63 के स्थान पर सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,50,04,669.65। **क्रमांक 14। निविदा संख्या: 115-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधिकार क्षेत्र के अधीन आजिमगंज-न्यू फरक्का खंड में महिपाल रोड-मणिग्राम स्टेशनों के बीच किमी. 188/4-5 पर समपार फाटक संख्या 5/स्पेशल के बदले में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,83,34,889.88। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 16.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रमांक 1 से 3 प्रत्येक के लिए), 17.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रमांक 4 से 6 प्रत्येक के लिए) और 19.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रमांक 7 से 14 प्रत्येक के लिए)। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट : **www.ireps.gov.in** / डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन। (MLD-71/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. ई-09-टीएम-सीपीओएच-केपीए-2024-25, दिनांक 31.07.2024; मुख्य कारखाना प्रबंधक/सीपीओएच/कांचरापाड़ा, भूतबागान, रेलवे कॉलोनी, कांचरापाड़ा, पूर्व रेलवे, पिन-743145 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए पर्याप्त अनुभव, वित्तीय क्षमता एवं समुचित एवं वांछित संसाधन तथा अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित एवं पात्र ठेकेदारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** सीपीओएच/कांचरापाड़ा में विभिन्न ट्रैक मशीनों की ओवरहॉलिंग/मरम्मत। **निविदा मूल्य:** रु. 5,63,68,974.86; **बयाना राशि:** रु. 4,31,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **खुलने की तारीख एवं समय:** 23.08.2024 को अपराह्न 1.00 बजे। निविदा सूचना, दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ पात्रता के अपेक्षित मानदंड का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (MISC-120/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

एनआईटी सं. 145_2024-25, दिनांक 31.07.2024; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा (**सीनि. डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** (i) ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल-हावड़ा में महत्वपूर्ण पुनरुद्धार एवं मरम्मत कार्य का शेष बचा हुआ कार्य। (ii) ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल हावड़ा की इनडोर बिल्डिंग में सभी वाश रूमों, इनडोर वार्ड, रसोईघर, ओटी इत्यादि की क्षतिग्रस्त फर्श/सीलिंग का नवीनीकरण। (iii) ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल हावड़ा की आउटडोर बिल्डिंग में सभी वाश रूम, ओपीडी, एक्स-रे, आईसीयू, डॉक्टर चेम्बर इत्यादि की क्षतिग्रस्त फर्श/सीलिंग का नवीनीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 3,10,74,741.3; **बयाना राशि:** रु. 3,05,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 06 (छह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 22.08.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान -** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत [टीडीसी] का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-197/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

महिला के साथ दो ट्रक चालक ने किया रेप, अरेस्ट, घटना के समय घर में अकेली थी पीड़िता

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफसिल थाना क्षेत्र के हरदियाबाद गांव में घर में घुसकर 30 वर्षीय महिला के साथ दो युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद पीड़िता ने मुफसिल थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने प्रथामिकी दर्ज कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदियाबाद गांव निवासी युगल यादव का पुत्र सनोज यादव और संजय यादव का पुत्र छोटू यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी ट्रक चालक है। वहीं महिला के मेडिकल जांच और फॉरेंसींक जांच में सत्यता पाई गई है। इसकी जानकारी सदर एसडीपो राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि घटना के समय महिला घर में अकेली थी। तभी गांव के ही दो लोगों ने मौका पाकर घर में घुस गए और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता के परिजन घर में आ गया। तब तक आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया। उन्होंने कहा की दोनों गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

♦ घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम

कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी की हुई गिरफ्तारी: डीएसपी ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी किया। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना थानाध्यक्ष के द्वारा पहले एसपी सर को दिया गया। जिसके बाद एसपी सैयद इमरान मसुद के द्वारा सदर डीएसपी राजेश कुमार और प्रशिक्षु डीएसपी कुमार अभीषेक के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार, एसआई नीतीश कुमार, एसआई श्री राम कुमार और एसआई शिवरानी कुमारी के बदले पुलिस जवान मौजूद थे।

जलवायु अनुकूल खेती सीखने रांची गए 60 किसान

भागलपुर। जलवायु अनुकूल खेती विषय पर पांच दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के 60 किसान बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र रांची के लिए रवाना हुए। जिला कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार यादव, आत्मा सह-परियोजना निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने जिला कृषि भवन परिसर में बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के तहत सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौधरी ने बुधवार को हवेली खड़गपुर थाना से जुड़े एक मामले में एक्शन लिया है। आरोपित कुंदन कुमार को भारतीय दंड विधान और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपित कुंदन कुमार को 19 जुलाई को दोषी करार दिया गया था। इसके बाद बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सजा सुनाई। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रीतम कुमार वैश्य ने बहस में भाग लिया। विशेष लोक अभियोजक प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि इस मामले में आरोपी कुंदन कुमार ने सूचक की बच्ची को अपनी बाइक पर बैठा कर घर छोड़ने की बात कही। उसे लेकर फरार हो गया।

वह ओडिशा के विशाखापट्टनम चला गया। वहां से लौटने के क्रम में पुलिस ने कजरा से पीड़िता को बरामद किया। उस समय भी कुंदन कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। बाद में उसे गिरफ्तार किया गया। इस मामले में न्यायालय ने आरोपित को भारतीय दंड विधान तथा पाक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

मुंगेर व जमालपुर में ट्रेन व प्लेटफार्म सुविधा बढ़े

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने पूर्व रेलवे महाप्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि मालदा डिविजन अंतर्गत जमालपुर स्टेशन, मुंगेर स्टेशन, सफिया सराय हॉल्ट व ऋषि कुंड हॉल्ट पर विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। पत्र में कहा गया है कि जमालपुर स्टेशन बहुत पुराना स्टेशन जो 1862 में बना है। उस समय से तीन प्लेटफार्म है, जबकि भागलपुर-क्यूल रेल लाइन का जमालपुर सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है। जमालपुर स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाए, इसके लिए रेलवे के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। इसके अलावा जमालपुर स्टेशन पर अतिरिक्त वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाए। साथ ही साफियाबाद हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिया जाए। ब्रिटिश काल में साफियाबाद हाल्ट बनाया गया था, जिसमें बुकिंग काउंटर की सुविधा उपलब्ध थी। गंगा रेल पुल बनने के बाद हॉल्ट को खत्म कर दिया गया। इसके अलावा पत्र में कहा गया है कि ऋषि कुंड हॉल्ट रेलवे क्रॉसिंग व 5 नंबर गुमटी जो मुंगेर-जमालपुर रेल लाइन पर है, यहां आरओबी का निर्माण कार्य कराया जाए। जिससे लोगों को सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने मांग किया है कि वर्तमान में वाराणसी से राजगीर तक चलने वाली ट्रेन का विस्तार कर उसे सहरसा तक किया जाए। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

शॉर्ट-सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार की सुबह तीन बजे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। समय रहते मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पा लिया। मामला जिले के मधूसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर एसबीआई बैंक के समीप की है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से आग लग गई। पुलिस गश्ती कर रही थी। उन्होंने आग पर किसी तरह का काबू पाया। मालूम हो कि नूरपुर स्थित एसबीआई बैंक के समीप दो बिजली ट्रांसफार्मर है। एक में शॉर्ट-सर्किट होने की वजह से आग लग गई। आग इतना भयावय था कि वह दूसरे ट्रांसफार्मर में भी लग सकती थी। लेकिन समय रहते पुलिस ने आसपास की मिट्टी उठाकर आग बुझाई। 2 घंटे तक बिजली बाधित रही। एसआई गोपाल कुमार ने बताया कि हम लोग गश्ती कर रहे थे, इसी दौरान ट्रांसफार्मर में आग लगते हुए देखा तभी आसपास से मिट्टी जमाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। बगल में भी ट्रांसफार्मर था। उसमें भी आग लग सकती थी, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुई है। इधर, ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद दो घंटे तक इलाके की बिजली बाधित रही।

कार्यकर्ता आधारित पार्टी है भाजपा: गोपाल

भागलपुर। भाजपा बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह बुधवार को निजी कार्यक्रम में शामिल होने भागलपुर पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं ने सर्किट हाउस में उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता को सम्मान केवल भाजपा में मिलता है, जिसका उदाहरण है कि मेरे जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया था। भाजपा ही ऐसा कर सकती है कि बूथ का अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बन सकता है। मौके पर रंजन सिंह, डॉ रोशन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, श्वेता सिंह, इंदुभूषण झा, प्रणव दास, सुधांशु शेखर, प्रशांत विक्रम, अक्षय आनंद मोदी, आशीष कुमार, गुलशन सिंह, गौरव, महिपाल सिंह, सूरज कुमार, धनंजय, राहुल चौहान मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 02/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक 27.07.2024 जिसे PR 331034 Rural Work Department (24-25) (D) द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उसके **क्रमांक 09 अंकित योजना का प्राक्कलित राशि 260.001 लाख रूपये के स्थान पर 477.351 लाख (चार करोड़ सतहत्तर लाख पैंतीस हजार एक सौ रूपये) एवं कार्य समाप्ति की अवधि 15 महीना के स्थान पर 18 महीना पढ़ा जाय।**

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

PR 331463 Rural Work Department(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

हावड़ा और रक्सौल के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का आवागमन जारी रहेगा

आगामी पूजा, दिवाली, छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के निपटान के लिए, निम्नलिखित दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का आवागमन हावड़ा और रक्सौल के बीच उनके मौजूदा मार्ग, समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार उनके प्रत्येक के सामने उल्लिखित तिथियों पर और अधिक ट्रिप के लिए निम्नानुसार जारी रहेगा: **आवागमन की बढ़ाई गई तिथियाँ:** ● **03043 हावड़ा–रक्सौल स्पेशल** दिनांक 05, 12, 19, 26.10.2024, 02, 09, 16, 23 और 30.11.2024 (शनिवार) को = 09 ट्रिप तथा **03044 रक्सौल–हावड़ा स्पेशल** दिनांक 06, 13, 20, 27.10.2024, 03, 10, 17, 24.11.2024 और 01.12.2024 (रविवार) को = 09 ट्रिप ● **03045 हावड़ा–रक्सौल स्पेशल** दिनांक 07, 14, 21, 28.10.2024, 04, 11,18 और 25.11.2024 (सोमवार) को = 08 ट्रिप तथा **03046 रक्सौल–हावड़ा स्पेशल** दिनांक 08, 15, 22, 29.10.2024, 05, 12, 19 और 26.11.2024 (मंगलवार) को = 08 ट्रिप। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

-:: सूचना ::-

समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से कियान्वयन किया जा रहा है। समेकित बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्ताधारी व्यक्तियों से निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

Sr No. Distt	State	Post Code	Unit	Designation	Category	No of Post
1	15	DCPS02	DCPS	संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखरेख	अनारक्षित	01
2	16	DCPS03	DCPS	संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख)	अनारक्षित	01
3	18	DCPS05	DCPS	परामर्शदाता	अनारक्षित	01
4	19	DCPS06	DCPS	सामाजिक कार्यकर्त्ता	अनारक्षित अत्यंत पिछड़ा वर्ग	01 01
5	21	DCPS08	DCPS	आँकड़ा विश्लेषक	अनारक्षित	01

आवेदन की प्रकिया :–

1. जिला स्तर पर आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक –21/08/2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. क्रम संख्या 01 से 05 तक के जिला स्तरीय पदों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थी जिला स्तरीय पदो के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा निम्न पता पर भेजा जा सकता है :–
   जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा,
   पता– विकास भवन, चतरा (दूसरा तल्ला), पो0/थाना/जिला–चतरा (झारखण्ड), पिन कोड–825401
3. उपरोक्त सभी पदो के लिए आवेदन प्रपत्र, नियम एवं शर्ते, शैक्षणिक योग्यता के अलावा अतिरिक्त योग्यता का विवरणी निम्नलिखित Website-www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है।

PR 331539 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)_D

अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया –सह–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा

व्यवहार न्यायालय, चतरा

विज्ञापन संख्या 01/2024

व्यवहार न्यायालय, चतरा में निम्न रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

स्वीपर–01 पद, योग्यता साक्षर।	पानी पांडे–सह–फरास–01 पद योग्यता–दसवीं (मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष	माली–01 पद योग्यता–दसवीं (मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष और बागवानी में तीन वर्ष का कार्य अनुभव।

आवेदन केवल भारतीय डाक सेवा के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 14/08/2024। विस्तृत विज्ञापन व्यवहार न्यायालय, चतरा एवं समाहरणालय, चतरा के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/chatra में देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,चतरा

PR 331432 Law(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-06/2024-25**

1. **कार्य की विस्तृत विवरणी** :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	पलामू जिला के प्रखण्ड सतबरवा अंतर्गत पंचायत बारी, ग्राम–राजडेरवा में गणपत चौधरी के घर के पास पुल निर्माण।	33646500.00	673000.00	10000.00	18 माह।
2	पलामू जिला के प्रखण्ड चैनपुर अन्तर्गत पंचायत–सलतुआ, सगरदीनवा में तहले नदी पर पुल निर्माण।	50015800.00	1000500.00	10000.00	24 माह।
3	पलामू जिला के प्रखण्ड मेदिनीनगर अन्तर्गत पंचायत लहलहे ग्राम नावाटोली में मलय नदी पर पुल निर्माण।	34605800.00	692500.00	10000.00	18 माह।
4	पलामू जिला के प्रखण्ड पांकी अन्तर्गत पंचायत–सकलदीपा में मुर्गीटांड़ से खपरमंडा पथ में खपरमंडा नदी पर पुल निर्माण।	27676100.00	554000.00	10000.00	18 माह।
5	पलामू जिला के प्रखण्ड पाटन के पंचायत पचकेड़िया के ग्राम भितियाही में जिंजोई नदी पर पुल निर्माण।	60572400.00	1211500.00	10000.00	24 माह।

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **05.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **05.08.2024** से दिनांक **17.08.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **21.08.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 331466 Rural Development(24-25)#D

e-Procurement Cell
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD CHATRA JHARKHAND
Very Short e-procurement Notice

e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/04/2024-25 **Dated-01.08.2024**

Sl. No.	Particular	Details (15th Finance Untied Grant Scheme)			
01	Name of Work (Group No.-01)	Construction of P.C.C Road Sadar block to Giri Ji's house ward no.-01 under Nagar Parishad, Chatra.			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		19,31,750/-	38,700/-	5,000/-	03 Months
02	Name of Work (Group No.-02)	Construction of RCC drain from the house to Sagar Saw to Devi Mandap, Ward No.-22 under Nagar Parishad, Chatra.			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		23,61,000/-	47,300/-	5,000/-	03 Months
03	Name of Work (Group No.-03)	Construction of RCC drain from Kakan Bhagat House to Prasad Saw house in ward no.-18 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,12,000/-	48,300/-	5,000/-	03 Months
04	Name of Work (Group No.-04)	Construction of RCC drain from Ekbal Lala house to Kaso Babu house in ward no.-20 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,90,750/-	50,000/-	5,000/-	03 Months
05	Name of Work (Group No.-05)	Construction of RCC drain from Purana Petrol Pump to Devi Mandap in ward no.-18 under Nagar Parishad, Chatra.			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,96,700/-	50,000/-	5,000/-	03 Months
06	Name of Work (Group No.-06)	Construction of RCC drain and PCC road in Mustik Colony from Hafiz Jalal House to Bahme and Shakil House to Madarsa boundary wall in ward no.-20 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		23,48,000/-	47,000/-	5,000/-	03 Months
07	Name of Work (Group No.-07)	Cosntruction of RCC drain from Mathura Saw house to Mahua Chowk via Liyakat Ali Road in ward no.-19 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		21,23,000/-	42,500/-	5,000/-	03 Months
08	Name of Work (Group No.-08)	Construction of RCC drain and PCC road from Mukesh Saw house to Ashok kr Sahu house, Gokhla Ahra to Prayag saw shop and Basanti Devi house to Kedar saw house in ward no.-17 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,83,700/-	50,000/-	5,000/-	03 Months
09	Name of Work (Group No.-09)	Costruction of RCC drain and PCC road from Pradeep Ram to Shankar Ram, Chandrika Ram house to Naresh Ram house and Bijay Saw house to Krishna Vishwakarma house in ward no.-17 undr Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		22,89,000/-	46,000/-	5,000/-	03 Months
10	Name of Work (Group No.-10)	Construction of RCC drain from Devi Mandap to Kamal Ram house in ward no.-18 undr Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,98,950/-	50,000/-	5,000/-	03 Months
11	Name of Work (Group No.-11)	Construction of PCC road Over Katcha Road from (i) The Premises of Model College, Chatra to top of ascent near Sulabh Sauchalaya (ii) The Sulabh Sauchalaya to the house of Rita Devi and (iii) the premises of I.T.I, College, Chatra to the PCC Road in ward no.-21 under Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		24,81,547/-	50,000/-	5,000/-	03 Months
12	Name of Work (Group No.-12)	Construction of PCC road over Katcha Road from near Bidi Pata Ware house to the Park near West side of Model College) in ward no.-21 undar Nagar Parishad, Chatra			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		21,91,941/-	44,000/-	5,000/-	03 Months
13	Date of Tender Uploading in Website- http://jharkhandtenders.gov.in	05.08.2024 at 10:00 AM			
14	Bid Submission Start Date & Time	06.08.2024 at 10:00 AM			
15	Last Date/Time for Receipt of Bid	12.08.2024 upto 5:00 PM			
16	Date & Address for Opening of Bid.	14.08.2024 upto 11:00 AM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra			
17	Name & Address of Office inviting Tender	Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand)			
18	Contact No. of Procurement Office	+91- 7717752315, 7004394602			
19	Helpline No. of e-Procurement Cell	0651-2480345			

Any change can be seen on Website *http:// jharkhandtenders.gov.in*
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

Administrator,
Nagar Parishad Chatra.

PR 331513 Urban Development(24-25)D

संक्षिप्त समाचार

बहन का अश्लील वीडियो दिखाकर युवती से दुष्कर्म, 6 साल बाद दर्ज कराई FIR

पटना, एजेंसी। पटना में श्री कृष्णापुरी थाने में देर शाम एक केस दर्ज किया गया. जिसमे 6 साल पहले हुए दुष्कर्म के बारे में बताया गया. इस मामले में राजापुर के कारोबारी को आरोपी बताया गया है. जिसमे एक युवती ने छः साल पहले हुए दुष्कर्म के बारे में शिकायत दर्ज करवाई है. युवती ने बताया कि घटना 2018 कि है.तब वह वह अपने परिवार के साथ पटना के आनंदपुरी में रहती थी.इसी दौरान राजवीर ने उसकी बहन का अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया और दुष्कर्म किया. उस समय वह बहन की बदनामी के कारण शिकायत नही कर पाई.

युवती फिलहाल अभी दिल्ली में रहती है.जहां वह इस बात की शिकायत को लेकर परेशान थी. अंत में दिल्ली के लक्ष्मीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई. वहां से जीरो एफआईआर कर दिल्ली पुलिस ने उसे पटना भेज दिया.पटना में बुधवार की देर शाम श्री कृष्णापुरी थाने में आरोपी राजापुर के कारोबारी राजवीर केशरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई.

कृष्णापुरी के थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि लड़की की उस वक्त उम्र 16 साल थी अब वह 22 वर्ष की है. इसलिए पॉक्सो और रेप की धाराओं में केस दर्ज किया गया है. पुलिस ने बुधवार की शाम को आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की. लेकिन आरोपी नहीं मिला. पुलिस अब भी आरोपी को पकड़ने के सुराग में लगी हुई है

बिहार में चिटफंड कंपनियों पर कसेगी नकेल, नीतीश सरकार ने लिया बड़ा एक्शन

पटना, एजेंसी। बिहार में चिटफंड कंपनियों पर नकेल कसने की सरकार ने तैयारी कर ली है. बिहार के सभी जिलों में चिट फंड कंपनियों के खिलाफ 175 मामले दर्ज हैं. इसमें लोगों के अब भी 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फंसी हुई हैं. आम लोगों को झांसा देकर ठगी करनेवाली इन कंपनियों के ऊपर अब सख्त कार्रवाई होगी. नीतीश कुमार की सरकार इसको लेकर काफी गंभीर है. राज्य में लोगों से धोखाधड़ी करने वाले चिटफंड या एनबीएफसी (नन-बैंकिंग फाइनेंसनें कंपनी) के खिलाफ जांच तेज कर दी गई है.

ऐसे कांडों के जांच को लेकर भी निमयों में बदलाव किया गया है. कई जिलों में आईओ (अनुसंधान पदाधिकारी) दारोगा रैंक के पदाधिकारी को बना दिया गया है. नियम के अनुसार, जांच इंस्पेक्टर रैंक के नीचे के पदाधिकारी नहीं कर सकते. ईओयू ने जिलों को हिदायत दी है कि एनबीएफसी से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर रैंक से नीचे के पदाधिकारी आईओ नहीं होंगे. आदेश न मानने पर जवाब तलब किया जाएगा. सरकार ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि आम जनों की गाढ़ी कमाई पर बुरी नजर रखने वालों को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा. सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी.

आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने सभी जिलों के एसपी को लंबित मामलों की समीक्षा कर हर माह अपडेट स्थिति के साथ रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. जिलों के एसपी को कहा गया है कि मुख्यालय को भेजी गयी रिपोर्ट में उन्हें बताना होगा कि कितने मामले दर्ज हैं, इसमें अभियुक्त कितने हैं, कितने की गिरफ्तारी हुई, कितने फरार हैं, लोगों की कितनी राशि डूबी हुई है और कितनी रिकवरी हो चुकी है. इन तमाम जानकारियों को एकत्र करके समेकित रिपोर्ट तैयार करके भेजनी है. ऐसा नहीं करने वाले जिलों से इसका कारण पूछा जाएगा. कुछ दिन पहले 5-6 जिलों को बुलाकर एनबीएफसी से जुड़े मुकदमों की समीक्षा ईओयू के एसपी मदन कुमार आनंद ने की. इसमें उन्होंने जांच की गति तेज करने का सख्त निर्देश दिया. आगे से लापरवाही पर कार्रवाई होगी.

बाइक चोरी के आरोपी को छोड़ना नवहट्टा थानेदार को पड़ा भारी, डीआइजी मनोज कुमार ने ले लिया बड़ा एक्शन

सहरसा, एजेंसी। बिना कागजी प्रकिया पूरी किए बाइक चोरी के अभियुक्त को छोड़ना नवहट्टा थानेदार को काफी भारी पड़ गया. कोसी रेंज के डीआईजी मनोज कुमार ने बड़ा एक्शन लेते हुए थानेदार को सस्पेंड कर दिया है. उन्होंने दारोगा पर विभागीय कार्यवाही का आदेश भी जारी कर दिया है. गुड्डू कुमार की जगह ज्ञान रंजन को नवहट्टा का थानाध्यक्ष बनाया गया है. जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में सुपौल जिले में एक बाइक चोरी का मामला दर्ज हुआ था.

नवहट्टा थानाध्यक्ष द्वारा बाइक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया, लेकिन बिना कागजी प्रकिया के ही उसे छोड़ दिया था. मामला संज्ञान में आते ही कोसी रेंज डीआईजी मनोज कुमार ने नवहट्टा थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया. साथ ही एसपी को विभागीय कार्वाई करने का निर्देश दिया गया है।

बिहार में मौसम हुआ मेहरबान, किसानों में खुशी

पटना, एजेंसी। बिहार में आखिरकार कमजोर मानसून मजबूत होकर लोगों को राहत दी है. खासकर किसानों में खुशी हैं. पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सीतामढ़ी, सुपौल लगभग पूरे उत्तर बिहार में बादलों ने बारिश की सौगात दी है. इन इलाकों में एक तरफ किसान कम बारिश से सुखाड़ को लेकर आशंकित थे, तो दूसरी ओर आम आदमी गर्मी और उमस से परेशान था. किसानों को डर था कि खेतों में लगी धान की फसल बचेगी या नहीं. ऐसे में अचानक बुधवार की रात मॉनसून का शक्तिमान रूप सामने आ गया. वैसे बुधवार की शाम से ही मौसम बदलना शुरू हो गया. पटना समेत कई जिलों में झमाझम बारिश से पारा तेजी से नीचे आया. गुरुवार की सुबह से ही पटना में जमकर बारिश हो रही है. सुबह आंख खुलते ही पटना के लोगों का सामना बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश की तेज बौछार से हुआ.

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 'मॉनसून की अक्षीय रेखा गंगानगर, हिसार, दिल्ली, हरदोई, डेहरी, पुरुलिया और सागर तक फैली हुई है. इसके अलावा झारखंड के आसपास चक्रवातीय परिसंचरण था, जो अब गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों पर समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है. इन दोनों मौसमी सिस्टम के कारण गुरुवार से अगले 48 घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत बिहार के दक्षिण भाग में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा, जबकि उत्तर बिहार के तराई वाले इलाकों में एक दो जगहों पर मध्यम जबकि बाकी उत्तरी बिहार में हल्की वर्षा का अनुमान है.

मौसम विभाग ने लोगों से अपील कि है कि खराब मौसम के दौरान अपने पशुधन और खुद को बाहर निकलने से बचें. मौसम साफ होने पर अपने काम संपादित करे. आंधी के दौरान संवेदनशील संरचनाओं से दूर रहें और मेघगर्जन के दौरान पेड़-पौधे के नीचे शरण न लें. बारिश के समय सुरक्षित स्थान पर जाकर बैठ जाएं. पटना का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयर, वही अन्य जिलों की बात करें तो सीतामढ़ी में सबसे गर्म जिला रहा. पिछले 24 घंटे में यहां का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं गोपालगंज और अरवल का 39.5, मधुबनी में 38.1, सीवान 38, बक्सर 37.9 पूर्वी चंपारण और रोहतास 37.8, औरंगाबाद, 37.7 दरभंगा और नालंदा 37, सारण 36.4, गया 35.9, भागलपुर 35.3 और मुजफ्फरपुर का तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

बिहार में वज्रपात से 15 लोगों की मौत, बारिश से मौसम बदला तो आकाशीय बिजली से मचा हाहाकार

पटना, एजेंसी। बिहार का मौसम फिर एकबार बदला है. बुधवार को कई जगहों पर झमाझम बारिश हुई है. वहीं मौसम का मिजाज बदला तो कुदरत का कहर भी साथ आया. वज्रपात की चपेट में आकर प्रदेश में करीब 15 लोगों की मौत हो गयी. कई लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलसे भी हैं जिनका इलाज कराया गया है. कहीं पशुपालक तो कहीं किसान की मौत हुई है. ठनका की चपेट में आने से आरा में तीन, जहानाबाद में चार, रोहतास में तीन, औरंगाबाद में चार और गया में एक व्यक्ति की मौत हुई है. मृतकों में किशोर व महिला भी शामिल है.

सारण जिले के मांझी प्रखंड क्षेत्र के नरवन गांव में बुधवार की संध्या में अचानक आकाशीय बिजली के गिरने से एक पशुपालक की मौत हो गयी. बताया जाता है कि हर दिन की तरह नरवन गांव के निवासी व पशुपालक ललन यादव (48 वर्ष) अपने गांव के चंवर में मवेशी चरा रहे थे. इस दौरान बारिश शुरू हुई और ठनका गिरने से ललन यादव उसकी चपेट में आ गए. नगरा प्रखंड क्षेत्र के रामपुर कला गांव के पास वज्रपात की चपेट में आकर 16 वर्षीय मिथलेश राय की भी मौत हो गयी.

सारण के गड़खा थाना क्षेत्र के कसीना गांव में 14 वर्षीय अंकित कुमार की मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आकर इसी जिले में हुई. तेज बारिश से बचने अंकित एक पेड़ के नीचे जा छिपा था और पेड़ पर हुई ठनका गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी. घटना में तीन अन्य झुलस गए. बारुण थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना हुई, जिसकी चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गयी. रेड़िया गांव के बधार में रोपनी करने गयी जौतरी देवी और छकन बिगहा बधार में रोपनी का काम कर रही सोनाहल देवी की मौत वज्रपात के कारण हो गयी.

औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के पिरवा गांव में वज्रपात से 40 वर्षीय किसान की मौत हो

गयी. जानकारी के अनुसार राजगीर महतो के पुत्र महेश प्रसाद उर्फ गोला बुधवार को अपने खेत में काम कर रहा था. इसी बीच वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के खजूरी महेश गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गयी. मृत महिला की पहचान उक्त गांव निवासी रामदहीन पासवान की पत्नी इंद्रावती देवी के रूप में हुई है. सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर से खेत तरफ किसी काम से गयी थी. इसी दौरान तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ और उसकी चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी.

पत्नी का प्राइवेट पार्ट जला देता था पति, आईजी शिवदीप लांडे के दफ्तर पहुंची महिला ने सुनायी हैवानियत की कहानी

पटना, एजेंसी। बिहार में पति-पत्नी के बीच का एक ऐसा विवाद सामने आया है जिसने पुलिस को भी दंग कर दिया है. मामला मुजफ्फरपुर जिले का है जहां एक पीड़िता अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन पहुंच गयी.अपने पति पर प्राइवेट पार्ट जलाने का आरोप लगाकर महिला आइजी शिवदीप लांडे के ऑफिस पहुंच गयी. वहां पुलिसकर्मियों ने महिला को सिकंदरपुर थाने भेज दिया. जिसके बाद पुलिस ने उसकी पूरी बात सुनी. लेकिन जब बात केस दर्ज कराने की आयी तो महिला का इमोशन हावी हो गया.

सिकंदरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बुधवार को आइजी कार्यालय पहुंची. वहां पुलिसकर्मियों को उसने अपनी पीड़ा बतायी. महिला ने बताया कि उसका पति उसे बुरी तरह पीटता है. उसके प्राइवेट पार्ट तक को जला दिया है. महिला की पीड़ा जानकर उसे सिकंदरपुर थाने भेजा गया. यहां पुलिस ने महिला की शिकायत को सुना और उसे केस दर्ज कराने की सलाह दी. लेकिन अपने हैवान पति के खिलाफ महिला केस करने से मना कर गयी. उसने पुलिस को कहा कि वो अपने पति पर प्राथमिकी दर्ज कराना नहीं चाहती है. वो उसके साथ रहना चाहती है.

महिला की बात सुनने के बाद लड़की के ससुराल व मायके वाले को पुलिस स्टेशन बुलवाया गया. दोनों पक्षों के बीच सुलह करवाया गया. वहीं एक बांड भी बनवाया गया और उसके बाद महिला अपने पति के साथ अपने ससुराल चली गयी. बता दें कि आइजी कार्यालय जाकर महिला ने बताया था कि करीब 13 साल पहले उसकी शादी इस लड़के से हुई थी. लेकिन बाद में पता चला कि उसका पति नशेड़ी है. अक्सर वो दहेज की डिमांड करके मारपीट करता रहता है.

पीड़िता ने बताया कि वह दहेज के पैसे नहीं दिलवा पाती है तो उसके साथ मारपीट करता है. हैवानियत की सीमा को उसका पति पार कर जाता है. उसने बताया कि 30 मई को उसका पति देर शाम में नशा करके आ गया. उसके साथ मारपीट करने लगा. इस दौरान उसने पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर भी हमला किया और उसे जला दिया. महिला ने अपनी दर्द बयां करते हुए बताया कि वो किसी तरह अपनी जान बचाकर भागी थी. मकान मालिक की मदद लेकर वह भागकर अपने मायके चली गयी थी. नगर थाने में इसकी शिकायत कराने गयी तो सिकंदरपुर थाने भेज दिया।

सुलझा गया जल विवाद, यूपी के गंडक प्रोजेक्ट से बिहार लेगा अब अपने हिस्से का पानी

पटना, एजेंसी। बिहार और यूपी के बीच जल विवाद खत्म हो गया है. रिहंद और वाणसागर जलाशय के बाद गंडक नदी के पानी की हिस्सेदारी को लेकर भी दोनों राज्यों के बीच बात बन गयी है. अब यूपी के रास्ते आनेवाली गंडक नदी से बिहार अपने हिस्से का पानी लेगा. इसके लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार हो गयी है. अब गंडक नदी से सिंचाई के लिए बिहार अपने हिस्से का पानी लेगा. गंडक सिंचाई परियोजना से आठ जिलों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है. इसमें पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली से सारण, सीवान और गोपालगंज को जबकि पूर्वी गंडक नहर प्रणाली से पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर व समस्तीपुर को सिंचाई के लिए पानी मिलता है.

वाल्मीकिनगर बराज के संचालन प्रभारी पदाधिकारी ने बताया कि बिहार और उत्तर प्रदेश की मांग के अनुरूप बराज से पानी छोड़ा जाता है. यह पानी पहले यूपी जाता है.

वहां से यूपी के सिंचाई विभाग द्वारा बिहार के हिस्से का पानी सारण मुख्य नहर के शून्य बिंदु पर उपलब्ध कराया जाता है. बिहार के जल संसाधन विभाग ने यूपी से समय पर अपने कोटे के पानी की उपलब्धता के लिए सीवान के सिंचाई सृजन के मुख्य अभियंता को जिम्मेवारी सौंपी है. विभाग के अनुसार मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश राज्य के सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों से समय पर पानी के लिए अनुरोध करते हैं.

अब तक गंडक पश्चिमी नहर प्रणाली से सारण मुख्य नहर में जलस्राव के लिए उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के गंडक परियोजना संभाग से पानी की मांग की जाती रही है. इसके पहले बिहार और उत्तर प्रदेश अपनी-अपनी जरूरतों के हिसाब से गंडक नदी से सिंचाई के लिए पानी की मांग करता रहा है. गंडक नदी से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कोटे के अनुरूप होने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए पानी की किल्लत नहीं होगी. उन्हें भरपूर पानी मिलेगा. इस समय उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई की कार्ययोजना तय होती है, लेकिन अब सिंचाई की जरूरतों के अनुरूप पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की योजना है.

गंडक नहर प्रणाली में गरमा व खरीफ के लिए नहर खोलने का तिथि 25 अप्रैल व रबी में नहर खोलने की तिथि 20 दिसंबर निर्धारित है. ऐसे में संबंधित नहर प्रणालियों के मुख्य अभियंता खरीफ के लिए मांग 24 अप्रैल तक जबकि रबी फसल के लिए 9 दिसंबर तक मांग कर दी जाएगी. इसके अलावा गंडक नहर प्रणाली में समय पर जलस्राव उपलब्ध कराने के लिए वाल्मीकिनगर बराज पर खराफ फसल के लिए 25 अप्रैल से पूर्व व रबी फसल के लिए 20 दिसंबर से पूर्व जलाशय में एकत्र करने की व्यवस्था वाल्मीकिनगर बराज के प्रभारी सुनिश्चित करेंगे.

पटना लॉ कॉलेज में अब हो सकेंगे 300 सीटों पर एडमिशन, स्थापना दिवस पर कॉलेज को मिला तोहफा

पटना, एजेंसी। पटना लॉ कॉलेज में पिछले तीन सालों से सिर्फ 120 सीटों पर एडमिशन होते आ रहे थे. लेकिन बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कॉलेज को 300 सीटों पर एडमिशन की अनुमति दे दी है. इसके साथ ही यह अनुमति दो वर्षो के लिए दी गई है.अब यह बिहार का पहला कालेज बन गया है जिसे एक बार में दो वर्षों की अनुमति मिली हो. जबकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया प्रत्येक वर्ष कालेजों का निरीक्षण करके उनकी क्षमता के अनुसार एडमिशन की अनुमति देता है. लेकिन इस बार पटना लॉ कॉलेज को सत्र 2025 के लिए भी अनुमति मिल गई है.

पटना लॉ कॉलेज में सत्र 2020 तक 300 सीटों पर एडमिशन होते थे.लेकिन सन 2021 में ब्ण्ब्ध्प् ने निरीक्षण के बाद कॉलेज में क्लास रूम की कमी का हवाला देकर एडमिशन के लिए 300 सीटों को घटाकर 120 कर दी थी. जिसके चलते सत्र 2021,2022,2023 में पटना लॉ कॉलेज में 120 सीटों पर एडमिशन हुए थे. इस बार निरीक्षण के बाद BCI ने पटना लॉ कॉलेज में सीटों की संख्या को बढ़ाकर पुनः 300 कर दिया है.

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वाणी भूषण और सहायक अध्यापक व मीडिया प्रभारी संयुक्त रूप से बताया कि 15 जुलाई को सीटों को बढ़ाने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने निरीक्षण किया था. कालेज के स्थापना दिवस यानि 30 जुलाई को देर शाम सीटों को बढ़ाने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से लेटर जारी किया गया.सहायक अध्यापक वीरेंद्र पासवान ने आगे बताया कि पिछले आठ महीने से लगातार अधिकारियों से संपर्क कर इस कार्य को पूरा किया गया.

प्राचार्य ने आगे बताते हुए कहा हमारा अब लक्ष्य है कि कालेज का रिनोवेशन किया जाय, नए हॉस्टल का निर्माण कराया जाय, ओल्ड हॉस्टल का रिनोवेशन, नए खेल परिसर का निर्माण और कैंटीन का निर्माण सहित अन्य जरूरी कामों को कराया जाय. इसके साथ ही अब कॉलेज में पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स शुरू किया जाएगा.अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी.

54 फीट का आकर्षक कांवड़ लेकर कांवड़ियों का दूसरा जत्था बाबाधाम रवाना, 500 कांवड़ियों में 50 से अधिक महिलाएं शामिल

पटना, एजेंसी। एकादशी की पवित्र तिथि पर पटना सिटी से दूसरे जत्थे के कांवड़िया 54 फीट कांवर लेकर बाबा धाम के लिए रवाना हो गए हैं. बता दें कि 54 फिट कांवर का एक जत्था पहले रवाना हो चुका है. कांवड़िया ढ़ोल, मंजीरा की थाप पर बाबा के भक्ति में झूमते नजर आ रहे थे.

इस जत्था में 500 कांवड़िए शामिल थे जिसमें 50 से अधिक महिला नजर आ रही थीं. यह कांवड़िया का जत्था बुधवार सुबह कांवर को तैयार कर गंगाजल भर कर बाबा धाम को रवाना हुए.

श्रीश्री विशाल शिवधारी कांवर संघ पटना सिटी के अध्यक्ष विनोद बाबा ने कहा कि वर्ष 2008 से लगातार हमलोग बाबाधाम आ रहे हैं.

कांवर का वजन लगभग 300 किलोग्राम का है. पटना सिटी से कांवर को वाहन के सहारे सुलतानगंज लाया गया.

यहां आकर्षक कांवर को तैयार कर कंधा देने के लिए कांवरिया आतुर दिख रहे थे. बता दें कि कांवर को कंधा देने वाले टेंशन मुक्त रहते हैं. कभी भी किसी प्रकार की कमी उन्हें नहीं होती है. बोल बम का जयकारा लगाते कांवरिया बाबा धाम शुक्रवार को पहुंच जाएंगे.

इस 54 फिट के कांवर में भगवान शिव और मैया पार्वती का आकर्षक मूर्ति, शिव और शक्ति का प्रतिबिंब दिखाई पड़ रहा है. कांवर में गणेश जी, बजरंगबली, मैया पार्वती आदि के मूर्ति भी नजर आ रहे हैं. कांवर में सभी कांवड़ियों का जलपात्र है।

सुपौल के स्कूल में गोली चलाने वाले नर्सरी के छात्र को पुलिस ने बनाया आरोपी, डायरेक्टर गिरफ्तार

सुपौल, एजेंसी। सुपौल के त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 स्थित एक निजी विद्यालय में बुधवार की सुबह एक मासूम ने दूसरे मासूम छात्र पर गोली चला दी. गोली छात्र के बांयी हथेली को चीरते हुए बाहर निकल गयी. वहीं आरोपी मासूम को अपने साथ लेकर थाने पहुंच गयी. इधर, पुलिस ने विद्यालय के डायरेक्टर संतोष झा को गिरफ्तार कर लिया है. गोली चलाने वाले मासूम बच्चे को भी पुलिस ने इस मामले में आरोपी बनाया है.

बुधवार को स्कूल में गोली चलने के बाद एक ओर जहां तीसरी कक्षा का छात्र मो आसिफ लहुलूहान होकर जमीन पर गिर पड़े. वहीं स्कूली छात्रों में भगदड़ मच गयी. स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चे के परिजन को घटना की जानकारी देते जख्मी छात्र को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना की जानकारी के बाद पीड़ित परिजन सहित आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में स्कूल पहुंच गये. आक्रोशित ग्रामीण स्कूल में तोड़फोड़ करने लगे. वहीं स्कूल के समीप एनएच 327ई को जाम कर प्रदर्शन करने लगे. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची त्रिवेणीगंज पुलिस ने लोगों को शांत कर जाम समाप्त कराया.

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एंसेबली के बाद सभी बच्चे अपने-अपने वर्ग में कक्ष में जाने लगे. इसी बीच नर्सरी कक्षा के छह वर्षीय एक बच्चा ने स्कूल बैग से पिस्टल निकाल कर पिस्टल में मैगजीन लोड किया. इसके साथ ही पास में खड़े कक्षा तीन के छात्र आसिफ पर गोली चला दी. घटना की सूचना पर आरोपी मासूम के पिता बघला गांव निवासी मुकेश कुमार स्कूल पहुंच कर अपने पुत्र को लेकर भागने की कोशिश करने लगे. लेकिन स्कूल में जमा भीड़ देखकर अपनी बाइक छोड़ मासूम के हाथ से पिस्टल लेकर विद्यालय के चाहरदीवारी के सहारे मौके से फरार हो गये. जिसका पीछा किया गया. इसी बीच परिजनों पिस्टल मैगजीन नीचे गिर गया. जिसे पीड़ित परिजनों ने पुलिस को सुपूर्द किया है.

घटना के बाद लालपट्टी वार्ड नंबर 16 निवासी मो दिलशेर ने अपने पुत्र आसिफ पर गोली चलाने को लेकर मासूम बच्चा, स्कूल के डायरेक्टर संतोष झा व आरोपी बच्चा के पिता बघला निवासी मुकेश कुमार यादव को आरोपी बनाया गया है.

इस बाबत एसपी शैशव यादव ने बताया कि स्कूल के निदेशक को गिरफ्तार कर लिया गया है. बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार अवैध था. मासूम बच्चे से पूछताछ की जा रही है. वहीं पुलिस मुकेश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

बहन का अश्लील वीडियो दिखाकर युवती से दुष्कर्म, 6 साल बाद दर्ज कराई एफआईआर

पटना, एजेंसी। पटना में श्री कृष्णापुरी थाने में देर शाम एक केस दर्ज किया गया. जिसमे 6 साल पहले हुए दुष्कर्म के बारे में बताया गया. इस मामले में राजापुर के कारोबारी को आरोपी बताया गया है. जिसमे एक युवती ने छः साल पहले हुए दुष्कर्म के बारे में शिकायत दर्ज करवाई है. युवती ने बताया कि घटना 2018 कि है.तब वह वह अपने परिवार के साथ पटना के आनंदपुरी में रहती थी.इसी दौरान राजवीर ने उसकी बहन का अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया और दुष्कर्म किया. उस समय वह बहन की बदनामी के कारण शिकायत नही कर पाई. युवती फिलहाल अभी दिल्ली में रहती है.जहां वह इस बात की शिकायत को लेकर परेशान थी. अंत में दिल्ली के लक्ष्मीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई. वहां से जीरो एफआईआर कर दिल्ली पुलिस ने उसे पटना भेज दिया.पटना में बुधवार की देर शाम श्री कृष्णापुरी थाने में आरोपी राजापुर के कारोबारी राजवीर केशरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. कृष्णापुरी के थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि लड़की की उस वक्त उम्र 16 साल थी अब वह 22 वर्ष की है. इसलिए पॉक्सो और रेप की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

दुमका में बोले हिमंता विश्व सरमा- पाकुड़ की हालत खराब, मुझे गोपीनाथपुर जाने नहीं दे रही सरकार

दुमका, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वासरमा गुरुवार को पाकुड़ दौर पर हैं. जहां वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के पीड़ित परिवार से मिलेंगे. लेकिन पाकुड़ जाने से पूर्व वे थोड़ी देर के लिए दुमका में रूके. यहां उन्होंने सीएम हिमंता विश्वाशर्मा, संताल हूल की वीरांगना फूलो झानो की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की. इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पाकुड़ की हालत खराब है. हमें सरकार गोपीनाथपुर जाने नहीं दे रही है. उन्होंने दावा किया है कि आने वाले दिनों में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी. असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने पाकुड़ जाने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पाकुड़ की हालत खराब है. बांग्लादेशी घुसपैठिये वहां पर आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं. हमें उनके साथ खड़े होना है. उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पाकुड़ के गोपीनाथपुर में झारखंड सरकार ने उन्हें जाने से मना किया है. जब एक मुख्यमंत्री वहां नहीं जा सकते तो आमलोगों की क्या हाल होगा समझा जा सकता है. उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व पाकुड़ के गोपीनाथपुर में पश्चिम बंगाल के लोगों ने पाकुड़ जिला में प्रवेश कर स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की थी.

सड़क समंदर में हुई तब्दील, भारी बारिश के बाद लोगों के घरों और दुकानों में घुसा पानी

धनबाद, एजेंसी। इस सीजन में पहली बार मंगलवार की देर शाम में झरिया में मूसलधार बारिश हुई. इससे जहां लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं नगर निगम को पोल खुल गयी. झरिया शहर का धर्मशाला रोड जलमग्न हो गया. दो घंटे तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा. सड़क किनारे स्थित नाला का पानी सड़क पर बहने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.मातृ सदन सहित कई दुकानों व घरों में नाली व बारिश का पानी घुस गया. सड़क किनारे खड़े कुछ दोपहिया वाहन नाला में गिर गये. वहीं कई बाइक में पानी घुस जाने से स्टार्ट नहीं हुआ. नाला व सड़क पर पानी एक समान हो जाने से चारपहिया व दोपहिया वाहन चालक जहां-तहां रुके रहे. झरिया के मानबाद, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, पार्क मोड़, हेटलीबांध समेत कई घरों व दुकानों में बारिश का पानी घुस गया. बारिश कम होने के बाद लोग अपने घरों व दुकानों की सफाई में जुट गये.नालियों की सफाई नियमित नहीं होने से तेज बारिश के बाद हमेशा ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के विभिन्न मोहल्लों में नालियों का अतिक्रमण किये जाने से बारिश के समय रोड के पानी में डूबने की स्थिति बन जाती है. इससे लोगों को काफी परेशानी होती है. लोगों ने निगम के अधिकारियों से नालियों की नियमित सफाई कराने के साथ नालियों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की. मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि बरसात में झरिया धर्मशाला रोड की नालियां जाम होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता है. निगम और जिला प्रशासन को इस समस्या से कई बार अवगत कराया गया.

मोतियों की खेती से चमकेगी जिले के किसानों की किस्मत, 20 ने दिखायी रुचि

जमशेदपुर, एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम जिले के किसान और मछुआरे अपने तालाबों में मोतियों की भी खेती करेंगे. मोतियों की पैदावार से मछुआरों और तालाबों के मालिकों की किस्मत बदलने वाली है. इसके तहत जिले में करीब 20 तालाब को चिह्नित किया गया है, जहां के करीब 20 लोगों ने रुचि दिखायी कि वे लोग इस खेती को करने को तैयार हैं. इस योजना के तहत किसानों और मछुआरों को लाभ भी दिलाया जायेगा. इसके तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले में बिरसा किसान पाठशाला भी खोली जायेगी, जिससे किसान और मछुआरों को जागरूक किया जा सके. इसके लिए चयनित लोगों को ट्रेनिंग के लिए भी भेजा जायेगा, ताकि इसकी पैदावार बेहतर हो सके. क्वालिटी मोतियों की पैदावार करने के लिए तालाबों को भी बेहतर बनाया जायेगा. मत्स्य विभाग की ओर से इस योजना पर काम किया जा रहा है. जिले में एक किसान द्वारा इसका प्रयोग किया गया है. पोटका में ही इसकी पैदावार की गयी है. इसके जरिये सरकार 50 फीसदी सब्सिडी भी देना चाहती है.चांडिल में किसानों और मछुआरों द्वारा मोतियों की पैदावार किया जा रहा है

झारखंड में लगातार 2 घंटे तक मूसलाधार बारिश, आज भी झमाझम वर्षा के आसार

रांची, एजेंसी। राजधानी रांची सहित झारखंड के अधिकांश जिलों में छिटपुट बारिश के बाद के बाद बुधवार को लगातार दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई। भारी बारिश के कारण रांची शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया।बारिश के बाद किसानों की बांछें खिल उठी हैं। बता दें कि 2024 में राज्य सरकार ने 18 लाख हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य निर्धारित किया है। लेकिन, अब तक मात्र 1.02 लाख हेक्टेयर में ही धान रोपनी हो सकी है। हालांकि, बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बाद धान रोपनी को भी बल मिलने की संभावना है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो एक अगस्त को राज्य के निकटवर्ती मध्य हिस्से रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी, दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावे उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 अगस्त को भी इन जिलों के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। दो अगस्त के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी और आसपास के जिलों में 6 अगस्त तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही, हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश हुई। कहीं कहीं भारी बारिश रिकार्ड किया गया। वर्तमान में राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून की गतिविधि सामान्य बनी हुई है।

सबसे अधिक बारिश 126.2 मिमी लातेहार के बरवाडीह में रिकार्ड की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 37.6 मिमी गोड्डा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.8 मिमी रांची का रिकार्ड किया गया जबकि रांची का अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।बता दें कि एक जून से लेकर 31 जुलाई तक सिमडेगा में सर्वाधिक 472 मिमी बारिश रिकार्ड की गई, जबकि सबसे कम 167.6 मिमी पाकुड़ में रिकार्ड की गई है। राजधानी में 361.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई, जबकि 521.7 मिमी बारिश का अनुमान था।बुधवार को हुई तेज बारिश से एक तरफ जहां ग्रामीण क्षेत्रों में किसानी को बल मिला, तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में जलजमाव ने नगर निगम की पोल खोलकर रख दी है।

कई जगहों पर नालों से गंदा पानी उफनकर बाहर निकलने लगा, तो कहीं गढ्ढ़ों में जलजमाव से दो पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में तो गंदगी नालों से निकलकर सड़क पर ही जमा हो गई। इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नालों में ठोस कचरे का अंबार लगा है, ऐसे में मच्छरों के पनपने के कारण बीमारी बढ़ने की भी आशंका लगातार बढ़ने लगी है।

कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में हल्की बारिश होने पर भी नाली ओवरफ्लो होने लगती हैं। इस पूरे क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को इसके बदबू से परेशानी होती है।

झारखंड में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड लागू

रांची, एजेंसी। झारखंड में अब ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। परिवहन विभाग के निर्देश पर गठित विशेष समिति ने ड्रेस कोड की अनुशंसा दस जुलाई को ही की थी, जिस पर विभाग ने अपनी स्वीकृति दे दी है।

पेट्रोल, डीजल या सीएनजी के ऑटो चालकों को खाकी रंग का ड्रेस पहनना होगा। वहीं, ई-रिक्शा के चालकों को नीले रंग का ड्रेस पहनना होगा। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

राजधानी में पांच हजार ऑटो को परमिट निर्गत किया गया है। ई-रिक्शा को टोकन नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराया गया है।

वर्तमान में रांची शहर में 15 हजार से अधिक ऑटो का परिचालन हो रहा है, जबकि पांच की संख्या में जिला परिवहन कार्यालय में ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं।

समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकृत करते हुए केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 (1988 का 59) की धारा 28 (2) (डी) द्वारा राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राज्य में परिचालित ऑटो रिक्शा (डीजल/ सीएनजी एवं पेट्रोल) चालकों के लिए खाकी रंग एवं ई रिक्शा चालकों के लिए नीले रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि समिति उप परिवहन आयुक्त-सह सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, रांची की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था, जिसमें उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची एवं पुलिस अधीक्षक, यातायात इसके सदस्य थे।

गिरिडीह में कार और ट्रक की जोरदार टक्कर, 5 घायल, एक की स्थिति गंभीर

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह में एक कार और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गयी है. इस घटना में पांच लोग घायल हो गये हैं. जिनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बतायी जा रही है. सभी लोग एक ही परिवार के थे. घटना गुरुवार सुबह ताराटांड थाना क्षेत्र के बडकीटांड मोड़ के पास की है. घायलों का इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है. फिलहाल पुलिस दुर्घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी है.जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग गिरिडीह से आसनसोल जा रहे थे. इस दौरान स्पंज लोड ट्रक से उनकी जोरदार टक्कर हो गयी. जिससे एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद पंडरी गांव के लोगों ने पुलिस इसकी सूचना दी. जिसके बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां एक बच्चे की हालत गंभीर बतायी जा रही है.बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के साथ हुई टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गये. घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गयी. वहीं वाहनों की लंबी कतार लग गयी. फिलहाल दोनों वाहनों को पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

धनबाद में सीबीआई की छापेमारी, कार चालक समेत दो हिरासत में, तालाब से कई मोबाइल बरामद

धनबाद(जोड़ापोखर), एजेंसी। नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआई टीम ने शुक्रवार की सुबह धनबाद में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की. इस दौरान मिश्रित भवन एलसी रोड इलाके से कार चालक पवन कुमार को हिरासत में लिया. जांच एजेंसी ने एक और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है. दोनों की निशानदेही पर सीबीआई टीम सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनूडीह स्थित भाटबांध तालाब पहुंची.

एनडीआरएफ टीम के आने में विलंब होने पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब से करीब एक दर्जन से अधिक क्षतिग्रस्त मोबाइल बरामद किया. सभी मोबाइल सीमेंट की एक बोरी में रखकर फेंके गये थे. बोरी में इंसुलेटेड वायर भी रखे हुए थे, ताकि बोरी तालाब के तल में बैठ जाये. खोजबीन तीन घंटे तक चली. कार्रवाई में सीबीआई पटना व धनबाद के अधिकारी शामिल थे. सामान की बरामदगी में सुदामडीह पुलिस ने सहयोग किया.

नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में सीबीआई टीम पवन कुमार और दूसरे युवक को पटना लेकर चली गयी. जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि सीबीआई बरामद मोबाइल का डाटा कलेक्ट करने का प्रयास कर रही है. हालांकि टूटा मोबाइल काफी दिनों तक पानी में रहने से इसके पार्ट्स प्रभावित हो सकते हैं. सीबीआई दोनों युवकों को लेकर भाटबांध तालाब पहुंची थी. इधर, हिरासत में लिये गये पवन कुमार की मां ने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि उसका बेटा गिरिडीह में किसी अधिकारी की कार चलाता था. कुछ माह पहले उसकी नौकरी छूट गयी थी. पिछले तीन-चार दिनों से झरिया में किसी के यहां कार चला रहा था. आज सुबह सीबीआई की टीम उसे घर से पकड़ कर ले गयी. बताया जाता है कि हिरासत में लिये जाने के बाद पवन की मां सीबीआई के धनबाद ऑफिस पहुंची थी.तालाब से बरामद बोरे में एक दर्जन से अधिक मोबाइल व दो इंसुलेटर थे. इनमें दो आइफोन के अलावा कई अन्य कंपनियों के मोबाइल थे.

आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का बीआईटी सिंदरी में हुआ एडमिशन, सीएम हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान

सिंदरी, एजेंसी। अजय उपाध्याय- पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला अंतर्गत भालूपानी के रहनेवाले आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बुधवार को बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) सिंदरी के बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कोर्स में हो गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी खबर पर संज्ञान लेते हुए धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा को एडमिशन में अविलंब सहायता पहुंचाने का आदेश दिया. हालांकि बीआईटी प्रशासन इससे पहले ही रेस हो गया था. संस्थान के निदेशक डॉ पंकज राय ने संजीव कर्मा की फीस जमा कराकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करवायी. संजीव कुमार कर्मा एडमिशन के लिए 24 जुलाई से ही संस्थान का चक्कर लगा रहा था. मंगलवार को नामांकन की आखिरी तारीख थी. संस्थान के कई पदाधिकारियों से मिलकर उसने फीस के पैसे नहीं होने की बात बतायी थी. संस्थान ने इस छात्र को बुधवार तक का मौका दिया था.इस बीच बीआईटी प्रशासन ने इस आदिवासी छात्र के बीटेक कोर्स का पूरा खर्च वहन करने का निर्णय लिया है. इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पंकज राय ने बताया कि संजीव के नामांकन की राशि बुधवार को जमा करा दी गयी और नामांकन कर दिया गया है. इसमें उन्होंने स्वयं योगदान दिया है. इस प्रकार के सामाजिक दायित्व का निर्वहन पहले भी किया जा चुका है. संस्थान के एल्युमिनी छात्रों ने पहले भी इस तरह की मदद की है.

छात्र संजीव कुमार करमा के नामांकन में मदद के लिए धनबाद के अलावा रांची, कोडरमा, जमशेदपुर, देवघर के अलावा झारखंड के कई अन्य हिस्सों से लोग व संगठन आगे आये. धनबाद से भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा, कन्हैया मिश्रा, बलियापुर प्रखंड कार्यालय में निर्वाचन प्रभारी रवि चौरसिया, सिंदरी के भाजपा नेता लक्की सिंह, झरिया के लोजपा नेता बिहारी लाल चौहान, रूदल पासवान, डॉ जयंत कुमार, धनबाद प्रेस क्लब के अजय प्रसाद, दिलीप कुमार आदि संजीव कुमार करमा की मदद के लिए सामने आये.

इंटरसेप्टर वाहन से 18 ओवर स्पीड वाहन चालकों को भेजा नोटिस, जून माह में 352 लाइसेंस रद्द

रांची, एजेंसी। ट्रैफिक पुलिस और सड़क सुरक्षा टीम की ओर से जून माह में लगातार हाई स्पीड वाहनों के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया.अभियान के दौरान एक माह में कुल 18 वाहन मालिकों को नोटिस भेजा गया. जिसके बाद उन वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है. जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार सिंह एवं सड़क सुरक्षा टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिन- जिन वाहन मालिक को नोटिस भेजा गया है, उन सभी को जिला परिवहन कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर जुर्माना की राशि जमा करना होगा. उसके अलावे वाहन मालिक उस वाहन के सभी कागजात की जांच करायेंगे. बताया जाता है कि सड़क सुरक्षा टीम और यातायात पुलिस के द्वारा लगातार अलग अलग प्वाइंट पर जांच अभियान चलाया जा रहा है. ओवर स्पीड की जांच के लिए शहर और ह॥-33 और कई प्वाइंट पर इंटरसेप्टर गाड़ी को खड़ी कर हाई स्पीड वाले वाहनों की तस्वीर कैमरे में कैद किया गया था. उसके बाद यातायात पुलिस की ओर से सभी गाड़ी मालिकों को नोटिस भेज कर जुर्माना राशि जमा कराने का आदेश दिया गया है. जिला परिवहन पदाधिकारी के अनुसार यातायात पुलिस और सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा लगातार अभियान जारी रहेगा. साथ ही लोगों को जागरूक करने को लेकर भी लगातार अभियान जलाया जायेगा. यातायात के नियम से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी देना और जागरूक करने को लेकर भी परिवहन और ट्रैफिक पुलिस की ओर से अभियान चलाया जायेगा. इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस के पदाधिकारी, जवान और सड़क सुरक्षा टीम के प्रबंधक प्रकाश कुमार और टीम के अन्य लोग लगातार शामिल रहे.

परिवहन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जून 2024 में जिला परिवहन विभाग की ओर से 352 चालकों का ड्राईविंग लायसेंस रद्द किया गया है. नियम का उलंघन कर गाड़ी चलाने वाले को जांच के दौरान पकड़ा गया है. उसके बाद उनका लाइसेंस रद्द किया गया. इसके अलावे ड्रिंक एंड ड्राइव, अंडरएज , ओवरलोड, नो पर्किंग के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है. आंकड़ा की बात करे तो एक माह में 50 जैसे चालकों को पकड़ा गया है जो कि अंडरएज है. इसके अलावे जून माह में हर सप्ताह लगभग 10 चालक को पकड़ा गया है, जो नशा कर गाड़ी चला रहे थे. इसके अलावे भी अलग अलग नियमों का उलंघन करने पर वाहना चालकों से जुर्माना वसूल किया गया है.

जिला सड़क सुरक्षा टीम के प्रबंधक प्रकाश कुमार ने जिला वासियों से अपील किया है कि वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन करे. चालक अपने अपने वाहनों को तय की गई गति सीमा से ज्यादा तेज न चलाए. इससे दुर्घटना होने की पूरी संभावना होती है. वाहन चलाते वक्त अगर आप पकड़े जाते है तो आप पर कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने जिला वासियों से अपील किया है कि वह अपने अपने वाहन का कागजात भी पूरी तरह से अपडेट रखे. ताकि जांच के दौरान उन पर कोई जुर्माना न लगे.

चाईबासा का बायो केमिकल इंजीनियर डिजिटल मंच से आदिवासी समाज को कर रहा जागरूक,

जमशेदपुर, एजेंसी। विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की लोकप्रिय कविता की पंक्ति है- जदि तोर डाक शुने केउ ना आसे तबे एकला चलो रे, अर्थात यदि कोई आपकी पुकार का जवाब नहीं देता है, तो अकेले अपने रास्ता पर चलो. यह पंक्ति चाईबासा निवासी मुकेश बिरूआ (50 वर्ष) पर बिल्कुल सटीक बैठती है. मुकेश बायो केमिकल इंजीनियर हैं, लेकिन वर्तमान में सोशल इंजीनियर की भूमिका में हैं. वे आदिवासी समाज को स्वस्थ, समृद्ध और विकसित रूप में देखना चाहते हैं.

इसी चाह में उन्होंने फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) जैसे प्रभावी संचार माध्यम के जरिये आदिवासी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे हैं. वे जानते हैं कि किसी भी समाज में बदलाव लाना आसान काम नहीं है. यह काफी चुनौतीपूर्ण काम है. लेकिन इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अकेले ही बदलाव की मुहिम में आगे बढ़ चुके हैं. डिजिटल मंच 'मुकेश बिरूआ' के माध्यम से हर घर तक अपनी पहुंच बना रहे हैं. वे सोशल मीडिया मंच पर वर्ष 2021 से लगातार अपने वीडियो अपलोड कर रहे हैं. अब 400 से अधिक वीडियो अपलोड कर चुके हैं. उनके प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ी है. वे महसूस कर रहे हैं कि आदिवासी समाज के विभिन्न पहलुओं में परिवर्तन देखने को मिल रहा है.

मुकेश का फोकस आदिवासी समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में बदलाव पर है. वे सोशल मीडिया के मंच से लोगों को उनके नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हैं. उनके फॉलोअर्स को चुनाव प्रक्रिया, मतदान का महत्व और लोकतंत्र की शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है. इन प्लेटफार्म का उपयोग कर मुकेश लोगों को सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं और उनके लाभ के बारे में भी जानकारी प्रदान करते हैं.

मुकेश का मानना है कि इससे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलती है और वे अपने

अधिकारों के प्रति अधिक सजग होते हैं. मुकेश का मानना है कि एक जागरूक नागरिक ही अपने समाज और देश को बेहतर बना सकता है. लगातार अपने फॉलोअर्स को प्रेरित करते हुए मुकेश बिरूआ समाज में बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर हैं.

मुकेश बिरुआ ने वर्ष 2008 में आदिवासी घड़ी लॉन्च की थी. पूरे देश में उसे पहचान दिलायी. मुकेश की बनायी घड़ी एंटी क्लॉक वाइज घूमती है यानी (दायें से बायें), जबकि सामान्य घड़ी बायें से दायें घूमती है. यह घड़ी प्रकृति के अनुरूप आचरण करने का संदेश देती है. पृथ्वी अपने अक्ष पर दायें से बायें चक्कर लगाती है. उसी तरह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले ग्रह भी दायें से बायें ही चक्कर लगाते हैं. आदिवासी समाज प्रकृति के अनुरूप ही आचरण करते हैं. खेत में हल जोतते समय एंटी क्लॉक ही घूमते हैं. शादी-विवाह संस्कार के समय में भी एंटी क्लॉक ही चक्कर लगाते हैं. चूंकि आदिवासी समाज प्रकृति को अनुशरण करते हैं. इसलिए घड़ी का नाम आदिवासी घड़ी रखा गया है.

मुकेश को 27-28 नवंबर, 2011 को रोम में विश्व स्तरीय मंच पर आदिवासियों का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला था. इसमें कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे. उस मंच पर मुकेश ने अपने संबोधन में कहा था कि आदिवासी समाज के लोग परिस्थितिवश या अन्य कारणों से अनपढ़ हो सकते हैं. लेकिन वे अज्ञानी बिल्कुल नहीं हैं. वे प्रकृति के आचरण को देखकर समझ जाते हैं कि इस वर्ष अकाल पड़ने वाला है या अच्छी फसल होने वाली है. साथ ही, उन्होंने आदिवासियों की कई कार्यशैलियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया. जिसके लिए उन्हें काफी सराहा गया.

मुकेश बिरूआ ने बताया कि पूर्वजों ने जो भी सामाजिक नीति-नियम बनाये, कला- संस्कृति का विकास हुआ, वह एक दिन में नहीं हुआ. बल्कि उसके पीछे वैज्ञानिक दृष्टिकोण शामिल किये गये. आदिवासी प्रकृति प्रेमी और पूजक हैं. इसका सटीक जवाब यह है कि पृथ्वी एंटी क्लॉक वाइज घूमती है. इसलिए आदिवासी भी अपने सभी संस्कार एंटी क्लॉक वाइज ही करते हैं. आदिवासी समाज करम पूजा समारोहपूर्वक मनाता है. पूजा के संबंध में लोग बतायेंगे कि पूर्वजों के जमाने से इसे करते आ रहे हैं, इसलिए पूजा करते हैं. लेकिन इसका वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि करम पेड़ चौबीसों घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं.

विचार-मंथन

संपादकीय

मनु का कमाल

जब पूरा देश यह आस लगाए बैठा है कि पेरिस ओलिंपिक में हमारे ऐथलीट तोक्यो में जीते अब तक के सबसे ज्यादा 7 पदकों का रेकॉर्ड तोड़कर नई और लंबी लकीर खींचेंगे, तब मनु भाकर की जीत की खबर ने स्वाभाविक ही सबका जोश कई गुना बढ़ा दिया है। उनका यह ब्रॉन्ज मेडल सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि यह पेरिस ओलिंपिक में किसी भारतीय ऐथलीट का पहला मेडल है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक चमक के पीछे कई और बातें हैं। पहली बात तो यह कि मनु ने ब्रॉन्ज मेडल पर कामयाब निशाना लगाकर एक साथ कई कीर्तमान स्थापित कर दिए हैं। वह ओलिंपिक मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला शूटर हो गई हैं। इससे पहले इस ऑल बॉयज क्लब में राज्यवर्धन सिंह राठौर, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार ही थे। यही नहीं, मनु पिछले 20 साल में किसी इंडिविजुअल इवेंट में ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला भी बनीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मुकाबले में तो आज तक कोई महिला शूटर ओलिंपिक फाइनल में भी नहीं पहुंची थी। मनु जिस मंजिल पर पहुंची हैं, उसे उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा भी खास बनाती है। मात्र 19 साल की उम्र में तोक्यो ओलिंपिक तक पहुंचकर वहां अचानक पिस्टल खराब होने की वजह से चूक जाना किसी भी टीनेजर के लिए कितना बड़ा झटका होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। मनु न केवल उस झटके से उबरीं बल्कि अगले ही ओलिंपिक में जीत दर्ज कराकर अपनी फाइटिंग स्पिरिट का सिक्का जमा लिया। सबसे बड़ी बात यह है कि मनु महज एक ऐथलीट नहीं हैं। वह युवा ऐथलीटों की उस पूरी कौम की नुमाइंदगी करती हैं जो देश का गौरव बढ़ाने के अभियान में लगे हैं। चाहे नीरज चोपड़ा हों या पीवी सिंधु या विनेश फोगाट और मीराबाई चानू- ये उन दर्जनों नामों में शुमार हैं जो अपना खून-पसीना जलाते हुए देश का मान बढ़ाने में लगे हैं। इनमें से कई नाम अगले कुछ दिनों में देश को सुनहरी आभा प्रदान करें तो आश्चर्य नहीं। इसी बिंदु पर उन प्रयासों को दर्ज करना भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिनकी बदौलत ये खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर पा रहे हैं। चाहे सरकार की ओर से मुहैया कराई जाने वाली सुविधाएं हों या भारतीय कॉरपोरेट जगत की ओर से स्पॉन्सर की जाने वाली सहूलियतें- इनका ऊंचा होता ग्राफ ही वह माहौल बनाता है जिसमें खिलाड़ी ऊंचे मनोबल के साथ पदक तक पहुंचने वाली छलांग लगा पाता है। गौर करने की बात है कि पिछले आयोजनों के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक में इंडिया इंक ने अपना निवेश 30-40 फीसदी बढ़ाया है।

पौधों के बदले नाम

मानव संसार धीरे-धीरे शालीन हो रहा है, इसी कड़ी में पहली बार वनस्पतिशात्रियों ने निर्णय लिया है कि 200 से अधिक पौधों, कवक और शैवाल प्रजातियों के नामों को बदला जाएगा। सदियों से इन प्रजातियों के ऐसे नाम रखे जाते रहे हैं, जिनसे नस्लवाद की बू आती है। मध्ययुगीन बर्बरता की वजह से भी खासकर अफ्रीका में पाई गई विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के नाम नस्लीय आधार पर रखे गए थे। एक लंबा दौर था, जब अफ्रीकी देशों में लोगों और वहां की संस्कृति के साथ ही वहां की प्रकृति को भी हिकारत भरी निगाहों से देखा गया। शायद यह वही दौर था, जब अफ्रीकियों को दास बनाकर दुनिया की बदनाम दास मंडियों में बेचा जाता था। अनेक नाम ऐसे रखे गए, जो स्थानीय बोलियों में बिल्कुल गाली की तरह थे। वनस्पतियों के नाम रखते हुए 'कैफ्रा' शब्द का सर्वाधिक इस्तेमाल किया गया। अब चूंकि पूरी दुनिया में रंगभेद और नस्लवाद के खिलाफ निरंतर आंदोलन चलते रहे हैं, तो वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञों का यह फैसला बहुत सुखद और स्वागतयोग्य है। पहली बार, शोधकर्ताओं ने ऐसे वैज्ञानिक नामों को खत्म करने के लिए मतदान किया है, जो आपत्तिजनक हैं। ये ऐसे शब्द या नाम हैं, जिनका उपयोग ज्यादातर दक्षिणी अफ्रीका के अश्वेतों के खिलाफ किया जाता रहा है। मैड्रिड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वनस्पति कांग्रेस में इन बदलावों के पक्ष में बाकायदा मतदान हुआ। पूरी सावधानी बरतते हुए गुप्त मतदान किया गया, नाम सुधार के पक्ष में 351 वोट पड़े, जबकि विरोध में 205। मिसाल के लिए, इसका एक बड़ा लाभ यह होगा कि साल 2026 से तटीय मूंगा जैसे पौधों को औपचारिक रूप से एरिथ्रिना कैफ्रा के बजाय एरिथ्रिना एफ्रा कहा जाएगा। नेल्सन मंडेला यूनिवर्सिटी (एनएमयू) के वनस्पति विशेषज्ञ गिदोन स्मिथ कहते हैं कि हमें इस प्रक्रिया में हमारे सहयोगियों से वैश्विक समर्थन का पूरा भरोसा था, भले ही वोट का नतीजा करीबी रहने वाला था।

सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

यह भी अफसोस की बात है कि ऐसे हादसों की जांच तो होती है, लेकिन उनके आधार पर क्या कार्रवाई हुई, यह मुश्किल से ही पता चलता है। लगता है कि हादसों की तरह उनसे संबंधित जांच रपटों को भी भुला दिया जाता है। सरकार को कोचिंग संचालन के सख्त नियम बनाने चाहिएं।

हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं 'छात्रों की हत्या बंद करो'... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली की प्रतिष्ठित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। ओल्ड राजेंद्र नगर की इस दर्दनाक हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया। जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए। इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं छात्रों की हत्या बंद करो... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ये हादसा सरकार और कोचिंग संचालकों पर गंभीर सवालों के कटघरे में खड़े करता है। ये कोई पहला ऐसा हादसा नहीं है जब दिल्ली के कोचिंग सेंटरों में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ है। 15 जून 2023 को दिल्ली में कोचिंग सेंटरों के हब मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 61 लोग घायल हो गए। जांच में पता चला कि आग बिजली के मीटर में लगी थी, जो देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे के वक्त कोचिंग सेंटरों में करीब 200-250 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने आग से बचने के लिए खिड़कियां तोड़ीं, रस्सियों के सहारे नीचे उतरे और सीढ़ियों का सहारा लिया। कुछ छात्रों ने बचने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग तक लगा दी। इसके अलावा 25 जनवरी 2020 को दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कोचिंग सेंटर की दो छतें गिर गईं। इस हादसे में चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 13 लोग घायल हो गए। दिल्ली हो या फिर कोई दूसरा शहर कमोबेश सरकारी अमले की कार्यप्रणाली एक समान ही होती है। हादसे के बाद प्रशासनिक अमला गहरी नींद से ऐसे जागता है मानो उन्हें इस बात का इल्म ही न हो कि उनके क्षेत्र या शहर में क्या अनियमितता हो रही हैं। जब कोई दुर्घटना घटती तब पता चलता है कि व्यवस्था में कितनी खामियां और छेद हैं। और इन खामियों और छेदों से छनकर आने वाला लाभ नीचे से ऊपर तक बंटता है। पूर्व की घटनाओं पर गौर किया जाए तो अधिकतर मामलों में दोषी साफ तौर पर बच जाते हैं, या मामूली सजा पाते हैं। हादसा की जिम्मेदारी तो संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की भी होती है, लेकिन ऐसे मामलों में वो अपना पल्ला झाड़कर किनारे खड़े हो जाते हैं। बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं. दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। सभी कमरों में धुआं फैल गया। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला. जानकारी मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। 24 मई 2024 को गुजरात के सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में चल रही एक कोचिंग में भीषण आग लगने से 23 छात्रों की मौत हो गई। आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। जैसे ही आग लगी अंदर मौजूद छात्र उतरने के लिये नीचे पहुंचे। लेकिन आग की वजह से वह लौटकर चौथी मंजिल पर चले गए, जहां एक फाइबर का शेड था और अंदर जिम के लिए रखी गई रबर की चटाई और टायर के कारण आग ज्यादा फैली, जिससे बच्चे आग की चपेट में आ गई। घटना से हिली सरकार ने पूरे राज्य में वाणिज्यिक भवनों में चलने वाले कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया। 31 मई 2024 हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर 16 के एससीओ नंबर 195 की प्रथम मंजिल पर बिजली के मीटर बोर्ड में दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई। आग के कारण काफी धुंआ हो गया और इससे दूसरी मंजिल पर बने हारट्रोन इंस्टीट्यूट में धुआं फैल गया। जिस समय हादसा हुआ, तो हारट्रोन इंस्टीट्यूट में लगभग 25 से 30 विद्यार्थी कंप्यूटर की ट्रेनिंग करने के लिए आए थे। धुंआ फैलने के कारण विद्यार्थियों को सांस लेने में भी समस्या होने लगी। इसके बाद स्थानीय दुकानदार ने दमकल विभाग को सूचित किया, जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से दूसरी मंजिल पर पहुंचने के लिए लकड़ी की सीढ़ी लगाई और ऊपर जाकर फंसे हुए विद्यार्थियों को बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू किए।

बांग्लादेश को कहां ले जाएगा ये छात्र आंदोलन

(रहीस सिंह)

'तुई के? अमी के? रजाकार, रजाकार! के बोलेचे, के बोलेचे, सैराचार-सैराचार।' यानी तुम कौन हो? मैं कौन हूं? रजाकार, रजाकार! कौन कहता, कौन कहता, तानाशाह, तानाशाह!' पिछले दिनों बांग्लादेश ने आंदोलनकारियों और सरकार के टकराव का जो एपिसोड लिखा उसमें ये आवाजें उठीं जो बहुत दूर तक गईं और बांग्लादेश भी गृहयुद्ध जैसी स्थिति में पहुंच गया। प्रश्न यह उठता है कि बांग्लादेश की इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी प्रोटेस्टर्स सड़क पर क्यों रहे? वे बांग्लादेश की जुडिशरी पर भरोसा क्यों नहीं कर पा रहे? कहने के लिए तो यह 1971 के मुक्ति युद्ध के मुक्ति योद्धाओं के लिए निर्धारित कोटा के खिलाफ एक स्टूडेंट प्रोटेस्ट था लेकिन सही मायने में सरकार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ती हुई दिखी। ध्यान रहे, यह कोटा शेख मुजीबुर रहमान द्वारा 1972 में मुक्ति योद्धाओं के बच्चों के लिए निर्धारित किया गया था जिसकी सीमा 30 प्रतिशत थी। बाद में इसमें उनके पोते-पोतियों को भी शामिल कर लिया गया। बढ़ती बेरोजगारी के बीच युवाओं ने इसे अपने करियर के सामने एक बड़ी बाधा माना और विरोध शुरू कर दिया। सरकार ने शुरू में इसे हल्के में लिया और समाधान खोजने के बजाय उनके साथ खेल खेलने लगी, जैसा कि सत्ताएं प्रायः करती हैं। आखिर यह खेल सरकार ने खेला कैसे? दरअसल 2018 में हाइकोर्ट में इस कोटा सिस्टम की वैधानिकता को चुनौती देने वाली एक याचिका दाखिल की गई। कोर्ट ने 8 मार्च 2018 को सुनवाई करने के बाद इसे रिजेक्ट कर दिया। स्टूडेंट्स को यह नागवार गुजरा क्योंकि वे इस कोटा सिस्टम में सुधार चाहते थे। नतीजतन, प्रोटेस्ट शुरू हो गया। सरकार ने एक एक्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी कर इस कोटा सिस्टम को रद्द कर दिया। 2020 में सरकार के एक्जीक्यूटिव ऑर्डर को लागू भी कर दिया गया। इसके बाद सरकार ने एक चोर दरवाजा खोला। वह था हाइ कमीशन, जिसने पुनः हाईकोर्ट में इस आशय की अपील फाइल की कि शेख हसीना सरकार का एग्जीक्यूटिव ऑर्डर ही अवैधानिक है। परिणाम यह हुआ कि 5 जून 2024 को हाईकोर्ट ने सरकार के एक्जीक्यूटिव ऑर्डर को रद्द कर दिया और कोटा सिस्टम फिर से बहाल हो गया। स्टूडेंट्स ने सरकार से इस फैसले के खिलाफ एक्जीक्यूटिव ऑर्डर अथवा बिल लाने की अपील की। लेकिन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील डाल दी। स्टूडेंट समझ गए कि सरकार की मंशा सही नहीं है। फिर क्या था, वही हुआ जो नहीं होना चाहिए था। ढाका की सड़कें खून से सनी नजर आईं। छात्र रिफॉर्म्ड कोटा सिस्टम चाहते हैं जिसमें 5 प्रतिशत महिलाओं और 1 प्रतिशत विकलांगों के लिए कोटा हो शेष नौकरियां मेरिट से मिलें। उनका मानना है कि बांग्लादेश में कुल आबादी के केवल 0.13 प्रतिशत को ही फ्रीडम फाइटर्स डिसेंडेंट का दर्जा हासिल है, फिर उनके लिए 30 प्रतिशत का कोटा क्यों। इसे भले अवैज्ञानिक कहा जा रहा हो, लेकिन यह कोटा सिस्टम अवामी लीग सरकार के लिए फायदेमंद बहुत था। यही वजह है कि शेख हसीना ने स्टूडेंट प्रोटेस्टर्स को पहले पॉलिटिकल टूल किट कहा, फिर रजाकार अथवा उनका समर्थक ताकि इन्हें कुचला जा सके। पुलिस के साथ-साथ स्पेशल फोर्सेज और आर्मी तैनात कर दी गई। पूरा देश कर्फ्यू और इंटरनेट ब्लैक आउट से गुजरा। बांग्लादेश के विषय में जो एक बात विचार करने वाली है, वह यह कि शेख हसीना के शासनकाल में उसने कई क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं। वर्तमान में बांग्लादेश रेडी-टू-वेयर कपड़ों के निर्यात का एक पावर हाउस है। यह क्षेत्र वैश्विक बाजार में लगभग 40 अरब डॉलर का निर्यात करता है पिछले 15 वर्षों में राजधानी ढाका में सड़कों, पुलों, कारखानों और मेट्रो रेल का जाल बिछ गया है। पिछले एक दशक में बांग्लादेश की प्रतिव्यक्ति आय तीन गुना हो गई है और विश्व बैंक के मुताबिक पिछले 20 वर्षों में वहां 2.5 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5449

					9			6
					3	8	5	1
	6	2		1	5			
		7					6	
	2	1	9	7	6	3	8	
	3					1		
			4	5		9	7	
2	5	8	6					
4			3					

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5448

1	6	7	5	2	4	9	3	8
2	3	9	1	7	8	6	5	4
8	5	4	3	9	6	2	7	1
6	9	8	7	4	2	3	1	5
7	2	3	6	1	5	4	8	9
5	4	1	8	3	9	7	6	2
3	1	2	4	8	7	5	9	6
9	7	6	2	5	1	8	4	3
4	8	5	9	6	3	1	2	7

आज का राशिफल

मेष

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। आपका मन संतोष देने वाला रहेगा। किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा। आपका दिन हंसी खुशी में बीतेगा और सुख में वृद्धि के योग हैं। आपके जीवन में सुख सुविधा और ऐशोआराम बढ़ेगा। आपका दिमाग भी काफी रिलेक्स रहेगा और आपको आराम करने का मौका मिलेगा।

वृष

आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आपको आस-पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा और कमाई होने से सभी को लाभ होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। घूमने फिरने के दौरान भी कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

मिथुन

आज सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सफलता प्राप्?त होगी और पराक्रम में वृद्धि होने से करियर के मामले में लाभ होगा। बच्चे खेल कूद में बिजी रहेंगे और आपको उनके करियर की चिंता परेशान करेगी। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा। शाम में कारोबार में आपके लिए लाभ के योग बने हैं

तुला

आज दिन लाभ सो भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास के शुभ योग आपके लिए बन रहे हैं। नई खोज में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको लाभ होगा। पुराने मित्रों के मिलने से नई आशाओं का संचार होगा और आपके घर में खुशी का माहौल रहेगा। परिवार के साथ एंजॉय करेंगे और खुशी मनाएंगे।

वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े किसी प्रकी किसी राजनयिक से निकटता और दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय पाठ पूजा और धार्मिक कार्य में बीतेगा।

धनु

आज करियर में लाभ होने के योग हैं और आपको लाभ होगा। आप चिंतित रहेंगे और आपके ऊपर काम का भार कुछ ज्यादा ही रहेगा। आपको जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा। आपके घर में खुशी का माहौल रहेगा। खुशी-खुशी काम बनेंगे और घर की समस्याएं अपने आप हल हो जाएंगी।

कर्क

आज संतान पक्ष से हर्ष होगा और आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपकी उत्तम कार्यशैली और मधुर व्यवहार से आप सभी का दिल जीत लेंगे। आपको लाभ मिलेगा और दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे। आपको पास और दूर की यात्रा पर जाने से लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

सिंह

आज करियर में लाभ होगा और आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग बने हैं। आपकी सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी। शाम को आपको किसी जरूरी कार्य में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और साथी का सानिध्य मिलेगा। थकान से परेशानी हो सकती है।

कन्या

आज आपके सुख में वृद्धि होगी और आप हर कार्य सरलता से पूर्ण करेंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले सारे वैधानिक दस्तावेजों का अच्छी तरह जांच लें।

मकर

आज आपके लिए लाभ के जबर्दस्त योग बन रहे हैं। आपके विरोधी परास्त होंगे और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें। शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने का आयोजन हो सकता है। यात्रा में सावधान रहें।

कुंभ

आज लाभ का दिन है और आपको कहीं से उपहार व सम्मान का लाभ मिल सकता है। पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है और आपकी रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलने के योग हैं। शाम को ऑफिस के किसी काम से आपको अचानक से बाहर जाना पड़ सकता है। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी और प्रियजनों से भेंट संभव है।

मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। किसी निकट व्यक्ति के साथ आपकी कहासुनी हो सकती है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। किसी भी बात को बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

वर्ग पहेली 5449

1	2		3	■	4	■	5
6		■	7	8		9	
	■	10			■	11	
12	13	■		■	14	■	
15		■	16	17	■	18	■
■	■	■	19		20		
21	22	23		■	24		■
25			■	26		■	■

संकेत: बाएं से दाएं

1. आजाद हिंद फौज की स्थापना यहां की गई थी (4)
6. दो बार उतनी ही, दुगुना, दोगुना (2)
7. विकास संबंधी काम (5)
10. संदेह, शक, खटका, भय (3)
11. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
12. स्वेच्छा से दिया जाने वाला धन (2)
14. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)
15. आंसू, नेत्र-जल, पानी (2)
16. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
19. कृतज्ञता, धन्यवाद, शुक्रिया (5)
21. एक जैसी सूरत या शक्ल वाले, एकरूप, समाकार (4)
24. आपस में गुंथी हुई चीजों का विस्तृत रूप जो एक जालीदार रचना बनाती है (2)
25. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-आकर उसका भिन्न-भिन अर्थ देता है (3)
26. पृथ्वी, धरती (2)

संकेत: ऊपर से नीचे

1. सिंदूर रखने की डिबिया (5)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, कविता (2)
3. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
4. विशिष्ट, विशेष रूप से (2)
5. कार्य करने वाला (4)
8. पिता का भाई (2)
9. वक्त, समय (2)
13. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
17. कुटिल, टेढ़ा, तिरछा (2)
18. शक्तिमत्ता, सामर्थ्य, हिम्मत (3)
20. निर्वाह हेतु दी जाने वाली आर्थिक मदद, गुजर, निर्वाह (3)
21. घोड़ा, अश्व (2)
22. मेरा या मेरी (2)
23. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत् चले, भ्रम (2)

वर्ग पहेली 5448 का हल

सि	ड	नी	■	ना	मी	बि	या
प	ल	■	व	त	न	■	म
ह	■	मो	■	■	■	स्पे	■
सा	हि	र	लु	धि	या	न	वी
ला	मा	■	क	न	क	■	■
र	क	म	■	■	■	र	त
■	त	न	■	फ	र	ज	■
■	■	स्वी	ड	न	■	क	र्म

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

संक्षिप्त समाचार



बेसमेंट में बारिश का पानी भरा; 3 लोगों की मौत

जयपुर, एजेंसी। जयपुर में बुधवार रात हुई भारी बारिश के बीच जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में एक बेसमेंट में पानी भरने से एक बच्चे सहित तीन लोग डूब गए। स्थानीय लोगों ने बचाव के लिए आई विश्वकर्मा पुलिस को बताया कि मकान के बेसमेंट में दो परिवार रहते थे। सूचना पर मौके पर सिविल डिफेंस की टीम भी पहुंची और तीनों लोगों को बाहर निकलने का प्रयास किया। सुबह 7 बजे शुरू हुए रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद 9 बजे तक लगातार बेसमेंट से पानी निकालने का काम जारी रहा। भारी बारिश के बीच बगरू थाना इलाके के एक नाले में 12 वर्षीय मासूम बह गया। राजधानी जयपुर में तेज बारिश के कारण कुछ जगहों से मकानों के ढहने की खबरें सामने आ रही हैं। जबकि कुछ जगहों पर सड़क धंस गई है। जयपुर के जामडोली इलाके में बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस और वैन अचानक सड़क धंसने के कारण फंस गई है। इस दौरान की तस्वीरें भी सामने आई हैं जो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई, और बच्चों को गाड़ी से नीचे उतार लिया गया। फिलहाल धंसी गाड़ियों को निकालने के लिए मौके पर जेसीबी को बुलाया गया है। जयपुर में तेज बारिश का असर ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ रहा है। जयपुर जंक्शन गांधी नगर स्टेशन पर जलभराव हो गया है। ट्रेक पर पानी भर जाने के कारण ट्रेनों के पहिए रोक दिए गए हैं। इस कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है और अब उन्हें स्टेशन पर ही इंतजार करना पड़ रहा है। गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। जबकि सीकर में रेलवे ट्रैक डूब गया है।

झारखंड सरकार के पारसनाथ पर्वत पर किए गए कदमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका की सुनवाई

अहमदाबाद। न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की अध्यक्षता में एक डिवीजन बेंच पारसनाथ पर्वत की पवित्रता को बनाए रखने के लिए 31 जुलाई को याचिका पर सुनवाई करेगी। यह पर्वत झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित है, जो जैन समुदाय के लिए सबसे पूजनीय तीर्थस्थल है। सिविल अपील संख्या 5596-5600/2009 में दाखिल की गई द्व संख्या 156891/2024, दर्शनाबेन नयनभाई शाह द्वारा दायर की गई है, जो इस पवित्र स्थल को अपवित्र करने वाली गतिविधियों को तत्काल रोकने के लिए कोर्ट के आदेशों की मांग करती है।पारसनाथ पर्वत, जिसे शिखरजी के नाम से भी जाना , जैन धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे पवित्र और पूजनीय स्थल माना जाता है, क्योंकि 24 में से 20 तीर्थंकरों और अनेक जैन साधुओं ने यहाँ निर्वाण प्राप्त किया है। सदियों से, केवल जैन समुदाय ही नहीं बल्कि विभिन्न न्यायिक और प्रशासनिक शक्तियों द्वारा भी इस पर्वत को उसकी धार्मिक महत्वता के लिए मान्यता मिली है। जैसे अयोध्या हिंदुओं के लिए, बोधगया बौद्धों के लिए, स्वर्ण मंदिर सिखों के लिए, मक्का मुसलमानों के लिए और वेटिकन कैथोलिकों के लिए पवित्र है, वैसे ही यह पर्वत जैनों के लिए पवित्र है। इस याचिका में, दर्शनाबेन शाह, जैन समुदाय के एक निष्ठावान सदस्य, हाल ही में झारखंड राज्य द्वारा की गई कई गतिविधियों को उजागर करती हैं, जो पर्वत की पवित्रता को खतरे में डालती हैं। याचिका में निम्नलिखित मुद्दों को प्रस्तुत किया गया है- झारखंड राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित करने से बढ़ी हुई पर्यटकों की आवन-जावन के कारण पर्वत पर नए साल की पिकनिक और खाने-पीने की गतिविधियों को बढ़ावा मिला है, जिसे जैनों द्वारा अपवित्र माना जाता है।

मुख्यमंत्री धामी ने किया टिहरी व रुद्रप्रयाग के आपदाग्रस्त क्षेत्रों को स्थलीय निरीक्षण

- **उन्होंने टिहरी और रुद्रप्रयाग जिले के आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ ही आपदा प्रभावितों का हाल भी जाना। साथ ही राहत व बचाव शिविरों में कई गई व्यवस्थाओं को परखा। मुख्यमंत्री धामी मोर्चे पर डटे तो उनकी पूरी टीम भी पूरी ताकत के साथ बचाव और राहत कार्यों में जुट गई। रुद्रप्रयाग जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने देर रात से ही रेस्क्यू अभियान की कमान संभाल ली।**

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। रुद्रप्रयाग जिले में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला पुलिस और जिला प्रशासन के बेहतर समन्वय से केदारनाथ यात्रा मार्ग में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भीमबली, रामबाड़ा, लिंचोली में फंसे करीब 425 यात्रियों को एयरलिफ्ट किया गया है। इसके अलावा पैदल यात्रा मार्ग में सोनप्रयाग और भीमबली के बीच फंसे 1100 यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग बनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बुधवार रात को अतिवृष्टि से सड़कों, पैदल पुलों, बिजली और पेयजल लाइनों के साथ ही कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। आपदा की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रात से ही सक्रिय हो गए और रात्रि में ही राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर राज्य भर में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को एलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री का पूरा दिन आपदा प्रभावित इलाकों में बीता। उन्होंने टिहरी और रुद्रप्रयाग जिले के आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ ही आपदा प्रभावितों का हाल भी जाना। साथ ही राहत व बचाव शिविरों में कई गई व्यवस्थाओं को परखा। मुख्यमंत्री धामी मोर्चे पर डटे तो उनकी पूरी टीम भी पूरी ताकत के साथ बचाव और राहत कार्यों में जुट गई। रुद्रप्रयाग जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने देर रात से ही रेस्क्यू अभियान की कमान संभाल ली। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला पुलिस व प्रशासन के बेहतर समन्वय से शाम पांच बजे तक केदारनाथ धाम यात्रा पैदल मार्ग और विभिन्न पड़ावों में फंसे करीब डेढ़ हजार यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर कई जगह भूस्खलन होने से यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।

सूट-सलवार पहन रात को घर में घुसा, महिला के प्राइवेट पार्ट पर ईंट मार-मारकर ली जान

रेप पीड़िता का खौफनाक मर्डर

गुरुग्राम एजेंसी। गुरुग्राम से सटे हरियाणा के रेवाड़ी जिले में दुष्कर्म के मामले में आरोपी ने मंगलवार देर रात एक बजे सूट-सलवार पहनकर घर में घुसकर पीड़िता की निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, उसने पीड़िता के हाथ-पैरों और प्राइवेट पार्ट पर ईंट मारकर उसकी जान ले ली। उस पर आरोप है कि उसने कुछ दिन पहले महिला के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में केस अदालत में लंबित था, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचा हुआ था। आरोपी लगातार पीड़िता को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। गांव की एक 35 वर्षीय महिला के साथ गांव के ही युवक सुधीर ने 16 जुलाई को दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद मामला अदालत में लंबित था।

थाने में लगाई थी सुरक्षा की गुहार ~ आरोपी गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहा था। बुधवार को इस केस की अदालत में तारीख भी थी। पीड़िता के भाई ने कहा कि इस केस को लेकर आरोपी सुधीर लगातार बहन और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। इसकी लिखित शिकायत भी संबंधित थाने में देकर सुरक्षा की गुहार लगाई गई थी। उसने कहा कि उसका बहनोई एक पेट्रोल पम्प पर काम करता है और वह नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर गया हुआ था। वह और उसकी बहन अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। इस दौरान आरोपी ने उसकी बहन पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। पीड़िता के हाथ-पैर तोड़ने के बाद आरोपी ने उसके प्राइवेट पार्ट पर भी चोट मारी। बहन की चिल्लाने की आवाज सुनकर भाई की नींद खुल गई। उसने बाहर निकलने की कोशिश भी की, लेकिन बाहर से कुंडी बंद होने की वजह से वह कुछ नहीं कर सका। जब उसने कमरे की खिड़की को खोलकर देखा तो आरोपी सुधीर उस पर हमला कर रहा था और दुपट्टे से उसका गला घोंट रहा था। उसके सामने बहन की हत्या कर आरोपी फरार हो गया। वारदात की सूचना पाकर खोल थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें महिला लहूलुहान हालत में मृत पड़ी मिली। इस हत्याकांड से ग्रामीणों में भारी रोष दिखाई दिया। भाई का कहना है कि सुधीर के द्वारा दी जा रही लगातार धमकियों को लेकर उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार करने की लिखित मांग की थी।

मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्री से फोन पर वार्ता कर दी घटना की जानकारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर से म्यांमार में फंसे उत्तराखण्ड के लोगों की सुरक्षित वापसी का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को फोन पर विदेश मंत्री से वार्ता की तथा उन्हे स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि म्यांमार के कॉल सेंटरों द्वारा उत्तराखंड के 15 से अधिक पुरुषों और नौ महिलाओं को अगवा कर उन्हें म्यांमार में कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से पीड़ितों के परिजन परेशानी और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से उत्तराखंड के लोगों में भी भय बना हुआ है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने 31 जुलाई, 2024 के टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित समाचार का उल्लेख करते हुए उत्तराखंड के नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विदेश मंत्री से सहायता की

गाजियाबाद में अब छोटे भूखंडों पर भी खुल सकेंगे होटल, बढ़ेगा रोजगार; जीडीए ने बदला नियम

गाजियाबाद, एजेंसी।
गाजियाबाद में अब छोटे भूखंडों पर भी होटल खुल सकेंगे। शासन के निर्देश पर जीडीए भी एक हजार वर्ग मीटर भूखंड पर नक्शा पास करने की बाध्यता को खत्म करने जा रहा। इससे लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि पिछले दिनों शासन ने बिल्डिंग बायलॉज के होटल भवन निर्माण उपविधि में संशोधन किया है। साथ ही, सभी प्राधिकरणों को बोर्ड के माध्यम से इसे अपनाने के निर्देश दिए। अब जीडीए पांच अगस्त को होने वाली बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को ला रहा है, जिसमें होटल भवन निर्माण उपविधि संशोधित 2023 को अपना लिया जाएगा।

इसे अपनाने के बाद होटल भवन निर्माण के लिए न्यूनतम एक हजार वर्ग मीटर भूखंड पर नक्शा पास करने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि

अब तक एक हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड पर होटल का नक्शा पास किया जाता है। नए बदलाव से होटल के कमरों की संख्या न्यूनतम छह रखनी होगी। छह से 20 कमरों तक में भूखंड के आकार की बाध्यता नहीं रहेगी। 20 कमरे से अधिक का निर्माण हुआ तो होटल का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर होना चाहिए। साथ ही, कोई नियोजित कॉलोनी है, तो उसमें आवासीय भूखंड पर अब होटल का निर्माण नहीं हो सकेगा। नए नियम के तहत छह से 20 कमरों के होटल के लिए जमीन की न्यूनतम बाध्यता खत्म होगी। कमरे की संख्या 20 से अधिक है, तो 500 वर्ग मीटर या इससे बड़ा भूखंड होना अनिवार्य होगा। आवासीय क्षेत्र में 20 कमरों के होटल के लिए पहुंच मार्ग की चौड़ाई नौ मीटर होनी जरूरी होगी। 20 कमरें से अधिक है तो मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर होगी। गैर आवासीय क्षेत्र के सभी प्रकार के होटल के पहुंच मार्ग को 12 मीटर ही रखा गया है। नए नियमों में होटल के पहुंच मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर से अधिक है, तो पांच फ्लोर तक निर्माण कर सकते हैं। पहले केवल चार फ्लोर तक निर्माण की अनुमति थी। वर्तमान में होटल भवन निर्माण के लिए एक हजार वर्ग मीटर भूखंड पर ही नक्शा पास होता है। निर्मित या विकसित क्षेत्र में होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर और अविकसित या नए क्षेत्र में जिस मार्ग पर होटल बना रहा है, उसकी न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर होना जरूरी है।

तुम काली हो, शादी नहीं कर सकता; सगाई के बाद विवाह से इनकार कर बोला लड़का- मेकअप किया करो

छतरपुर एजेंसी। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में शादी से ठीक कुछ दिनों पहले एक दूल्हे ने यह कह कर शादी तोड़ दी कि लड़की काली है। जिसके बाद लड़की और उसके परिजन परेशान हो गए। परेशान होकर लड़की एवं उसके परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। दरअसल अलीपुरा थाना क्षेत्र के करारा गंज में रहने वाली कुमारी भारती की शादी झांसी जिले के भिटौरा में रहने वाले रूपेश अहिरवार से जून 2023 में तय हुई थी। गोद भराई की रस्म के बाद पंडित के समक्ष 25 अप्रैल 2024 को शादी होना तय हुआ था।

सगाई में लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष को 3 लाख रुपये भी नगद दिए और 50 हजार खर्च भी हुए थे। शादी की तय तारीख के हिसाब से लड़की पक्ष के लोग शादी की तैयारियों में लग गए। लड़की वालों का कहना है कि शादी के कार्ड छप गए और रिश्तेदारों को भिजवा दिए गए। लेकिन इसी बीच शादी के ठीक 15 दिन पहले रूपेश ने कुमारी भारती से शादी तोड़ दी और फोन उठाना बंद कर दिया। कुमारी भारती ने बताया की चूंकि उसकी रूपेश से शादी होनी ही वाली थी इसलिए उससे फोन पर बात कर लेती थी। रूपेश ने शादी तोड़ने से पहले फोन पर कहा था कीतुम काली हो।

गुरुग्राम में नियमित हुई 19 कॉलोनियों को मिलेगीं जरूरी सुविधाएं; 75% कामों के एस्टीमेट तैयार

गुरुग्राम एजेंसी।
गुरुग्राम नगर निगम के दायरे में अवैध से नियमित हुई 19 कॉलोनियों में अब जल्द ही लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। नियमित हुई कॉलोनियों में करीब 25 करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसको लेकर निगम ने सभी विकास कार्यों का अलग-अलग एस्टीमेट बनाकर इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी है। इन कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने के लिए 75 फीसदी कार्यों के एस्टीमेट तैयार किए जा चुके हैं।

सात कॉलोनियों में निगम ने सड़क, सीवर लाइन डालने का काम भी शुरू कर दिया है। नगर निगम की तरफ से 103 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सर्वे करवाया था। इन

सभी कॉलोनियों का निगम की तरफ से सर्वे पूरा कर फरवरी में मुख्यालय को इनका प्रस्ताव भेज दिया था। वित्त वर्ष 2023-24 में नगर निगम की 19 कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। नियमित हुई इन कॉलोनियों में रहने वाले पांच लाख से ज्यादा लोगों को निगम की तरफ से सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। अब इन कॉलोनियों में निगम की तरफ से पहले पानी की लाइन, सीवर लाइन, सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, पार्क विकसित करने, घर-घर पानी की कनेक्शन आदि विकास कार्य करवाए जाएंगे। अब इन कॉलोनी के लोगों को निगम में संपत्ति कर, पानी के बिलों का भी भुगतान निगम को करना होगा। नगर निगम की तरफ से नियमित हुई कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने के लिए 50 से ज्यादा एस्टीमेट तैयार किए हैं। इसमें से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 15 एस्टीमेट तैयार कि जा रहे हैं, 18 विकास कार्यों के लिए पहले से ही तैयार किए जा चुके हैं। इनमें से आठ कार्यों को प्रशानिक अनुमति मिल चुकी है और चार कार्य निजी एजेंसियों को अलॉट किए जा चुके हैं। निगम की रिपोर्ट के अनुसार इनमें से तीन विकास कार्य पूरे भी किए जा चुके हैं, जबकि गुरुग्राम की 19 कॉलोनियों में 25 करोड़ के एस्टीमेट तैयार किए गए हैं।

गाजियाबाद वेव सिटी के 3000 आवंटियों के लिए 12 साल बाद अच्छी खबर, घर खरीदारों को मिलेगा प्लॉट पर कब्जा

गाजियाबाद एजेंसी।
गाजियाबाद की वेव सिटी के करीब 3 हजार आवंटियों के लिए अच्छी खबर है। बोर्ड बैठक में इसके संशोधित डीपीआर के लेआउट को मंजूरी मिलने के बाद यह योजना परवान चढ़ सकेगी। वहीं, वेव सिटी डेवलपर्स का दावा है कि लेआउट प्लान स्वीकृत होने के छह महीने के भीतर आवंटियों को भूखंड पर कब्जा देना शुरू कर दिया जाएगा। पिछले 12 साल से उत्पल चड्ढा हाईटेक डेवलपर्स प्रा. लि. गाजियाबाद (वेव सिटी) परियोजना में प्लॉट का इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिलने वाली है। वेव सिटी की संशोधित डीपीआर के लेआउट का प्रस्ताव 5

अगस्त को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वेव सिटी ने 4196.30 एकड़ जमीन का संशोधित डीपीआर स्वीकृति करवाया था, लेकिन अब लेआउट 3786.79 एकड़ का पास करवाया जा रहा है। इससे करीब 3 हजार की संख्या में आवंटियों को फायदा मिलेगा, क्योंकि उन्होंने वेवसिटी के फेस-2 में प्लॉट बुक करवा रखे हैं। ऐसे में इसका संशोधित लेआउट स्वीकृत होने से इन आवंटियों को भी अपने प्लॉट पर कब्जा मिल सके। वेव सिटी के अधिकारियों का कहना है कि संशोधित लेआउट स्वीकृत होने के बाद फेस टू योजना पर तेजी से काम किया जाएगा, ताकि आवंटियों को जल्द से जल्द प्लॉट पर कब्जा दिया जा सके। वर्ष 2009 में 13 हाईटेक टाउनशिप का लाइसेंस दस साल के लिए दिया था। जब दस साल पूरे होने के बाद 2029 में इसका रिव्यू किया तो पता चला कि पूरे प्रदेश में सात हाईटेक टाउनशिप ही क्रियाशील मिली। बाकी छह के लाइसेंस को शासन ने निरस्त कर दिया। सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वेव सिटी के संशोधित ले-आउट के परीक्षण कमेटी ने कर लिया है। अब संशोधित डीपीआर का लेआउट बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। कैग ऑडिट के दौरान वेव सिटी के भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क की वसूली नहीं होने पर आपत्ति लगाई गई थी।

लिफ्ट में ऊपर जाते वक्त फंस गया 14 साल के लड़के का गला, हुई दर्दनाक मौत

बिलासपुर , एजेंसी।
छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के कोतवाली क्षेत्र के इलेक्ट्रानिक दुकान में बुधवार को सामान ऊपर लेकर जाते समय 14 साल के नाबालिग का गला लिफ्ट में फंस गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और पुलिस वहां पर काम करने वालों से पूछताछ शुरु कर दी है।

कोतवाली सीएसपी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में भरत हिरयानी की विशाल इलेक्ट्रानिक्स नाम से दुकान है। उनकी दुकान पर कुछ दिनों से सुमित आता था। उसकी मां भी भरत के घर पर काम करती है। आज सुमित दुकान आया था इसी दौरान दुकान के ग्राउंड फ्लोर से कुछ सामान को उपर गुड्स लिफ्ट में डाला गया। बालक भी लिफ्ट पर चढ़ गया। उपर जाते वक्त बालक का गला लिफ्ट के केबल में फंस गया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुकान में काम करने वालों ने किसी तरह नाबालिग के शव को निकाला। इसके बाद हादसे की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई।

पेरिस ओलंपिक

6 और 8 अगस्त को एक्शन में नजर आएंगे नीरज चोपड़ा

- नीरज चोपड़ा क्या फिर से जीत पाएंगे गोल्ड मेडल?

पेरिस, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को अपने स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा से बड़ी उम्मीद है। नीरज ने टोक्यो ओलिंपक 2018 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता था और एक बार फिर से उनसे पेरिस में भी बड़ी उम्मीद है। नीरज चोपड़ा अगर इस बार भी गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हो जाते हैं तो वो इतिहास रच देंगे। आपको बताते हैं कि नीरज चोपड़ा किस दिन मैदान पर नजर आएंगे।

भारत की तरफ से ओलिंपिक इतिहास में गोल्ड मेडल जीतने वाले सिर्फ दो खिलाड़ी हैं जिसमें एक अभिनव बिंद्रा हैं तो दूसरे नीरज चोपड़ा हैं। वहीं भारत की तरफ से अब तक किसी भी खिलाड़ी ने दो गोल्ड मेडल ओलिंपिक में नहीं जीते हैं, लेकिन नीरज का जिस तरह का प्रदर्शन रहा है ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वो भारत के लिए ओलंपिक में दो गोल्ड मेडल जीतने का कमाल कर सकते हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक में 6 अगस्त को मैदान पर क्वालिफिकेशन राउंड में उतरेंगे। इसमें अगर वो फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाते हैं तो फिर 8 अगस्त को एक्शन में दिखेंगे। 8 अगस्त को मेन्स जैवलिन थ्रो की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक दिन के 11.55 बजे होगी।

इतिहास रचने के करीब हैं नीरज चोपड़ा

नीरज चोपड़ा अगर 8 अगस्त को मेन्स जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत जाते हैं तो वो इस प्रतियोगिता में अपने टाइटल का बचाव करने वाले वर्ल्ड के 5वें एथलीट बन जाएंगे। यही नहीं वो ओलिंपिक में लगातार दो गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन जाएंगे। नीरज चोपड़ा से पहले जैवलिन थ्रो इवेंट में एरिक लेमिंग (स्वीडन- 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड- 1920 और 1924), जान जेलेजनी (चेक गणराज्य- 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे- 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंनेअपने खिताब का बचाव किया था।

टेबल टेनिस के कड़े मुकाबले में स्टार मनिका बत्रा को मिली हार

- टूट गया मेडल का सपना

पेरिस, एजेंसी। भारत की स्टार टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा पेरिस ओलंपिक 2024 में एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की मियू हिरानो से 1-4 से हारकर बाहर हो गईं। लेकिन उन्होंने मुकाबले में जापान की मियू हिरानो को कड़ी टक्कर दी। अंत में बाजी जापानी के खिलाड़ी के हाथ लगी। मनिका को 47 मिनट तक चले अंतिम 16 के मुकाबले में हिरानो ने 11-6, 11-9, 12-14, 11-8, 11-6 से शिकस्त दी। मनिका ने दो गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए तीसरे गेम में 14-12 से जीत दर्ज की। लेकिन इसके बाद इस लय को जारी नहीं रख सकी और अगले दो गेम गंवाकर बाहर हो गईं।

पहले दो गेम हारने के बाद मनिका ने की थी वापसी

मनिका बत्रा ने पहला गेम 11-6 से गंवा दिया था। इससे वह 0-1 से पिछड़ गईं। पहले गेम में उनके पास बढ़त लेने का चांस था, लेकिन वह दबाव में आ गईं और गलतियां कर बैठीं। दूसरे गेम में भी पहले गेम जैसी ही कहानी दोहराई गई। जब वह उन्होंने 11-9 से गेम गंवा दिया। उनके पास लीड लेने का मौका था, लेकिन वह चूक गईं। मनिका बत्रा ने तीसरे गेम में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। शुरुआत में ही लीड ले ली थी। लेकिन इसके बाद हिरानो ने लीड बराबर कर दी। एक समय पर दोनों ही प्लेयर्स गेम जीतने की कगार पर थीं। पर अंत में बाजी मनिका के हाथ लगी। उन्होंने 14-12 से गेम जीत लिया। उन्होंने चौथे और पांचवें गेम में भी हिरानो को टक्कर दी। लेकिन जापानी प्लेयर के अनुभव के आगे मनिका टिक नहीं पाईं। उन्होंने मैच 4-1 से गंवा दिया और उनसे मेडल की उम्मीद टूट गई।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका

भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से दो और खिलाड़ी बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज से पहले श्रीलंका की पेस बैटरी डाउन हो गई है। दो और तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गए हैं। मथीशा पथिराना को कंधे में परेशानी और दिलशान मदुशंका को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। श्रीलंका को दुष्मंथा चमीरा के भी सेवाएं नहीं मिलनी हैं, जो बीमारी के कारण बाहर हैं। इसके अलावा नुवान तुषारा के अंगूठे में फ्रैक्चर है। ये दोनों खिलाड़ी टी20 में भी नहीं खेले थे।

वाह! भारत को मिल गए तेंदुलकर-गांगुली

ये दोनों हैं विराट कोहली-रोहित शर्मा जैसे खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी। एक समय था जब भारतीय टीम के लिमिटेड क्रिकेट फॉर्मेट में महान सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली का सिक्का चलता था। इस ओपनिंग जोड़ी से दुनिया का हर गेंदबाज कांपता था। दाएं और बाएं हाथ के ओपनरों की इस तरह की जोड़ी फिर भारत को नहीं मिली।

गौतम गंभीर और वीरेंद्र सहवाग सीन में जरूर आए, लेकिन बहुत समय तक नहीं रहे। कुछ ऐसा ही देखने को मिला शिखर धवन और रोहित शर्मा के साथ। हालांकि, अब इस तरह की कामयाब जोड़ी बनती दिख रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बारे में। इस महीने की शुरुआत में भारत को टी20 इंटरनेशनल में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के रूप में एक नई ओपनिंग जोड़ी मिली। इस जोड़ी को रोहित शर्मा और विराट कोहली की स्टार बल्लेबाजी जोड़ी की जगह लेने की जिम्मेदारी है, जिन्होंने पिछले महीने टीम के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में भारत के सभी मैचों में ओपनिंग की थी।

श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में को भारत की शानदार 3-0 की जीत दिलाई और इस जोड़ी में भारतीय क्रिकेट विशेषज्ञों को भविष्य दिखने लगा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि इस जोड़ी ने भारत को शुरुआती टी20 में आक्रामक शुरुआत दी। पहले छह ओवरों में 74 रन बनाए और टीम के लिए जबरदस्त फाउंडेशन तैयार किया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के दौरान दो मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया जहां गिल ने टीम की अगुआई की थी। भारत के पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने अब युवा ओपनिंग जोड़ी की काफी प्रशंसा की है और सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर की महान जोड़ी से उनकी तुलना की है।

कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के करीब

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लगभग एक महीन के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर नजर आने वाले हैं। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त से होगी और इस वनडे सीरीज में विराट कोहली का जलवा क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिलेगा। वहीं इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 अगस्त जबकि तीसरा मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। विराट कोहली के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 ज्यादा अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने भारत के लिए उपयोगी पारी खेली थी और भारत को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

कोहली ने भारत के चैंपियन बनने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। हालांकि वो भारत के लिए अभी टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। कोहली श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में खेलेंगे और इस दौरान उनके पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरा करने का शानदार मौका होगा।

विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के करीब पहुंच गए हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान वो आसानी से रन के इस आंकड़े को छू सकते हैं। इंटरनेशनल क्रिकटे में विराट कोहली ने 530 मैचों में अब तक 26,884 रन बनाए हैं और वनडे सीरीज के दौरान वो जैसे ही 116 रन बना लेंगे वो रन के इस आंकड़े (27,000) तक पहुंच जाएंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट में कोहली से पहले 27,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा और रिकी पोंटिंग हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बल्लेबाज

सचिन तेंदुलकर – 34,357 रन
कुमार संगकारा – 28,016 रन
रिकी पोंटिंग – 27,483 रन
विराट कोहली – 26,884 रन
महेला जयवर्धने – 25,957 रन

दीप्ति शर्मा की घर वापसी, बंगाल का साथ छोड़ अब उत्तर प्रदेश से खेलेंगी क्रिकेट

नईदिल्ली , एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने आगामी घरेलू सत्र से पहले बंगाल का साथ छोड़ दिया है। वह अब अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करती दिखेंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल से उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी मिल गया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी मिलने के कारण दीप्ति ने यह फैसला लिया है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने दीप्ति शर्मा को लेकर स्पोर्टस्टार को बताया, दीप्ति को उत्तर प्रदेश

पुलिस में नौकरी मिल गई है और इसलिए वह वहां शिफ्ट होना चाहती थीं। हमने पहले ही उसे एनओसी जारी कर दी है। इसी साल जनवरी में दीप्ति को उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद से सम्मानित किया था। भारत की महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख सदस्य दीप्ति कुछ साल पहले झूलन गोस्वामी और मिठू मुखर्जी के कहने पर उत्तर प्रदेश से बंगाल चली गई थीं।

पिछले साल खबरें आई थीं कि वह बंगाल टीम को छोड़ने वाली हैं। हालांकि, सीएबी अधिकारियों ने उन्हें बंगाल के साथ बने रहने के लिए लिए मना लिया था। गांगुली के मुताबिक, दीप्ति के रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी बाहरी खिलाड़ी को साइन किया जाए या नहीं, इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

साउथ अफ्रीका-अफगानिस्तान के बीच पहली बार होगी क्रिकेट सीरीज

नईदिल्ली, एजेंसी। साउथ अफ्रीका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन टीम को फाइनल में भारत के खिलाफ 7 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। पिछले कुछ समय से साउथ अफ्रीका ने क्रिकेट की दुनिया में अच्छा प्रदर्शन किया है। अब साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच 18 सितंबर से शारजाह में तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। दोनों टीमों के बीच ये पहली बाइलेटरल सीरीज होगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच एक भी बाइलेटल सीरीज नहीं हुई है।

दोनों टीमों के बीच हुए हैं अभी तक सिर्फ दो वनडे मैच: बाइलेटल सीरीज से ही दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी करना चाहेंगे। साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ दो एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें हर बार बाजी साउथ अफ्रीका ने मारी है। दोनों ही मैच वनडे वर्ल्ड कप में हुए थे। एक साल 2019 में और दूसरा 2023 में। दोनों टीमें हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024

के सेमीफाइनल में आपस में भिड़ी थीं, तब अफ्रीकी टीम ने जीत दर्ज की थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के चेयरमैन चेयरमैन लॉसन ने कहा कि हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक वनडे सीरीज को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। अफगानिस्तान अपने हालिया प्रदर्शन से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी टीम बन गई है। उन्होंने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया है।

यह हमारे क्रिकेट संबंधों को मजबूत करने के लिए एक अहम पल होगा। हम एक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक सीरीज की उम्मीद करते हैं।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मीरवाइज अशरफ ने कहा कि ये मैच शुरू में हमारे एफटीपी का हिस्सा नहीं थे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका में अपने समकक्षों के साथ हमारी बातचीत के आधार पर, हमने निष्कर्ष निकाला कि हम सितंबर में वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेंगे।

आईपीएल 2025

काव्या मारन नियमों से नाराज

नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई आईपीएल मेगा ऑक्शन के लिए तैयार है. ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन संभव है. लेकिन अब तक मेगा ऑक्शन पर आईपीएल टीमों की समान राय बन नहीं सकी है. दरअसल, इस पर आईपीएल मालिकों की राय अलग-अलग है. इसके अलावा आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम समेत कई अन्य मसलों पर बीसीसीआई और टीमों के मालिक आमने-सामने है. वहीं, अब सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की नाराजगी सामने आई है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन नियमों से बेहद नाखुश हैं. क्रिकबज की खबर की मानें तो काव्या मारन ने बीसीसीआई के साथ टीम मालिकों की बैठक के बाद नियमों पर नाराजगी जताई. काव्या मारन ने कहा कि टीम बनाने में लंबा वक्त लगता है, इससे पहले काफी मंथन करना पड़ता है, युवा खिलाड़ियों पर निवेश करना होता है, युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में वक्त लगता है.

ऐसे में मेगा ऑक्शन ठीक ठीक नहीं है, क्योंकि ऑक्शन में आपके खिलाड़ी ऑक्शन में दूसरी टीमों का हिस्सा बन जाते हैं. जबकि इससे पहले आप उन युवा खिलाड़ियों पर निवेश करते हैं. इसके बाद काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा का उदाहरण देती हैं. काव्या मारन कहती हैं कि अभिषेक शर्मा को तैयार



करने में 3 साल का वक्त लगा. इस खिलाड़ी को हमने 3 साल तक तैयार कर बेहतर बनाया.

अब अभिषेक शर्मा हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इसके पीछे हमारी मेहनत है. उन्होंने कहा कि अभिषेक शर्मा इकलौते उदाहरण नहीं हैं, इस तरह के उदाहरण आपको बाकी टीमों में भी मिल जाएंगे. लिहाजा, सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन मेगा ऑक्शन की पक्षधर नहीं हैं.

एक नजर

पुलिस ने पहाड़ी पर चल रहे देशी शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। कासमा थाना की पुलिस ने भेवड़ी गांव के पास पहाड़ी में चल रहे दो देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त किया।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि इस दौरान करीब।500 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया। 20 लीटर देशी शराब बरामद कर थाना लाया गया।शराब बिक्री, निर्माण एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार करवाई जारी रहेगा।

तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। कासमा थाना की पुलिस ने उत्पाद विभाग के सूचना पर कासमा गांव में संतोष साव के घर शराब बरामदगी के लिए छापेमारी किया। इस दौरान सरसो के बोरा में छिपाकर रखे रॉयल स्टेग का 375 एम एल का तीन बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि इस मामले में तत्काल कारवाई करते हुए संतोष साव को गिरफ्तार किया गया।

सर्पदंश से जदयू जिला उपाध्यक्ष के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। औरंगाबाद जदयू के जिला उपाध्य विजय सिंह के सर्पदंश से निधन पर पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे। शोक जताने वालो में गोह प्रखंड अध्यक्ष कुंजन सिंह, बीटू सिंह, अवध सिंह, अजय कुमार, चिराग पासवान, अक्षर पटेल, रवींद्र सिंह, संजय यादव, सुशील कुमार, चंद्रदीप राम, सतेंद्र चंद्रवंशी, चुन्नू बारी, दीनानाथ चंद्रवंशी आदि शामिल है।

मो. रफी को 44वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। शहर के एक संगीत महाविद्यालय में महान कलाकार, मशहूर गायक मो. रफी की 44वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को देर शाम 'एक शाम रफी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(स्थापना) दयाशंकर सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, प्रख्यात कवि व लेखक शिवनंदन प्रसाद एवं संगीत विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इसके पूर्व आगत अतिथियों और उपस्थित सर्वप्रथम मो. रफी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीत महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रविंद्र कुमार ने की जबकि संचालन विकास कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने कहा कि मो. रफी हिंदुस्तान के जीवंत कलाकार थे।उनके गाए गीत आज भी लोगों की जुबान पर अंकित है। यह संगीत महाविद्यालय औरंगाबाद में संगीत की पहचान को विशिष्टता प्रदान करने में आगे है। इस मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मो. रफी के गाए गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान खुशबू कुमारी ने जनम जनम का साथ निभाना, पल्लवी ने तेरी बिंदिया रे, सिमरन ने वादा कर ले साजना, अंजली कुमारी ने सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था, झिलमिल सितारों का आंगन होगा जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी।

बालू लदा ट्रक नहर में गिरा, चालक की मौत वैकल्पिक ब्रिज का किया गया था निर्माण

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद जिला के दाउदनगर में बीती रात सोन नहर में बालू लदा ट्रक पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के केरा गांव के समीप भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज के समीप स्थित सोन कैनाल की है। बताया जाता है कि बालू ठेकेदारों ने सोन कैनाल के ऊपर लोहे का वैकल्पिक पुल का निर्माण किया था। ताकि बालू लदे वाहनों का आवागमन हो सके।

दाउदनगर पूर्णा बालू घाट से चालक बालू लोड कर एनएच-139 की ओर बढ़ा। जिसके बाद वैकल्पिक पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए ट्रक नहर में गिर गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को निकाला, लेकिन ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के माध्यम से ट्रक निकालने की कोशिश की, लेकिन सुबह करीब 6 बजे तक ट्रक नहीं निकल पाया था। मृतक की पहचान बक्सर के गुलम सिंह के रूप में की गई है। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। दाउदनगर थाना अध्यक्ष फहीम अजाद ने बताया कि ट्रक निकालने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के परिजन को फोन से जानकारी दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

वज्रपात से मवेशी की हुई मौत

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। प्रखंड के केराप पंचायत के दशरथ बिगहा में सियाराम यादव के घर के पास बंधा एक मवेशी के ऊपर वज्रपात गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सियाराम यादव ने रफीगंज थाना व अंचलाधिकारी को मुआवजा की मांग को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भैंस घर के पास ही बंधा हुआ था, बुधवार को अचानक वज्रपात भैंस के ऊपर ही हुआ।और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हमलोग पूरे परिवार बाल- बाल बचे। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़िता को सहायता दिया जाएगा।

भारतमाला परियोजना के तहत रैयतों के भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा नबीनगर अंचल कार्यालय में भारतमाला परियोजना अंतर्गत (वाराणसी रांची कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस) रैयतों के भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु आयोजन शिविर में भाग लिया गया। इस शिविर में जिन रैयतों का भूमि अअधिग्रहित किए गए हैं उन रैयतों के भुगतान हेतु एलपीसी निर्माण एवं जमीनी संबंधित अन्य त्रुटि की सुधार संबंधित अधिकारियों के द्वारा कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी भूमि रैयतों को मुआवजे में होने वाले जमीनी संबंधित समस्या को सुलभ तरीके से समाधान करें । उनके द्वारा अभी बताया गया कि यह शिविर अब लगातार हर सोमवार को लगाया जाएगा। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती रत्ना प्रियदर्शनी, अंचल अधिकारी नबीनगर निकहट परवीन, वीडियो नबीनगर समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

बारिश में गिली मिट्टी की दीवार गिरी, चार घायल

रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)। रफीगंज में मिट्टी की दीवार गिरने से एक मासूम समेत चार लोग घायल हो गए। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के खडोखर गांव की है। घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायल में खडोखर गांव निवासी प्रयाग मिस्त्री के पुत्र सूरज कुमार शर्मा, सूरज कुमार शर्मा की पत्नी संध्या देवी, 18 माह की बेटी चांदनी कुमारी और प्रवासी कुंवर शामिल हैं। घायल को डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। घायल सूरज कुमार शर्मा, संध्या देवी और प्रवासी कुंवर को बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया। घायल के परिजन सोनी देवी ने कहा कि बुधवार को हुई बारिश के कारण मिट्टी की दीवार गीली हो गई थी। घटना के समय कुछ लोग घर में सोए हुए थे। कुछ लोग घर का कार्य कर रहे थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टॉल फ्री नंबर 102 पर फोन कर एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जहां से प्राथमिक उपचार कर तीन लोग को बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया है।

इग्नू में अब 14 अगस्त तक होगा नामांकन

औरंगाबाद(का.सं.)। इग्नू के तहत संचालित पाठ्यक्रमों में 14 अगस्त तक नामांकन होगा। इस संबंध में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज इग्नू लर्निंग स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जुलाई 2024 सत्र के लिए नामांकन की तिथि का विस्तार करते हुए 14 अगस्त कर दिया गया है। इग्नू के इस सेंटर से स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, हिन्दी एवं स्नातक इतिहास, उर्दू, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स आदि में नामांकन लिया जा सकता है।

करंट लगने से अधिवक्ता के इकलौते बेटे की मौत

- विकास छत पर खाली पैर चला गया और करंट की चपेट में आ गया
- जमुहार स्थित निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय मौत

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के श्रीकृष्ण नगर मुहल्लें में गुरुवार को एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता कामेश्वर सिंह के इकलौते पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बारिश होने से युवक के घर की छृत गीली थी और छृत में कही बिजली के तार का स्पर्श होने से करंट दौड़ रही थी, जिसका पता घर के किसी सदस्य को नही था। इसी बीच गुरुवार को विकास किसी काम से अपने घर के छत पर खाली पैर ही चला गया। छत पर जाते ही वह गीली छृत में दौड़ रहे बिजली के करेंट के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों ने आनन फानन में घर की विद्युत सप्लाई को बंद करने के बाद विकास को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। रेफर के बाद रोहतास के जमुहार स्थित निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने के दौरान युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घर के इकलौते बेटे विकास की मौत के बाद परिजनों पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है। उनका रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि विकास छुट्टी लेकर अपनी बहन की शादी में घर आया था। काफी धूमधाम से बहन की शादी भी हुई लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। वह बहन को विदा करने के 20 दिन के अंदर ही खुद इस दुनिया से विदा हो गया।

करंट लगने से युवक की मौत

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। पौथू थाना क्षेत्र के भारतीपुर गांव में करंट लगने से भगवान चन्द्रवंशी के छोटे पुत्र राजीव राज की मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि सुबह लगभग 10 बजे पंखा बना रहा था। इसी बीच लाईन आ गया और उसके चपेट में आने से राजीव राज की मौत हो गयी।घर में रो-रोकर बुरा हाल है। उसका दाह संस्कार गांव के ही घाट पर किया गया।

घर मे चाय पी रहे जदयू नेता की सर्पदंश से मौत, घर मे मचा कोहराम

निज संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। औरंगाबाद के गोह प्रखंड के हथियारा गांव मे गुरुवार को घर में बैठका चाय पी रहे जदयू नेता को विषैले सांप ने डस लिया। इसके बाद जदयू नेता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान हथियारा गांव निवासी स्व. यमुना सिंह के पुत्र विजय सिंह(61) के रूप मे की गई है। मृतक जदयू के जिला उपाध्यक्ष थे। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जदयू नेता के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विजय सिंह गुरुवार को अपने घर में चाय पी रहे थे। चाय पीने के बाद कप धोने को लेकर उन्होने जैसे ही मिट्टी उठाई, वैसे ही पास के सुराग(बिल) से एक सांप निकला और उनके दाहिना हाथ के बीच वाली अंगुली को डस लिया। इसकी जानकारी उन्होंने परिजनों को दी। आनन-फानन में उन्हे लेकर परिजन इलाज के लिए अरवल जिले के सदर अस्पताल अरवल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। *परिजनों का रोते-रोते हाल बेहाल*-पुलिस ने जैसे ही पोस्टमार्टम करा कर विजय सिंह के शव को परिजनों को सौपा, वैसे ही पूरा घर परिजनों की चीत्कार से दहल उठा। घर का माहौल गमगीन हो गया।

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। गुरूवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के टास्क फोर्स नीलम पत्र की समीक्षा बैठक की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उद्योग विमाग द्वारा संचालित योजनायें यथा प्रधानमंत्री रोजगारसृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-1-1&I) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा जिन बैकों द्वारा लक्ष्य से काफी कम या शुन्य आवेदन स्वीकृत किया गया है उन्हें अति-शीघ्र आवेदनों की स्वीकृति कर लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में बैंको द्वारा लक्ष्य से कम आवेदन स्वीकृत किए जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा असंतोषजनक व्यक्त किया गया साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-जे एंड आई) में भी लक्ष्य से कम आवेदन स्वीकृत किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, द्वारा बैंको से स्वंय भी आवेदन सृजित करने का अनुरोध किया। कुछ समन्वयक द्वारा पिछले वर्ष स्वीकृत ऋण आवेदन का अनुदान अभी तक लंबित होने की शिकायत की तथा कुछ आवेदक द्वारा ससमय कागजात जमा नहीं करने की बात कही। इस पर महाप्रबंधक द्वारा कहा गया कि सभी जिला समन्वयक अपने -अपने क्षेत्राधीन शाखा में लंबित अनुदान की सूची मुझे उपलब्ध कराएं जिससे कि केवीआईसी से समन्वय स्थापित कर अविलंब अनुदान बैंक को उपलब्ध कराई जा सके।

पीड़िता को डेढ़ लाख रुपए का चेक मिला

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)। जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने वेलफेयर बिल्डिंग इस्टेट का डेढ़ लाख का चेक महिला को सौंपा। दाउदनगर के इमामबाड़ा की कौशल्या देवी को चेक प्रदान किया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आवेदक को गलत प्रोत्साहन और गलत अभिप्रेरणा देकर पांच साल में दोगुनी राशि का लालच देकर पैसा लिया गया। परिपक्वता अवधि पूरी होने पर साल भर उन्हें दौड़ाया जाता रहा। इसके बाद महिला ने मजबूर होकर वकालतन नोटिस भेज कर 2 मार्च 2022 को उपभोक्ता अदालत में वाद दर्ज कराया।

आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए दिया गया सुझाव

निज संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सीश्री) के द्वारा ओबरा प्रखंड के सरसौली पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या-12 महथु गाँव में वार्ड सदस्य रेखा देवी के नेतृत्व में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत स्तनपान के प्रति महिलाओं के साथ बैठक कर जागरूक किया तथा शपथ दिलाई गई। डिब्बा दूध बंद करने तथा बच्चों को 0 से लेकर छह माह तक मां के दूध पिलाने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। वार्ड सदस्य रेखा देवी के द्वारा बताया गया कि हमें सभी कामों के साथ-साथ इस तरीके के कामों में भी भाग लेकर समुदाय को जागरूक करना होगा। आज विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर लोगों के बीच डिब्बा दुध बंद कर छह माह तक बच्चों को मां का दुध पिलाना होगा। जब तक इसके प्रति लोग जागरुक नहीं होंगे तब तक लोग मां का दूध को नहीं अपनाएंगे आज जरूरत है डिब्बा दुध बंद कर मां का दुध पिलाने के प्रति हम सभी को जागरूक करना होगा तथा अपनाना होगा। इस कार्यक्रम में सीश्री के प्रखंड समन्वयक ब्रज किशोर मंडल,सेविका भगवंती देवी मौजूद रहें।

धान की रोपनी कर रही महिला की वज्रपात से मौत

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। औरंगाबाद के गोह प्रखंड में देवकुंड थाना क्षेत्र के बिलारू गांव में गुरुवार की शाम खेत में धान की रोपाई कर रही एक महिला की मौत वज्रपात से हो गई। मृतका की पहचान बिलारू गांव निवासी कमलेश पासवान की पत्नी सरिता देवी(45) के रूप में की गई है। मामले की जानकारी मिलते ही देवकुंड थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक सरिता देवी गांव के ही राजदेव शर्मा के खेत में अन्य महिलाओं के साथ धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान बारिश होने लगी। तेज बारिश और गरज के साथ वज्रपात हुआ और खेत में ही सरिता देवी की मौत हो गई। इसकी जानकारी गांव के ग्रामीणों को हुई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है।

हड़ताल के 9वें दिन अनुबंध कर्मियों ने किया रेफरल अस्पताल पर प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई।

निज संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। फेस रिकॉग्निशन अटेंडेंस सिस्टम यानी ऐप से हाजिरी बनाने के विरोध में और समान काम-समान वेतन की मांग को लेकर बिहार चिकित्सा एवं जन कर्मचारी संघ के आह्वान पर बेमियादी हड़ताल पर चल रही हसपुरा रेफरल अस्पताल के एनएचएम कर्मियों ने गुरूवार को भी कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। उनके अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज 9वां दिन है। पिछले 9 दिनों से वें लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर बैनर लगाकर धरना-प्रदर्शन का रहे है। प्रदर्शन के दौरान उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। अनुबंध कर्मियों ने बताया कि एनएचएम कर्मियों को ऐप पर फेस उपस्थित दर्ज करने का आदेश जारी किया गया है। एफआरएएस उपस्थिति बनाने में अनुबंध कर्मी असमर्थ हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल का नेटवर्क ठीक से काम नहीं करता है। उपस्थिति बनाने में काफी परेशानी हो रही है। पांच बजे तक क्षेत्र में हीं रहना पड़ता है। केंद्र पर सुविधाओं का घोर अभाव है। जब तक सरकार यह फरमान वापस नहीं लेती है, तब तक वें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। प्रदर्शन में रुपवती सिन्हा, काजल कुमारी, आरती कुमारी, पुनिता कुमारी, संगीता कुमारी, नूतन कुमारी, ज्योति कुमारी, सुषमा सोनम, पुष्पा कुमारी, अनुपम सिन्हा, प्रिया कुमारी, वीणा कुमारी, उषा कुमारी सहित अन्य अनुबंध कर्मी शामिल रहे।

जपला-नवीनगर रेलखंड का कार्य पूर्ण, होगा परिचालन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जपला-नवीनगर नवनिर्मित विद्युतीकृत रेलखंड का कार्य पूर्ण हो गया है और अब इस पर ट्रेनें दौड़ सकेंगी। 16 किमी. लंबे इस रेलमार्ग पर ट्रेनों के परिचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसको लेकर गुरुवार को रेलवे के पूर्वी सर्किल, कोलकाता के संरक्षा आयुक्त सुवोमोय मित्रा ने निरीक्षण का कार्य किया। बताया गया कि सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत 16 किमी. लंबे रेलखंड का निर्माण हुआ है। संरक्षा आयुक्त ने पहले जपला से नवीनगर तक मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्पेशल ट्रेन से जपला से नवीनगर तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। निरीक्षण के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने संरक्षा तथा सुरक्षा मानकों को पूरा करते हुए नवनिर्मित जपला-नवीनगर तीसरी रेल लाईन पर ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 291 किमी. लंबी सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना के लिए 2015-16 में 45 सौ करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। यह औरंगाबाद और झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है। यह परियोजना नवीनगर और टंडवा स्थित सुपर थर्मल पावर प्लांट को कोयले की निर्बाद्ध आपूर्ति के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। यह सोननगर में डीएफसी लाइन के साथ विलय के लिए फीडर मार्ग के रूप में भी काम करेगी। सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना को अलग-अलग चरणों में पूरा किया जा रहा है। बताया कि इस परियोजना के तहत अब तक 145 किमी रेलखंड का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष निर्माण कार्य प्रगति पर है।

किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने का निर्देश

ओबरा, (औरंगाबाद) (नि. सं.)। ओबरा प्रखंड परिसर के ई-किसान भवन में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रमुख शकुंतला देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उर्वरक विक्रेता भी शामिल हुए। बीएओ राजेश कुमार रंजन ने उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी दी। बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 30582 बोरा व 8437 बोरा डीएपी खाद उपलब्ध हुई थी, जिसमें 16109 बोरा यूरिया व 1263 बोरा डीएपी शेष है। दुकानदारों को कहा गया कि किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराएं। पिछले दिनों खाद की कालाबाजारी की बात प्रकाश में आई थी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा करते दुकानदार पकड़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी और उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

दाउदनगर में पुलिस पर हमला, अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को छुड़ाने की घटना, केस दर्ज

- पुलिस ने अवैध बालू खनन रोकने के लिए एक बालू लदे ट्रैक्टर को रोका।

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक गंभीर घटना घटित हुई, जिसमें अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस पर हमला किया गया और बालू लदे ट्रैक्टर को जबरन छुड़ा लिया गया। यह घटना दाउदनगर के सोनतटीय क्षेत्र में स्थित भूतनाथ मंदिर के पास हुई, जहां पुलिस अवैध खनन रोकने के लिए गई थी। सब इंस्पेक्टर रामायण कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने भूतनाथ मंदिर के पास एक बालू लदे ट्रैक्टर को रोका। जैसे ही ट्रैक्टर रोका गया, उसका चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। चालक ने क्षेत्रीय लोगों को सूचित कर दिया, जिसके बाद लगभग 20-25 लोग लाठी-डंडे, पत्थर, और अन्य हथियारों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर जानलेवा हमला किया और गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर फेंके। इस हमले के दौरान, हमलावरों ने पुलिस के कब्जे से ट्रैक्टर को छुड़ा लिया। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर रामायण कुमार द्वारा एक नामजद और 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में अमृत बिगहा निवासी लालबाबु पासवान का नाम शामिल है, जो हमले में शामिल था। पुलिस ने घटना का वीडियो भी बनाया था, जिससे पहचान में सहायता मिली। इस घटना ने राज्य में अवैध बालू खनन और इससे जुड़े अपराधों की गंभीरता को उजागर किया है। अवैध खनन में शामिल लोगों द्वारा पुलिस पर हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधारने और ऐसे अपराधों पर काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन और इस तरह की हिंसात्मक घटनाएं बढ़ रही हैं।इस घटना के बाद, पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच तेज कर दी है और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

काउंसलिंग में पहले दिन 128 में 127 शिक्षक हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की काउंसलिंग का कार्य गुरुवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में शुरू हो गया। जिले के 5381 शिक्षकों की काउंसलिंग होनी है। गुरुवार को 128 शिक्षकों की काउंसलिंग होनी थी, जिसमें 127 शिक्षक उपस्थित रहे। एक शिक्षक यहां अनुपस्थित रहे। सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों के कागजातों के सत्यापन को लेकर डीएम श्रीकांत शास्त्री ने यहां का निरीक्षण किया। उन्होंने काउंटर पर मौजूद शिक्षकों और कर्मियों से पूछताछ की। सही तरीके से सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश उन्होंने दिया। बताया गया कि कुल पांच स्लॉट में कार्य को बांटा गया है। पहला स्लॉट सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरा 10:30 बजे से 12 बजे तक, तीसरा 12 बजे से 1:30 बजे तक, चौथा 1:30 बजे से 3 बजे तक और पांचवा स्टॉल 3 बजे से 4:30 तक निर्धारित है। एक अगस्त से उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष, दो अगस्त से माध्यमिक शिक्षक, तीन अगस्त से स्नातक कोटि के सभी विषयों के शिक्षक, पांच अगस्त से मल कोटि के उर्दू, बांग्ला और शारीरिक शिक्षक और छह अगस्त से मूल कोटि के सामान्य शिक्षकों के सत्यापन का कार्य लगातार होना है। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, स्थापना डीपीओ दयाशंकर सहित डीआरसीसी प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि अनुपस्थित शिक्षक के बारे में वरीय स्तर से निर्णय लिया जाएगा। यहां विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच हो रही है। इसके अलावा वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। मेडिकल टीम की भी व्यवस्था भी की गई है। शिक्षकों और कर्मियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। शिक्षकों को मूल जाति प्रमाण पत्र, मूल दिव्यांग प्रमाण पत्र, मूल आधार कार्ड, नियोजन पत्र, मैट्रिक प्रमाण पत्र, इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र, स्नातक प्रमाण पत्र, स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र, डीएलएड या बीएड का प्रमाण पत्र, दक्षता बीटीईटी, एसटीईटी, टेट प्रमाण पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करना है। अभ्यर्थी अपने पैन कार्ड के साथ उक्त कागजातों की स्वअभिप्रमाणित प्रति लेकर आएंगे।

योगदान की तिथि से वरीयता होगी निर्धारित

शिक्षकों के कागजातों के सत्यापन को लेकर कई तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्ग वार, विषय वार, स्लॉट वार परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्षों की सूची शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। विभाग के द्वारा सूची अपलोड हो जाने के बाद ही सत्यापन का कार्य हो रहा है। अभ्यर्थियों की वरीयता विद्यालय में योगदान की तिथि के आधार पर निर्धारित की जाएगी। सत्यापन के समय शिक्षकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। स्टॉल के अनुसार काउंटर पर अभ्यर्थियों का नाम पुकारा जा रहा है। अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लेकर आएंगे। एसएमएस एवं ई शिक्षा कोष मोबाइल ऐप के माध्यम से टाइम स्लॉट की सूचना दी जाएगी। प्रत्येक विद्यालय से कार्यरत बल के सापेक्ष एक तिहाई शिक्षक अभ्यर्थी सत्यापन के कार्य में शामिल होंगे, ताकि विद्यालय की गतिविधि प्रभावित